26 अप्रैल, 2025
वैशाख, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शनिवार, वर्ष 10, अंक 186

सीएम हेमंत ने स्पेन चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों को झारखंड आने का न्योता दिया



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN

COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)

COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS

COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM

Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## पहलगाम हमला: दिल्ली से जम्मू-कश्मीर तक गतिविधियां बढ़ीं

# सीमा पर भारतीय जवानों की हलचल तेज

- सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंचे
- अमित शाह ने पाकिस्तानियों को निकालने का मुख्यमंत्रियों को दिये निर्देश
- राहुल गांधी पहलगाम हमले के घायलों से मिले
- पाकिस्तान ने गलती से सीमा पार गये बीएसएफ जवान को रिहा करने से किया इनकार
- कश्मीर में सर्च अभियान जारी, मुठभेड़ में एक आंतकी ढेर, आतंकियों के घर ध्वस्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**श्रीनगर/नयी दिल्ली।** पहलगाम में पर्यटकों पर हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाना शुरू कर दिया है। कूटनीतिक आक्रमण के तहत सिंधु जल समझौता रोकने समेत पांच फैसले लिये जा चुके हैं। घटना के तीसरे दिन भी जम्मू-कश्मीर से दिल्ली तक हलचल तेज रही। सीमा पर हलचल और जवानों की आवाजाही बढ़ गयी है। सीमावर्ती क्षेत्र के लोग किसी बड़ी घटना की आशंका में घिरे हैं। जम्मू-कश्मीर में सर्च ऑपरेशन तेज हुए हैं। सीमा पर बीएसएफ की गतिविधियां भी बढ़ी हैं। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचे। कांग्रेस नेता राहुल गांधी भी श्रीनगर पहुंचे। उन्होंने पहलगाम हमले में घायलों से मुलाकात की। वहीं, गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पाकिस्तानियों को निकालने की कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं पिछले दो दिनों से पाकिस्तान की हिरासत में बीएसएफ जवान को अभी कर रिहा नहीं किया गया है। सारी बातचीत विफल रही और पाकिस्तान ने जवान को छोड़ने से इनकार कर दिया है।

बताते चलें कि पहलगाम की बैसरन घाटी में 22 अप्रैल की दोपहर आतंकवादियों ने पर्यटकों पर फायरिंग की थी। हमले में 26 पर्यटक मारे गये थे, जबकि 10 से ज्यादा घायल हैं। हमले के तीन दिन बाद सेना ने बड़ा एक्शन लिया। जम्मू-कश्मीर के त्राल और अनंतनाग के बिजबेहरा में दो लश्कर आतंकियों के यहां सर्च ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के दौरान दोनों के घरों में रखा विस्फोटक ब्लास्ट कर गया। धमाके में आसिफ शेख और आदिल ठोकेर के घर पूरी तरह तबाह हो गये। सुरक्षा बल दक्षिण कश्मीर में संदिग्ध आतंकी मददगारों की पहचान में जुटे हैं। इधर, बांदीपोरा में सर्च ऑपरेशन के दौरान मुठभेड़ में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी को मार गिराया है। दो जवान भी घायल हैं।

बीएसएफ ने जम्मू क्षेत्र के ओक्टोरी पोस्ट पर सभी प्रकार की गतिविधियां रोक दी हैं। सरकार ने पहलगाम में पर्यटकों की क्रूर हत्या के बाद सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। इसके तहत आरएस पुरा सेक्टर स्थित ऑक्ट्रॉय पोस्ट पर हफ्ते के दो दिनों में होने वाली बीटिंग रिट्रीट सेरेमनी को भी स्थगित कर दिया गया है



## कठुआ में दिखे चार संदिग्ध, छापेमारी में महत्वपूर्ण दस्तावेज और सामग्री बरामद

**जम्मू (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ के चन्नी इलाके में रेलवे ट्रैक यार्ड के पास शुक्रवार को चार संदिग्ध व्यक्ति देखे गये हैं। इस बात की जानकारी कुछ महिलाओं ने दी। पुलिस और सुरक्षा बलों ने मौके पर पहुंच कर सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है और पूरे इलाके की घेराबंदी कर दी है। अभी तक इस मामले में अधिक जानकारी का इंतजार है। कठुआ पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। उनका कहना है कि जल्द ही इस मामले में अधिक जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। वहीं दूसरी तरफ सुरक्षा बलों ने शोपियां जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आतंकवादियों के सहयोगियों के घरों में सर्च ऑपरेशन चलाया हुआ है। यह अभियान आतंकवादियों और उनके नेटवर्क के खिलाफ चल रही कार्रवाई का एक भाग है। सूत्रों का कहना है कि इस अभियान का लक्ष्य आतंकवादी गतिविधियों में शामिल लोगों का पता लगाना है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करना है। सुरक्षाबलों ने कई संदिग्ध जगहों पर छापेमारी की है और कई जगहों से महत्वपूर्ण दस्तावेज और सामग्री बरामद की गयी है।

### सेना प्रमुख ने स्थिति की ली जानकारी

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी श्रीनगर पहुंच गये हैं। वहां उन्हें 15 कॉर्प्स कमांडर ने घाटी की सुरक्षा स्थिति और आतंकवाद के खिलाफ चल रही कार्रवाई की जानकारी दी। सेना अधिकारियों ने बताया कि जनरल द्विवेदी को पाकिस्तानी सेना द्वारा एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन की कोशिशों और भारत की तरफ से की जा रही जवाबी कार्रवाइयों पर भी जानकारी दी गयी।

## पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और वापस भेजें : अमित शाह




केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बात की। उन्होंने सभी से अपने-अपने राज्यों में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करने और उनकी शीघ्र पाकिस्तान वापसी सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाने को कहा। शाह ने कई मुख्यमंत्रियों से बात कर ली है और बाकियों से भी वे बात कर रहे हैं। इस बीच राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने पहलगाम आतंकी हमले की निंदा की है। सूत्रों के मुताबिक, अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को फोन किया और उनसे यह सुनिश्चित करने को कहा कि कोई भी पाकिस्तानी नागरिक देश छोड़ने के लिए निर्धारित समय सीमा से आगे भारत में न रहे। भारत ने गुरुवार को 27 अप्रैल से पाकिस्तानी नागरिकों को जारी किये गये सभी वीजा रद्द करने की घोषणा की थी। पाकिस्तान में रहने वाले भारतीय नागरिकों को जल्द से जल्द घर लौटने की सलाह दी गयी थी। मुख्यमंत्रियों को यह भी कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों की पहचान करें और उनका निर्वासन सुनिश्चित करें।

## आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, हम उन्हें हरा देंगे : राहुल गांधी



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को श्रीनगर में पहलगाम हमले में घायल लोगों और उनके परिजन से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, हम उन्हें हरा देंगे। हर भारतीय एकसाथ है। उन्होंने कहा कि मैं यहां हालात देखने आया हूं। जम्मू-कश्मीर के सभी लोगों ने हमले की निंदा की है। उनका देश को पूरा समर्थन है। मैंने घायल लोगों से मुलाकात की। जिन्होंने भी अपने परिवार का सदस्य खोया है, उन सबके साथ मेरी संवेदनाएं हैं। हमने कल सरकार के साथ बैठक की थी। पूरे विपक्ष ने एकजुट होकर हमले की निंदा की। हमने कहा कि सरकार जो भी फैसला लेगी, हम उसके साथ हैं। आतंकी घटना के पीछे यही मकसद था कि समाज को तोड़ा जाये, भाई को भाई के खिलाफ लड़ाया जाये। आतंकी कितनी भी कोशिश कर लें, हम उन्हें हरा सकते हैं।

## केंद्र ने कहा, पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं देंगे



सिंधु जल समझौता स्थगित करने का फैसला तीन फेज में होगा, तीन तरह की रणनीति बन रही

जल शक्ति मंत्रालय की गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के साथ सिंधु जल समझौता स्थगित करने पर शुक्रवार को जल शक्ति मंत्रालय की बैठक हुई। इसे तीन चरणों में पूरा करने का फैसला लिया। बैठक के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने बताया कि इसे लेकर तीन तरह की रणनीति बना रहे हैं। पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं मिलेगा। बैठक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घर पर हुई। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल शामिल हुए थे। हालांकि, तीन चरणों और तीन तरह की रणनीति के बारे में कोई जानकारी नहीं दी गयी। बताते चलें कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद 23 अप्रैल को केंद्र सरकार ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित करने का फैसला लिया था।

**उमर अब्दुल्ला बोले, हम कभी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं थे :** उधर, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने श्रीनगर में आज कहा, भारत सरकार ने कुछ कदम उठाये हैं। जहां तक जम्मू-कश्मीर का सवाल है, हम कभी भी सिंधु जल समझौते के पक्ष में नहीं रहे हैं। हमारा हमेशा से मानना रहा है कि सिंधु जल संधि जम्मू-कश्मीर के लोगों के लिए सबसे गलत दस्तावेज है। इससे कश्मीर को नुकसान है।

**भारत ने पाकिस्तान को भेजा पत्र:** भारत की तरफ से पाकिस्तान को चिट्ठी भेजकर सिंधु जल संधि को स्थगित करने की आधिकारिक जानकारी दे दी गयी है। भारत में जल शक्ति मंत्रालय की सचिव देवश्री मुखर्जी ने पाकिस्तानी जल संसाधन मंत्रालय के सचिव मुर्तजा को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि यह संधि अच्छे संदर्भ में की गयी थी, लेकिन अच्छे रिश्तों के बिना इसे बनाये नहीं रखा जा सकता। वहीं, पाकिस्तानी सरकार ने कहा कि अगर भारत सिंधु जल समझौते को रोकता है, तो इसे 'एक्ट ऑफ वॉर' यानी जंग की तरह माना जायेगा।

### पाक को भेजे गये पत्र का सार

- भारत सरकार की तरफ से पाकिस्तान सरकार को नोटिस भेजा जा रहा है, जिसमें संधि के अनुच्छेद 12(3) के तहत सिंधु जल संधि 1960 में संशोधन की मांग की गयी है। इस पत्र में उन मुद्दों का हवाला दिया गया है जिसके चलते समझौते पर दोबारा विचार करने की आवश्यकता है।
- संधि के बाद से अब तक जनसंख्या में काफी बदलाव हुआ है। ऐसे में क्लीन एनर्जी डेवलपमेंट में तेजी लाने के लिए कुछ बदलाव करने जरूरी हो जाते हैं।
- किसी भी समझौते में सबसे जरूरी होता है कि उस संधि का सम्मान किया जाये। इसके बजाय पाकिस्तान की तरफ से केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर को निशाना बनाकर सीमा पार आतंकवाद जारी है।
- सुरक्षा से जुड़ी अनिश्चितताओं ने संधि के तहत भारत के अपने अधिकारों को बाधित किया है। इसके अलावा भारत के अनुरोध पर पाकिस्तान ने कोई रिएक्शन नहीं दिया। इस प्रकार उसने संधि का उल्लंघन किया है।
- इसलिए भारत सरकार ने निर्णय लिया है कि सिंधु जल संधि 1960 को तत्काल प्रभाव से स्थगित किया जाता है।

## न्यूज रील्स

### पहलगाम हमले के बाद पहला जुमा: नमाजियों ने काली पट्टी बांधी

नयी दिल्ली। पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद शुक्रवार को पहले जुमे पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने काली पट्टी बांधकर नमाज पढ़ी। नमाज के बाद आतंकी घटना के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। पाकिस्तान और आतंकियों का पुतला जलाये गये। साथ ही हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी गयी। लखनऊ में टीले वाली मस्जिद के शाही इमाम मौलाना कारी सैयद फजलुल मन्नान रहमानी ने नमाज के बाद कहा कि पीएम मोदी जो भी फैसला करेंगे, हम सब उनके साथ हैं और उनके हर फैसले का समर्थन करेंगे। भोपाल में प्रदर्शन के दौरान मुस्लिमों ने कहा कि प्रधानमंत्री से हमारी अपील है कि पाकिस्तान बॉर्डर खोल दो और हिंदुस्तान के मुसलमान को बॉर्डर पर छोड़ दो। हम साबित कर देंगे कि देश के मुसलमान वफादार हैं। आतंकवाद किसी धर्म या देश का प्रतिनिधित्व नहीं करता, आतंकियों को सख्त सजा मिलनी चाहिए।

### पाकिस्तान के विदेश मंत्री ने आतंकियों को कहा 'फ्रीडम फाइटर्स'

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहलगाम हमले के आतंकियों को 'स्वतंत्रता सेनानी' कहा है। डार ने कहा हमें शुक्रगुजार होना चाहिए कि ये तो 'फ्रीडम फाइटर्स' भी हो सकते हैं। हालांकि हम नहीं जानते कि ये कौन हैं। मुझे लगता है कि भारत अपनी नाकामी और अपनी घरेलू राजनीति के लिए पाकिस्तान पर इल्जाम लगा रहे हैं। इशाक डार पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री भी हैं। उन्होंने कहा कि अगर भारत के पास इस हमले में पाकिस्तान के शामिल होने का कोई सबूत है, तो इसे दुनिया के सामने पेश करे। डार ने कहा कि भारत बार-बार पाकिस्तान पर ऐसी घटनाओं का आरोप लगाता रहा है। इस बार भी भारत ने वही खेल खेला है। डार ने कहा, इन हालात को देखते हुए मैंने बांग्लादेश और अफगानिस्तान की अपनी यात्राएं रद्द कर दी हैं, ताकि हम कूटनीतिक प्रतिक्रिया तैयार कर सकें। भारत की बढ़ती आक्रामकता को लेकर विदेश मंत्री डार ने कहा कि पाकिस्तान भी भारत की तरह कदम उठायेगा। डार ने कहा कि अगर कोई भी दुस्साहस करने की कोशिश करता है, तो पाकिस्तान की सेना ऐसी चुनौती का जवाब देने के लिए तैयार है। वे पहले भी कोशिश कर चुके हैं और असफल रहे हैं। इसलिए इस बार उनके लिए यह और भी बुरा होगा। डार ने सिंधु जल समझौता रद्द करने पर भारत को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि यह जंग के समान है। पाकिस्तान में 24 करोड़ लोगों को पानी की जरूरत है। आप इसे रोक नहीं सकते। इस पर अगर भारत पानी को मोड़ने की कोशिश करता है, तो यह जंग के समान माना जायेगा।

# हिमाचल राजभवन से हटाया गया शिमला समझौते के ऐतिहासिक टेबल पर रखा पाकिस्तान का स्मृति झंडा




आजाद सिपाही संवाददाता

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश राजभवन से शिमला समझौते के ऐतिहासिक टेबल पर रखा पाकिस्तान का स्मृति झंडा हटा दिया गया है। दो जुलाई 1972 को भारत और पाकिस्तान के बीच बेहतर संबंध बनाने के लिए शिमला में समझौता हुआ था। बार्नेस कोर्ट (अब राजभवन) में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाक राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो ने समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। शिमला समझौते वाले टेबल पर भारत और पाकिस्तान के झंडों के साथ पुरानी छाया चित्र रखकर यादें संजोयी गयी थीं। पाकिस्तान की ओर से समझौता रद्द करने का बयान आने के बाद राजभवन ने टेबल पर मुंह चिढ़ा रहा पाकिस्तान का झंडा हटा दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद अब शिमला समझौते की याद में टेबल पर सिर्फ तिरंगा रखा गया है।

### 2 जुलाई 1972 को हुआ था शिमला समझौता

भारत और पाकिस्तान के बीच दो जुलाई 1972 को शिमला समझौता हुआ था। इस समझौते पर हस्ताक्षर करने के लिए इस्तेमाल किया गया टेबल राजभवन में धरोहर के तौर पर रखा गया है। राजभवन आने वाले हर व्यक्ति की नजर बरबस ही टेबल पर जाती है। यहां आने वाले सभी लोग टेबल के साथ फोटो भी लेते हैं। टेबल पर भारत और पाकिस्तान के झंडे स्मृति के तौर पर रखे गये थे। जिस ओर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी बैठी थीं, वहां भारत का तिरंगा और जिस ओर तत्कालीन पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फिकार अली भुट्टो बैठे थे, वहां पाकिस्तान का झंडा परचम-ए-सितारा रखा गया था। अब इस टेबल की शान केवल तिरंगा बढ़ा रहा है। पाकिस्तान के झंडे को राजभवन सचिवालय ने हटा दिया है।

### क्या है शिमला समझौता

1971 में भारत-पाक युद्ध के बाद पाकिस्तान के 90 हजार से ज्यादा सैनिकों को युद्ध बंदी बनाया गया था। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में सुधार, पाक युद्ध बंदियों को छुड़ाने की कवायद शुरू हुई। फिर दोनों देशों के बीच बेहतर संबंध के लिए शिमला में एक समझौता हुआ। दोनों देशों ने 17 सितंबर 1971 को युद्ध विराम के रूप में मान्यता दी। तय हुआ कि इस समझौते के 20 दिनों के अंदर दोनों देशों की सेनाएं अपनी-अपनी सीमा में चली जायेंगी। दोनों देशों/सरकारों के अध्यक्ष भविष्य में भी मिलते रहेंगे। संबंध सामान्य बनाये रखने के दोनों देशों के अधिकारी बातचीत करते रहेंगे। दोनों देश सभी विवादों और समस्याओं के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सीधी बातचीत करेंगे। तीसरे पक्ष द्वारा कोई मध्यस्थता नहीं की जायेगी। यातायात की सुविधाएं स्थापित की जायेंगी, ताकि दोनों देशों के लोग आसानी से आ-जा सकें। जहां तक संभव होगा, व्यापार और आर्थिक सहयोग फिर से स्थापित किए जायेंगे।

### भारत आतंकी हमले की तैयारी कर रहा : पाक

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने आरोप लगाया कि भारत जंग करने और पाकिस्तानी शहरों में आतंकी हमले की तैयारी कर रहा है, लेकिन हम इसका जवाब देने को तैयार हैं। यदि हमारे लोगों को खतरा हुआ तो हम जवाबी कार्रवाई करेंगे। अगर हमारे एक भी नागरिक को नुकसान पहुंचा, तो भारत भारी कीमत चुकायेगा। तब भारत को भी पता चल जायेगा कि हम कैसे जवाब देते हैं। रक्षा मंत्री आसिफ ने कहा कि पाकिस्तान में आतंकवाद का निर्यात किया जा रहा है। अफगानिस्तान से जो कुछ भी हो रहा है या फिर बलूचिस्तान में जो हो रहा है, उसके पीछे भारत का हाथ है। उन्होंने कहा कि भारत ने कनाडा और अमेरिका में आतंकवाद फैलाया है। दोनों देश इस पर आपत्ति जता चुके हैं। अल्लाह का शुक्र है कि पाकिस्तान पर ऐसे कोई आरोप नहीं है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने शुक्रवार को ब्रिटिश अखबार 'द स्काई' को इंटरव्यू दिया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 80,200 रु./10 ग्राम
चांदी 100,000 रु./प्रति किलो



# विमानन कंपनियों के लिए अवसर बन गया पहलगाम हमला

- आतंकी हमले के बाद श्रीनगर से लौटने का टिकट हुआ चार गुना तक महंगा
- एक तरफ कश्मीरी मुफ्त में सहायता करते नजर आये, वहीं विमानन कंपनियां आपदा में अवसर ढूंढ़ रही थीं
- हमले में किसी ने पति खोया, किसी ने बेटा, लेकिन इन कंपनियों की लालच भरी लार टपकती रही
- किराया कम करने के सरकार के निर्देश का भी नहीं हो रहा है कोई असर

आजाद सिपाही विशेष

**पहलगाम में आतंकी हमले और 28 निर्दोष सैलानियों की बर्बर हत्या के बाद कश्मीर घाटी से लौटने के लिए पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी है और विमान तथा रेलवे टिकट लेने के लिए अफरा-तफरी मच गयी है। देश पर हुए इस आतंकी हमले के संकट के बीच विमानन कंपनियों ने इसे अपने लिए अवसर मानते हुए टिकट के दाम चार गुना से अधिक तक बढ़ा दिये हैं। आज भी देश के किसी भी हिस्से से श्रीनगर जाने का किराया यदि 10 हजार रुपये है, तो वापसी का किराया 30 हजार रुपये तक हो गया है। विमानन कंपनियों के इस मनमाने रवैये पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है। भारत सरकार के नागर विमानन विभाग द्वारा विमानन कंपनियों को टिकट के दाम नहीं बढ़ाने का निर्देश जारी किये जाने के बावजूद किराये पर कोई असर नहीं हो रहा है। इतना ही नहीं, डीजीसीए ने विमानन कंपनियों को टिकट रद्द करने और दोबारा शेड्यूल करने पर शुल्क नहीं लगाने के आदेश दिये हैं। इसका भी कोई असर विमानन कंपनियों पर नहीं हो रहा है। भारत में विमानन कंपनियों की मनमानी, घटिया सेवा और बेलगाम व्यवहार कोई नयी बात नहीं है, लेकिन राष्ट्रीय आपदा के समय इस तरह की मुनाफाखोरी को शर्मनाक और देशविरोधी कृत्य ही माना जा सकता है। विमानन कंपनियों के इस रवैये से साफ जाहिर होता है कि उन्हें न तो देशहित से कोई मतलब है और न ही सरकार के निर्देशों की परवाह है। उन्हें मतलब सिर्फ अधिक से अधिक मुनाफा कमाने से है, चाहे इसके लिए उन्हें कुछ भी करना पड़े। विमानन कंपनियों का यह रवैया कहीं से भी उचित नहीं है। भारतीय विमानन कंपनियों के इस मनमाने रवैये का क्या हो रहा है असर, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद एक ओर जहां घाटी में माहौल तनावपूर्ण है, वहीं दूसरी ओर श्रीनगर से बाहर निकलने की कोशिश कर रहे सैलानियों को हवाई किराये में जबरदस्त वृद्धि का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि श्रीनगर से दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों और रांची, रायपुर, इंदौर, भोपाल, पटना जैसे छोटे शहरों के लिए विमान किराया सामान्य दिनों से तीन से पांच गुना तक ज्यादा बढ़ गया है, और एयरलाइंस कंपनियां आपदा को अवसर समझकर स्थिति का फायदा उठाकर मनमाना किराया वसूल कर रही हैं। फिलहाल सामान्य दिनों में श्रीनगर से दिल्ली का एकतरफा किराया करीब चार हजार से छह हजार रुपये के बीच देखने को मिलता है, लेकिन पहलगाम में हुए हादसे के बाद यह 20 हजार से 28 हजार रुपये तक जा पहुंचा है। एक निजी एयरलाइंस कंपनी ने तो मौके को देखते हुए बिजनेस क्लास के लिए 62 हजार रुपये तक की रकम वसूली है। रांची से श्रीनगर का विमान किराया आम तौर पर सात हजार से नौ हजार रुपये के बीच होता है, जबकि अभी श्रीनगर से रांची का विमान किराया 26 हजार रुपये तक में मिल रहा है।


विमानन कंपनियों के इस मनमाने रवैये से हर कोई गुस्से में है। स्थानीय निवासी और पर्यटक दोनों इस मूल्यवृद्धि की घोर निंदा कर रहे हैं। श्रीनगर एयरपोर्ट पर भारी संख्या में भीड़ है और टिकट काउंटरों पर यात्रियों का गुस्सा भी देखने को मिल रहा है, जो स्वाभाविक भी है। सैलानी अब वहां से निकलने के लिए मुसीबत के समय में मोटी रकम भी चुकाने को तैयार हैं।

### सरकार ने टिकट का दाम नहीं बढ़ाने का दिया निर्देश

विमानन कंपनियों के इस रवैये पर सरकार ने भी गंभीर रुख अख्तियार किया। केंद्रीय नागर विमानन मंत्री केराम मोहन नायडू ने सभी विमानन कंपनियों के साथ आपात बैठक की और श्रीनगर रूट पर अचानक किराया बढ़ोत्तरी के खिलाफ कड़े निर्देश जारी किये। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सभी विमानन कंपनियां आम किराया स्तर बनाये रखें। यह निर्देश भी दिये गये कि हमले का शिकार हुए मृतकों के पार्थिव शरीर को उनके गृह राज्य तक पहुंचाने में राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासन का हाथ से हाथ मिलाकर पूरा सहयोग करें।

### बुकिंग रद्द करने वालों को पूरा पैसा देने का निर्देश

केंद्र सरकार ने होटल, ट्रांसपोर्ट, टूर, ऑनलाइन टूर ऑपरेटरों और ट्रैवल एजेंट एसोसिएशन को पत्र लिख कर टिकट बुकिंग रद्द करने पर पूरा पैसा वापस करने का निर्देश दिया। पत्र ?में कहा गया है ?कि जो पर्यटक जम्मू-कश्मीर की यात्रा रद्द करना चाहते हैं, उनकी बुकिंग रद्द करने की फीस न काटी जाये।




### निर्देशों का नहीं हुआ असर

सरकार के निर्देश का न तो विमानन कंपनियों पर कोई असर पड़ा और न दूसरे ऑपरेटरों पर। आज विमानन कंपनियों की वेबसाइट पर सर्च करने पर या तो टिकट के दाम बढ़े हुए हैं या फिर टिकट बिक चुके हैं। श्रीनगर से दिल्ली का किराया एक समय 50 हजार रुपये प्रति व्यक्ति के पार पहुंच गया था। हालांकि मंत्रालय के निर्देश के बाद किराये में थोड़ी कमी आयी, लेकिन टिकटों के दाम अभी भी 17 हजार के आसपास हैं। कुछ एयरलाइनों के दाम 23 हजार तक भी हैं।

### कई कंपनियों ने रद्दीकरण शुल्क माफ किया

वहीं कुछ विमानन कंपनियों, जैसे इंडिगो, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा और स्पाइस जेट ने घोषणा की है कि 20 अप्रैल तक बुक की गयी सभी श्रीनगर आने-जाने वाली उड़ान पर 30 अप्रैल तक के लिए रद्दीकरण और रीशेड्यूलिंग शुल्क माफ कर दिया गया है।

### विमानन कंपनियों का अमानवीय चेहरा

यहां यह भी सवाल उठता है कि विमानन कंपनियों का यह अमानवीय चेहरा आखिर कब तक बर्दाश्त किया जायेगा। पहलगाम हमले के बाद कश्मीर के होटल वाले, ऑटो-टैक्सी वाले, ढाबे वालों ने फंसे पर्यटकों के लिए सेवाएं जहां मुफ्त कर दीं, होटल वालों ने खाने के बदले पैसे नहीं लिये, ऑटो-टैक्सी वालों ने सवारियों को मुफ्त में गंतव्य तक छोड़ा, लेकिन विमानन कंपनियों को देखिये, उन्होंने आपदा में अवसर ढूंढ़ लिया था। कश्मीर से सैलानियों को वापस जाने के लिए मची आपाधापी से जहां आम कश्मीरी बेहद दुखी है, वहीं इन विमानन कंपनियों का रवैया बेहद अनुचित है। हालांकि यह पहली बार नहीं है, जब निजी कंपनियों-कारोबारियों ने आपदा के समय खूब मुनाफाखोरी की हो। आपको याद होगा कि कोरोना महामारी के समय निजी अस्पतालों, दवा विक्रेताओं और ऑक्सीजन बनानेवाली कंपनियों ने किस तरह की मुनाफाखोरी की थी। निजी अस्पतालों ने तो महामारी में मुनाफे का सारा रिकॉर्ड तोड़ दिया था। ऐसे में पहलगाम हमले के बाद निजी विमानन कंपनियों का यह अमानवीय रवैया दुखी करता है। विमानन कंपनियों का यह रवैया आपदा में अवसर ढूंढ़ने जैसा है और इस व्यवस्था का क्रूर मजाक है। एक ओर देश की जनता आतंकवाद से डरी-सहमी है, दूसरी ओर मुनाफाखोरी के दलाल किराया लूट रहे हैं। और सरकार का इन पर कोई नियंत्रण नहीं है। क्या यही न्यू इंडिया है, जहां संकट में भी राहत नहीं, सिर्फ लूट की खुली छूट है। जब जनता आतंकी हमले से डरी हुई है, तब क्या सरकार की जिम्मेदारी नहीं बनती कि वह जनता की मदद करे। हर किसी को समझना होगा कि भारत मुनाफे की मंडी नहीं, जनता का गणराज्य है। आपदा में अवसर की इस अमानवीय मानसिकता को बंद किया जाना चाहिए।

### एक तरफ कश्मीरी मुफ्त में सहायता करते नजर आर हे थे, दूसरी तरफ एविएशन कंपनियां आपदा में अवसर ढूंढ रही थीं

एकतरफ पहलगाम हादसे के बाद कश्मीर के होटल वाले, ऑटो-टैक्सी वाले, ढाबे वालों ने फंसे पर्यटकों के लिए सेवाएं जहां फ्री कर दीं। होटल वालों ने खाने के बदले पैसे नहीं लिये। ऑटो-टैक्सी वालों ने सवारियों को फ्री में गंतव्य तक छोड़ा। लेकिन हमारी एविएशन कंपनियों को देखिए, उन्होंने आपदा में अवसर ढूंढ लिया था। उन्होंने श्रीनगर से देश के विभिन्न एयरपोर्ट तक जाने वाले हवाई जहाज का किराया तीन से चार गुना ज्यादा बढ़ा दिया था। इसके बाद केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री और डीजीसीए ने उन्हें चेतावनी दी। लेकिन इसके बाद भी इसका असर थोड़े देर के लिए ही हुआ। आज फिर बढ़े हुए किराये दिख रहे हैं।

---

वक्फ कानून पर केंद्र सरकार का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

## कहा-धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं, सभी याचिकाएं खारिज की जायें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** वक्फ संशोधन कानून पर केंद्र सरकार ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। केंद्र ने कहा, 'वक्फ मुसलमानों की कोई धार्मिक संस्था नहीं बल्कि वैधानिक निकाय है।'

केंद्र ने वक्फ (संशोधन) की वैधता के खिलाफ दायर सभी याचिकाएं खारिज करने की मांग की। केंद्र ने कहा, अदालतें वैधानिक प्रावधान पर रोक नहीं लगा सकतीं, संवैधानिक वैधता की समीक्षा कर सकती हैं और निर्णय दे सकती हैं। संसद में बनाये गये कानूनों पर संवैधानिकता की धारणा लागू होती है। विधायिका द्वारा लागू की गयी विधायी व्यवस्था को बदलना स्वीकार नहीं है।

सुप्रीम कोर्ट ने 17 अप्रैल को 7 दिन के अंदर केंद्र से वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ दायर याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने को कहा था। इस मामले में अगली सुनवाई 5 मई को होगी।

### केंद्र के हलफनामें में 7 बड़ी दलीलें

- अफवाहें फैलायी जा रही हैं कि संशोधन से धार्मिक स्वतंत्रता के मौलिक अधिकारों को छीन लिया जायेगा। आप इस बिंदु पर विचार कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट किसी कानून की विधायी क्षमता और मौलिक अधिकारों के उल्लंघन के आधार पर समीक्षा कर सकता है।
- इस संशोधन कानून से किसी भी व्यक्ति के वक्फ बनाने के धार्मिक अधिकार में कोई हस्तक्षेप नहीं होता। केवल प्रबंधन और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस कानून में बदलाव किया गया है।
- संसद द्वारा पारित कानून को संवैधानिक रूप से वैध माना जाता है, विशेष रूप से संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की सिफारिशों और संसद में व्यापक बहस के बाद बने हुए कानून को।
- संसद ने अपने अधिकार क्षेत्र में काम करते हुए यह सुनिश्चित किया कि वक्फ जैसे धार्मिक बंदोबस्त का प्रबंधन किया जाये और उसमें जताया गया भरोसा कायम रहे।
- निजी और सरकारी संपत्तियों पर अतिक्रमण करने के लिए प्रावधानों का दुरुपयोग किया गया है।
- मुगल काल से पहले, आजादी से पहले और आजादी के बाद वक्फ की कुल जमीन 18 लाख 29 हजार 163 एकड़ थी। चौंकाने वाली बात यह है कि 2013 के बाद वक्फ भूमि में 20,92,072.536 एकड़ की वृद्धि हुई।
- वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 वैध विधायी शक्ति का वैध प्रयोग है।

## सुप्रीम कोर्ट बोला-राहुल को इतिहास-भूगोल नहीं मालूम

- सावरकर पर टिप्पणी के लिए लगायी फटकार
- जज बोले- स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ अनाप-शनाप न बोलें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वीर सावरकर पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस सांसद और विपक्ष के नेता राहुल गांधी को फटकार लगायी। कोर्ट ने कहा कि हम स्वतंत्रता सेनानियों के खिलाफ किसी को अनाप-शनाप बोलने की इजाजत नहीं दे सकते। उन्होंने हमें आजादी दिलायी और हम उनके साथ क्या व्यवहार कर रहे हैं।

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर आप आगे से ऐसा कोई बयान देंगे तो हम स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों के बारे में गैर-जिम्मेदाराना बयान मत दीजिए।

इसी के साथ सुप्रीम कोर्ट ने सावरकर पर टिप्पणी के मामले में राहुल के खिलाफ ट्रायल कोर्ट के समन पर रोक लगा दी। इलाहाबाद हाइकोर्ट ने 4 अप्रैल को समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया था। इसके बाद राहुल ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगायी थी।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने राहुल की याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई शुरू होते ही जस्टिस दत्ता ने राहुल की टिप्पणी पर आपत्ति जतायी, जिसमें उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर कहा था।

जस्टिस दत्ता ने पूछा कि क्या महात्मा गांधी को अंग्रेजों का नौकर कहा जा सकता है, क्योंकि उन्होंने भी वायसराय को लिखी अपनी चिट्ठियों में 'आपका वफादार सेवक' शब्द का इस्तेमाल किया था।

नेशनल हेराल्ड केसः सोनिया-राहुल को नोटिस से कोर्ट का इनकार

## इडी से कहा-चार्जशीट से कुछ दस्तावेज गायब हैं, जमा करिये, फिर फैसला करेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी, राहुल गांधी को नोटिस जारी करने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि आरोपियों का पक्ष सुने बिना हम नोटिस जारी नहीं कर सकते।

स्पेशल जज विशाल गोगने ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) की याचिका पर सुनवाई की। उन्होंने कहा, 'इडी की चार्जशीट में कुछ डॉक्यूमेंट्स भी गायब हैं। उन डॉक्यूमेंट्स को दाखिल करिये। उसके बाद नोटिस जारी करने पर फैसला करेंगे।'

इडी ने कांग्रेस के नेशनल हेराल्ड अखबार और एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में 9 अप्रैल को पहली चार्जशीट दाखिल की थी। इसमें सोनिया गांधी, राहुल गांधी, सैम पित्रोदा और सुमन दुबे को आरोपी बनाया था।



### इडी ने कहा- हम कुछ भी नहीं छिपा रहे

इडी ने कोर्ट से कहा कि हमारी तरफ से कुछ भी नहीं छिपाया जा रहा है। संज्ञान लिये जाने से पहले उन्हें अपनी बात रखने का मौका दिया जा रहा है। हम नहीं चाहते कि आदेश जारी करने में ज्यादा वक्त लगे। इसलिए कोर्ट को नोटिस जारी करना चाहिए। इस पर जज ने कहा कि जब तक कोर्ट इस बात से संतुष्ट नहीं हो जाती कि नोटिस की जरूरत है, वह कोई आदेश पारित नहीं कर सकती। आदेश जारी करने से पहले यह देखना होता है कि उसमें कोई कमी तो नहीं है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 2 मई की तारीख तय की है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 39.3 °c | 22.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.14 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.20 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# सीएम हेमंत ने स्पेन चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्यों को झारखंड आने का न्योता दिया



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में स्पेन की यात्रा पर गये उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मैड्रिड में स्पेन सरकार के आर्थिक मामलों, व्यापार और उद्यम मंत्रालय के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत की। इसके अलावा स्पेन के चैंबर ऑफ कॉमर्स और स्पेन इंडिया काउंसिल फेडरेशन के प्रतिनिधियों से भी अलग-अलग बातचीत हुई। बातचीत के दौरान लगातार वार्ता, सूचनाओं के आदान-प्रदान और अधिक द्विपक्षीय यात्राओं के जरिये भारत-स्पेन निवेश और व्यापार को नयी ऊंचाई पर ले जाने पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने चैंबर ऑफ कॉमर्स और काउंसिल के सदस्यों को राज्य में निवेश के अवसर तलाशने के लिए झारखंड आने का न्योता दिया।

# कल्पना सोरेन ने दो एनजीओ के अधिकारियों से बातचीत की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा की महिला और बाल विकास समिति की अध्यक्ष कल्पना मुर्मू सोरेन ने स्पेन में फंडेसन एस्पराजा वाइ अलेग्रिया की अध्यक्ष मारिया मोरेनो और उपाध्यक्ष रामिरो माटो से मुलाकात की। इसके अलावा उन्होंने फाउंडेशन कलरेस डी कलकत्ता की निदेशक मारिया डी मंस यनजेंगा से भी मुलाकात की। ये दोनों गैर-सरकारी संगठन भारत में शिक्षा, स्वास्थ्य और



महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। मुलाकातों के दौरान इस बात पर विचार किया गया कि झारखंड सरकार की विभिन्न पहलों में गैर-सरकारी संगठन कैसे भागीदारी निभा सकते हैं।

# मंत्री इरफान अंसारी ने काली पट्टी बांध कर आतंकी हमले का किया विरोध

- जुमे की नामज में आतंकी हमले में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ मांगी
- लोगों से एक मंच पर आकर आतंकवाद का विरोध करने की अपील की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने जुमे की नमाज के दौरान काली पट्टी बांधकर पहलगाम आतंकी हमले को लेकर विरोध दर्ज किया. उन्होंने आतंकी हमले में जान गंवाने वालों की आत्मा की शांति और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ मांगी।

**भारत की आत्मा पर किया गया हमला :** मंत्री इरफान अंसारी ने



पहलगाम आतंकी हमले को दिल दहलाने वाली घटना बताया और कहा कि यह हमला केवल हमारे लोगों पर नहीं, बल्कि भारत की आत्मा पर किया गया है।

उन्होंने सरकार से कड़ी कार्रवाई की मांग की और कहा कि सरकार को इसका बदला लेना चाहिए ताकि प्रत्येक भारतवासी के अंदर जो गुस्सा है, उसे कम करने का प्रयास किया जा सके। मंत्री ने कहा कि यह एक गंभीर मुद्दा है जिस पर ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से एक मंच पर आकर आतंकवाद का विरोध करने की अपील की।

### देश में धर्म के नाम पर हो रही हिंसात्मक घटना पर प्रदेश अध्यक्ष ने बड़ा बयान दिया

# काश विभाजन के समय बाबा साहब की बात मान ली गयी होती : बाबूलाल मरांडी

- दुमका में भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान सह संगोष्ठी कार्यक्रम

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने देश में धर्म के नाम पर हो रही हिंसात्मक घटना पर बड़ा बयान दिया है। पार्टी के अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा आयोजित भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान सह संगोष्ठी कार्यक्रम में दुमका पहुंचे।

इस मौके पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बाबा साहब पहले तो देश का विभाजन ही नहीं चाहते थे। बाद में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर धर्म के आधार पर भारत का विभाजन हो रहा है तो आबादी का भी इसी आधार पर ट्रांसफर हो जाना चाहिए। धर्म के आधार पर पाकिस्तान बन रहा है तो मुस्लिम को वहां भेज देना चाहिए। बाबा साहब अंबेडकर की बातों को अगर उस वक्त मान लिया गया होता तो आज देश में जो घटनाएं घट रही हैं वह नहीं घटतीं।

शुक्रवार को दुमका के केबी वाटिका में भारतीय जनता पार्टी



के अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान सह संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन सहित कई नेता और काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

बाबूलाल मरांडी ने बाबा साहब के देश के प्रति किये गये योगदान की चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आप सभी बाबा साहब के संविधान का अक्षरशः पालन करते हुए उनके बताये गये मार्गों पर चलें। बाबूलाल मरांडी ने कांग्रेस पर भी जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी की जब सत्ता चली गयी तो उन्होंने बाबा साहब के संविधान को ताक पर रख दिया और देश में इमरजेंसी लगा दी। ऐसे कई अवसर आये जब कांग्रेस के लोगों ने संविधान की धज्जियां उड़ाई। हाल के दिनों में लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा चुनाव या फिर सदन में इंडिया गठबंधन, जिसमें कांग्रेस प्रमुख है, यहां झारखंड मुक्ति मोर्चा है, उनके नेता संविधान की पुस्तक हाथ में लेकर घूमते हैं और भाजपा पर संविधान के अपमान करने का आरोप लगाते हैं।

वे दुष्प्रचार करते हैं कि भाजपा संविधान में छेड़छाड़ करेगी, आरक्षण को समाप्त करेगी पर ऐसा कुछ नहीं होने जा रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भीमराव अंबेडकर से जुड़े पांच स्थानों को तीर्थस्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है।

# हूल दिवस पर धर्मांतरण और घुसपैठियों के खिलाफ होगी निर्णायक आंदोलन की शुरुआत : चंपाई सोरेन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जमशेदपुर।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने राज्य में बढ़ रहे धर्मांतरण एवं बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ निर्णायक लड़ाई की घोषणा की है। रांची आवास पर आयोजित एक प्रेस कांग्रेस को संबोधित करते हुए उन्होंने एलान किया कि हूल दिवस (30 जून) के दिन वीर भूमि भोगनाडीह में आदिवासी समाज के अभिभावकों, धर्म गुरुओं, मांझी परगना, पाहन, मानकी-मुंडा, पड़हा राजा आदि के साथ हजारों की संख्या में आदिवासी समाज के लोग जुट कर, आंदोलन की शुरूआत करेंगे।

झारखंड में बढ़ते धर्मांतरण के मामलों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अगर धर्मांतरण को रोकने के लिए पहल नहीं हुई तो भविष्य में हमारे सरना स्थलों, देशाऊली एवं जाहेरस्थानों में पूजा करने वाला कोई नहीं बचेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिस किसी भी व्यक्ति ने आदिवासी परंपराओं एवं जीवन शैली को त्याग दिया अथवा दूसरे धर्म में विवाह कर लिया हो, उसे संविधान द्वारा हमें दिये गये आरक्षण में अतिक्रमण का कोई अधिकार नहीं है।

**घुसपैठिये आदिवासी समाज की जमीनों पर कब्जा कर रहे :** बांग्लादेशी घुसपैठियों के मुद्दे पर



## बाबा कार्तिक उरांव ने भी आरक्षण छीनने की मांग की थी

महान आदिवासी नेता बाबा कार्तिक उरांव को याद करते हुए उन्होंने कहा कि सन 1967 में उन्होंने संसद में डीलिस्टिंग विधेयक पेश किया था, जिसमें धर्म बदलने वाले आदिवासियों से आरक्षण छीनने की मांग की गयी थी। उस विधेयक को तत्कालीन सरकार ने संसदीय समिति को भेजा था, जिसने आदिवासियों के अस्तित्व की रक्षा हेतु डीलिस्टिंग को जरूरी बताया था। लेकिन इसके बाद भी, जब कुछ नहीं हुआ तो बाबा कार्तिक उरांव ने 322 सांसदों और 26 राज्यसभा सांसदों से अनुशंसा पत्र हस्ताक्षरित करवाया था, लेकिन इसके बावजूद, इसाई मिशनरियों के दबाव में तत्कालीन पीएम इंदिरा गांधी ने उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया था।

राज्य सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि शुतुरमुर्ग की तरह रेत में सिर गाड़ लेने से सच्चाई नहीं बदल जाती। पाकुड़, साहेबगंज एवं दुमका समेत अन्य जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठिये आदिवासी समाज की जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं, हमारी बेटियों को बहला-फुसला कर, अथवा धमकी देकर उनसे शादी कर रहे हैं, और उनके सहारे पिछले दरवाजे से हमारे समाज के लिए आरक्षित सीटों पर अतिक्रमण कर रहे हैं। इसे रोकना होगा। सीएनटी-एसपीटी एक्ट जैसे सुरक्षा कवच होने के बावजूद, इन्हें सैकड़ों एकड़ जमीनें कौन उपलब्ध करवा रहा है? इन्हें जमाई टोले बसाने में मदद करने वाले कौन लोग हैं?

हजारों वर्ष पुरानी आदिवासी सभ्यता के संघर्ष को याद दिलाते हुए उन्होंने कहा कि खेरवाड़ वीरों से लेकर बाबा तिलका मांझी, वीर सिदो-कान्हू, भगवान बिरसा मुंडा, टाना भगत, पोटो हो, तेलंगा खड़िया तक, जब हमारे समाज ने अपने अस्तित्व एवं आत्म-सम्मान की लड़ाई में किसी भी तरह का समझौता नहीं किया, तो आज हम कैसे झुक सकते हैं?

उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में आदिवासी अस्मिता की रक्षा हेतु चल रहे उनके अभियान को आदिवासी समाज का अपार समर्थन मिल रहा है। हूल दिवस के बाद यह आंदोलन तेज गति पकड़ेगा और लाखों लोग एकजुट होकर सड़कों पर आयेंगे, जिसके बाद समाज की भावना से केंद्र सरकार को अवगत करवाया जायेगा।

## राशिफल

**डॉ एनके बेरा** | 9431114351

**मेष** स्वास्थ्य में सुधार होगा व रोगों से छुटकारा मिलेगा, जमीन-जायदाद संबंधी विवादों का समाधान मिलेगा।

**वृष** विपरीत स्थितियों में सुधार होगा, प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा। लोकप्रियता का विस्तार।

**मिथुन** कार्यक्षेत्र में उन्नति होगी, लाभकारी वातावरण की शुरूआत है, नये काम में लाभ मिलेगा।

**कर्क** कारोबार में उन्नति व लाभ प्राप्त होगा,सदभावनाएं एवं शुभ संदेश प्राप्त होगा।

**सिंह** सभी समस्याएं सुलझेंगी एवं अनुकूल वातावरण की सृष्टि होगी, हर क्षेत्र में सपलता।

**कन्या** मित्रों व सहयोगियों से आशातीत सहयोग प्राप्त होगा, नई आशाओं का उदय होगा।

**तुला** दूर की यात्रा भाग्योदय में सहायक होगी, विविध समस्याओं का समाधान।

**वृश्चिक** राजनीतिक सम्पर्क प्रभाव बढ़ेगा, चिन्तित मनोरथ की सिद्धि होगी, बिजनेस में शुभ परिवर्तन।

**धनु** आत्मविश्वास की वृद्धि,रूके कामों में प्रगति,सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों के लिए कुछ कर दिखाने का पर्याप्त अवसर मिलेगा।

**मकर** विद्यार्थियों के लिए यह समय प्रेरणास्पद रहेगा।आजीविका संबंधी चिंता दूर होगी।

**कुंभ** लाभकारी प्रयास सफल होगा, स्वजन-मित्रों का सहयोग, स्वाभिमान और स्वावलम्बन बढ़ेगा।

**मीन** चिन्तनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी, परिश्रम का फल मिलेगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ रहेगा।

## लैंड स्कैम : तल्हा खान और मो अफसर अली की जमानत अर्जी खारिज

रांची (आजाद सिपाही)। लैंड स्कैम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के तीन आरोपियों की अलग-अलग जमानत याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट ने शुक्रवार को फैसला सुनाया है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की कोर्ट ने तीनों आरोपियों अमित कुमार अग्रवाल, तल्हा खान और मो अफसर अली की जमानत याचिका खारिज कर दी। सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की अवैध खरीद बिक्री मामले में अमित कुमार अग्रवाल और तल्हा खान आरोपी हैं, वहीं खेलगांव की जमीन से जुड़े फर्जीवाड़ा मामले (इसीआइआर 25/2023) में मोहम्मद अफसर अली आरोपी है। मामले में इडी की ओर से अधिवक्ता अमित कुमार दास, सौरभ कुमार एवं वरुण गिरधर ने पैरवी की थी। सेना की जमीन फर्जीवाड़ा मामले में इडी द्वारा अमित कुमार अग्रवाल और तल्हा खान के खिलाफ इसीआइआर 1/2023 दर्ज किया है। इसमें अमित कुमार अग्रवाल, तल्हा खान, छवि रंजन सहित 10 आरोपियों के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया जा चुका है। जमीन खरीद बिक्री मामले को लेकर बरियातू थाना में अमित अग्रवाल, छवि रंजन आदि के खिलाफ कांड संख्या 141 /2022 दर्ज किया गया है।

### सरकारी अस्पतालों में कर्मियों की अब कमी नहीं होगी

# अस्पतालों में उपलब्ध होंगी सभी आवश्यक मशीनें :अपर मुख्य सचिव

- सभी अस्पताल होंगे चकाचक, ओटी को मॉड्यूलर बनाया जायेगा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में सभी सिविल सर्जन और अस्पताल उपाधीक्षकों के साथ सदर अस्पताल एवं अन्य स्वास्थ्य केंद्रों के संचालन व्यवस्था पर वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से समीक्षा की।

अपर मुख्य सचिव ने सभी जिलों के सिविल सर्जन को निर्देश दिया है कि वह अतिशीघ्र अस्पताल में कर्मियों की कमी को पूरी करें। अपर मुख्य सचिव ने सभी को सदर अस्पताल से लेकर



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सभी प्रकार के आवश्यक उपकरण एवं मशीनों का आकलन कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। इसके लिए यदि राशि की आवश्यकता होगी तो विभाग से मांग की जा सकती है। उन्होंने विगत 6 माह के अंदर किये गये नवाचार प्रयोग, आयुष्मान भारत, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत किये कार्य और क्लेम, आने वाले 3 महीने में प्रारंभ की जाने वाली प्रक्रिया और विशेषज्ञ एवं अति विशेषज्ञ चिकित्सकों के पैनल निर्माण की भी समीक्षा की। सभी सिविल सर्जन को अति विशेषज्ञ/विशेषज्ञों का पैनल निश्चित रूप से इस माह के अंत तक तैयार कर लेने का निर्देश दिया गया। इस बैठक में ललित मोहन शुक्ला और विद्यानंद शर्मा पंकज के साथ अधिकारी भी मौजूद थे।

# नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड संजीव गिरफ्तार

- हजारीबाग था नीट पेपर लीक मामले में केंद्र बिंदु, कई अहम खुलासे होने के आसार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**हजारीबाग।** नीट पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड संजीव मुखिया पटना के सुगना मोड़ इलाके से गिरफ्तार कर लिया गया है। नीट पेपर लीक मामला का केंद्र बिंदु हजारीबाग रहा है। इसके गिरफ्तारी होने से यह आशंका लगायी जा रही है कि कई अहम बिंदुओं का अब खुलासा होगा। अब तक हजारीबाग से चार लोगों की गिरफ्तारी इस मामले में हो चुकी है। सीबीआइ की टीम हजारीबाग नीट पेपर लीक मामले में कई बार दस्तक दे चुकी है। इसकी गिरफ्तारी ने कहीं ना कहीं आने वाले दिनों में जो अन्य पहलू



छुपे हुए थे, इसका खुलासा हो सकता है। नीट प्रश्न पत्र लीक मामले में सीबीआइ 25 से 28 जून 2024 तक प्रश्न पत्र लीक मामले की कड़ी को हजारीबाग में खंगाली थी। अंततः अहम सबूत के साथ चार लोग जिसमें ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल एहसान उल हक, वाइस प्रिंसिपल, इम्तियाज आलम, रामनगर स्थित राज गेस्ट हाउस के संचालक राजकुमार सिंह उर्फ राजू और जमालुद्दीन को अपने साथ पटना ले गयी थी।

### बर्खास्त, निलंबित दो शिक्षकों को गलत भुगतान मामले में एक्शन

# पूर्व डीएसइ पर होगी कार्रवाई : आरडीडीइ

**कार्तिक कुमार**

**पाकुड़ (आजाद सिपाही)।** शिक्षा विभाग के दो लिपिक द्वारा बर्खास्त, सेवा निवृत और निलंबित दो शिक्षकों को नियम के विरुद्ध भुगतान के मामले में उक्त लिपिक पर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक ने कार्रवाई की है और उसे पाकुड़ से स्थानांतरित कर दिया है। वित्तीय अनियमितता का मामला पकड़े जाने पर डीसी मनीष कुमार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए उक्त दोनों लिपिक के साथ-साथ संबंधित पदाधिकारी पर भी कार्रवाई करने को कहा है। हालांकि क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दुर्गानंद झा ने डीसी के द्वारा उक्त मामले को बताये जाने पर त्वरित कार्रवाई करते हुए लिपिक बेलाल को जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय साहिबगंज और लिपिक सादिक को डाइट बरहेट में पदस्थापन कर दिया है। हालांकि दो निलंबित और बर्खास्त शिक्षक राजेंद्र प्रसाद पासवान प्राथमिक विद्यालय छोटा बास्को, अमरापारा और अब्दुल हन्नान बालक मध्य विद्यालय लिट्टीपाड़ा को उक्त अवधि का वेतन भुगतान करने में बगैर शिक्षा स्थापना समिति की बैठक से अनुमति लिये करने में तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक की भी भूमिका संदेहास्पद रही है। पूर्व डीएसइ मुकुल और लिपिक ने मिलकर वित्तीय अनियमितता को अंजाम देने का काम किया है, जो जांच का विषय है। इससे पूर्व तत्कालीन डीसी दिलीप झा के वक्त एमडीएम में लाखों की फर्जी निकासी का मामला पाकुड़ ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में सुर्खियों में रहा था। तकरीबन 42 लाख का फर्जीवाड़ा कर तत्कालीन जिला शिक्षा अधीक्षक अरुण कुमार और बाबू की मिलीभगत से हुआ था। परिणाम है कि उक्त जिला शिक्षा अधीक्षक अरुण कुमार का आज भी उनके पेंशन से 50% की कटौती की कार्रवाई चल रही है। पूरे मामले पर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक दुगार्नंद झा ने कहा कि यह बहुत ही गंभीर वित्तीय मामला है। डीसी के द्वारा बताये गये मामले पर तत्काल इस मामले में उक्त दोनों लिपिक पर त्वरित कार्रवाई कर उन्हें पाकुड़ से अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। साथ ही उस वक्त के जिला शिक्षा अधीक्षक पर भी स्पष्टीकरण की कार्रवाई की जा रही है।




आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in


# पहलगाम घटना के विरोध में निकाला आक्रोश मार्च




## सामाजिक संगठनों ने की कठोर कार्रवाई की मांग

## गंगा-जमुनी तहजीब की बात करने वाले सेक्युलर नेता ऐसी घटनाओं पर चुप्पी साधे हुए है : भैरव सिंह

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पहलगाम में हुए हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में शुक्रवार को आक्रोश मार्च निकाला गया। हिंदूवादी नेता भैरव सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भाग लिया। यह मार्च जिला स्कूल से अल्बर्ट एक्का चौक तक आयोजित किया गया था। भैरव सिंह ने कहा कि पहलगाम में आतंकियों ने हिंदुओं को धर्म के आधार पर निशाना बनाया और निर्ममता से उनकी हत्या की। उन्होंने आरोप लगाया कि आतंकियों ने हिंदुओं को निर्वस्त्र कर खतना चेक किया और कलमा पढ़ने को कहा जो बेहद निंदनीय है। भैरव सिंह ने सेक्युलर नेताओं पर भी निशाना साधा और कहा कि वे गंगा-जमुनी तहजीब की बात तो करते हैं, लेकिन ऐसी घटनाओं पर चुप्पी साध लेते हैं। अगर किसी की हत्या धर्म पूछकर की जाती है, तो वह केवल इंसानियत ही नहीं सेक्युलरिज्म की भी हत्या है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि इस तरह की घटनाओं पर कठोर कार्रवाई की जाये और आतंकवादियों के खिलाफ सख्त कदम उठाये जायें। इस अवसर पर रांची बजरंग दल के महानगर संयोजक विक्रम साहू, विश्व हिंदू परिषद के महानगर संयोजक कैलाश केसरी, विश्व रंजन, विकास सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति ने आक्रोश रैली निकाली



रांची (आजाद सिपाही)। श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति, रांची के अध्यक्ष जय सिंह यादव के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में महावीर चौक स्थित श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति के कार्यालय से संध्या 7 बजे आक्रोश रैली शांति मार्च के रूप में निकाली गयी। रैली में मुख्य रूप से लोग बाहों में काला बिल्ला लगाये हुए थे।सभी के हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद के पोस्टर थे। साथ ही पाकिस्तान की शैतानी हरकतों के विरोध में शांति मार्च में शामिल लोग नारे लगाते हुए चल रहे थे। हाथों में श्री महावीर मंडल, केंद्रीय समिति के बैनर के संग यह रैली गांधी चौक, शहीद चौक होते हुए अल्वर्ट एक्का चौक पहुंची। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति के अध्यक्ष जय सिंह यादव ने कहा जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए धर्म आधारित आतंकी हमले की हम कड़ी निंदा करते हैं। निर्दोष हिंदू नागरिकों की निर्ममता से की गयी हत्या पर रैली में शामिल लोग आक्रोशित थे। पूरा सनातन समाज इस निर्दोष हत्या से मर्माहत है। हम केंद्र सरकार से मांग करते हैं दोषियों को पकड़कर कड़ी से कड़ी सजा देकर फांसी पर चढ़ा देना चाहिए। साथ ही साथ इस षड्यंत्र में जो भी विदेशी ताकतें शामिल हैं। उनको भी सबक सिखाने का अब समय आ गया है। पहलगाम में नृशंस आतंकवादी हमले से कहीं ना कहीं हर सनातनी और भारत के एक-एक ब्यक्ति का हृदय आहत हुआ है। इस घटना की जितनी भी भर्त्सना की जाये कम है । इस जघन्य कृत्य से हम सभी भारतवासी आहत हुए हैं और हम चाहते हैं भारत सरकार एक कठोर कदम उठाकर आतंकी हमले को अंजाम देने वाले हत्यारे को किसी भी हालत में ना छोड़े। फिरायालाल पहुंचकर सभी लोगों ने हमले में जान गंवाने वाले सभी मृतकों के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए ईश्वर से प्राथना की उनके परिवार जनों को इस कठिन समय में धैर्य और साहस प्रदान करे। सनातन समाज उनके साथ है। श्री महावीर मंडल केंद्रीय समिति रांची, भारत सरकार से यह मांग करता है कि सरकार इस कायराना हमले में शामिल सभी आतंकियों को कड़ी से कड़ी सजा दे और भारत को आतंकवाद से मुक्त करे। रैली में मुख्य रूप से अध्यक्ष जयसिंह यादव , राहुल सिन्हा चंकी, मंत्री सुभाष कुमार साहू, उदय रविदास, संतोष गुप्ता, बलिराम प्रसाद, प्रमोद सारस्वत, सुनील वर्मा ,राकेश सिंह, दीपक ओझा, बिंदुल वर्मा, शंकर साहू, सागर कुमार ,प्रेम सिंह, प्रेम चौधरी,गोपाल पारीक, संजय पोद्दार, शंकर दुबे, रवि कुमार पिंकू, राजकिशोर प्रसाद, दीपक यादव, प्रमोद श्रीवास्तव, राजू यादव, महेंद्र कुमार,सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में एकल अभियान की श्रद्धांजलि सभा

## आतंकी हमले का डट कर करेंगे मुकाबला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** पहलगाम आंतकी हमले के विरोध में शुक्रवार को एकल अभियान रांची द्वारा दिवंगत आत्माओं की शांति प्रदान करने हेतु श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बरियातू रोड स्थित आरोग्य भवन-1 में किया गया। इस अवसर पर एकल अभियान के केंद्रीय अभियान प्रमुख ललन शर्मा ने कहा कि एकल अभियान द्वारा दो लाख गांवों में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। आतंकवादियों द्वारा हिंदुओं के साथ जिस तरह का कुकृत्य किया गया है, हत्याएं की गयी हैं, वह अत्यंत दुखदायी है। इसका करारा जवाब देना ही पड़ेगा। दिवगंत आत्माओं की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वनबंधु परिषद रांची के सरंक्षक रमेश धरनीधरका ने कहा कि भारत को आतंकी हमले से एक बहुत बड़ी चनौती मिली है। जिसे प्रत्येक नागरिक को डटकर इसका मुकाबला करना होगा। प्रत्येक नागरिक को एक सैनिक की भूमिका निभानी होगी।

श्रद्धांजलि सभा का संचालन करते हुए एकल अभियान के वरिष्ठ केंद्रीय कार्यकर्ता अमरेंद्र विष्णपुरी ने कहा कि आतंकी हमले में दिवगंत आत्माएं देश की एकता व अखंडता को जागृत कर रही हैं। उनकी हुतात्माएं चित्कार कर ललकार रही हैं कि हिंदुओं एक हो जाओ, हिंदुस्तान से आतंकी हमले समाप्त करो। आतंकवाद मुक्त भारत का निर्माण करो। इस चुनौती के रूप में स्वीकार करते हुए प्रत्येक नागरिकों को आतंकी हमले के विरोध में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करना ही दिवगंत आत्माओं की सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

इस अवसर पर एकल फ्यूचर के अध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह, दिलीप महतो, नागेश्वर महतो, अभिजीत पांडेय, आशीष पांडेय, बाबूलाल गोप, केशव कुमार, गौतम कुमार आदि एकल अभियान के कार्यकर्ताओं ने कहा कि आतंकी हमले का हमसब डटकर मुकाबलर करेंगे।

# सेंट जेवियर्स कॉलेज में सांख्यिकी मंत्रालय की 75वीं वर्षगांठ मनी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के गणित एवं सांख्यिकी विभाग और सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग), रांची द्वारा 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। 75वीं वर्षगांठ की भव्य सफलता के लिए क्षेत्रीय कार्यालय रांची द्वारा सेंट जेवियर्स कॉलेज में 'आधिकारिक सांख्यिकी के बारे में जागरूकता बढ़ाने' के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के साथ-साथ सांख्यिकी क्षेत्रीय कार्यालय रांची ने पूरे झारखंड राज्य में ऑनलाइन स्लोगन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज के प्राचार्य डॉ फा रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे, सांख्यिकीय विभाग के झारखंड राज्य प्रमुख डॉ विनीत कुमार, उप महानिदेशक आशीष कुमार, उप निदेशक एवं कॉलेज के गणित एवं सांख्यिकी विभागाध्यक्ष डॉ रमन कुमार दास द्वारा की गयी। झारखंड राज्य प्रमुख विनीत कुमार और उप महानिदेशक आशीष कुमार ने बताया कि एनएसएस राष्ट्र की सेवा में सन 1950 से लगा हुआ है। विभाग अपने देशव्यापी प्रतिदर्श सर्वेक्षणों के माध्यम से विभिन्न सामाजिक आर्थिक पहलुओ पर एक मजबूत आंकड़ा आधार विकसित करने में सहायक रहा है। इस डेटाबेस से केंद्र एवं राज्य सरकारों को विकास संबंधी योजनाएं बनाने एवं नीति निर्धारण में सहायता मिलती है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने भी आकड़ों के महत्व पर जोर देते हुए शोध या राष्ट्र निर्माण के आंकड़ों पर भी प्रकाश डाला। इन आंकड़ो का मुख्य उदेश्य जीडीपी, अर्थात सकल घरेलू उत्पाद का निर्धारण, मंहगाई दर का निर्धारण, फसल उत्पादन की मात्रा, लोगों के रहन-सहन का स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि का स्तर का पता करना होता है। मौके पर कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, आइक्यूएसी डॉ शिव कुमार, क्षेत्रीय कार्यालय के वरीय सांख्यिकीय अधिकारी अल्बर्ट केरकेट्टा, ऋषि रोशन, रोहित कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह, कनीय सांख्यिकीय अधिकारी शशि जयकांत राज और कॉलेज के गणित विभाग के प्रो राकेश मिश्रा, प्रो वीरभद्र सिंह, प्रो नीतीश, प्रो सचिन कुमार का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम में 50 से ज्यादा विद्यार्थियों ने भाग लिया।

# भारतीय संगीत की सुरमयी छाया में सरला बिरला पब्लिक स्कूल

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को स्पिकमैके के सहयोग से संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था छात्रों में भारतीय शास्त्रीय संगीत और संस्कृति के प्रति प्रेम और समझ को बढ़ावा देना। इस कार्यक्रम में सुप्रतीक सेन गुप्ता ने प्रस्तुति दी, जो एक प्रसिद्ध सितार वादक हैं, जिन्होंने कई पुरस्कार जीते हैं और वे पद्म भूषण पंडित बुद्धदेव दास गुप्ता और पार्थ प्रतिम चटर्जी के शिष्य हैं। उनके साथ बनारस घराने के भारत के प्रमुख तबला वादक बिस्वजीत पाल भी थे। उन्होंने सितार पर विभिन्न रागों की सुंदर धुनें प्रस्तुत कीं, जिनमें तबले की मोहक संगत भी शामिल थीं। उनकी प्रस्तुति ने छात्रों और शिक्षकों को पूरी तरह से मंत्रमुग्ध कर दिया। यह आयोजन छात्रों के लिए एक अनमोल अवसर साबित हुआ, जहां उन्होंने न सिर्फ भारतीय शास्त्रीय संगीत के स्वरूप को करीब से जाना, बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से भी रूबरू हुए। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम न सिर्फ छात्रों को हमारी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ते हैं, बल्कि उन्हें अपनी जड़ों से जुड़े रहने की भावना भी देते हैं।

## मेन रोड समेत कई इलाकों में आज तीन घंटे नहीं रहेगी बिजली

रांची (आजाद सिपाही)। राजधानी रांची के मेन रोड, कोकर, चुटिया, कोकर ग्रामीण, कोकर शहरी, नामकुम विकास, खेलगांव और रिम्स के इलाकों में शनिवार को तीन घंटे तक बिजली नहीं रहेगी। यह जानकारी जेवीबीएनएल के वरीय प्रबंधक सुनील कुमार ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि शनिवार को सुबह आठ बजे से सुबह 11 बजे तक बिजली नहीं रहेगी। उन्होंने बताया कि जेवीबीएनएल की ओर से शनिवार को 132/33 केवी ग्रिड सब स्टेबशन, नामकुम के 132 केवी मेन बस की मरम्मत का कार्य किया जायेगा। इसलिए इन इलाकों में तीन घंटों तक बिजली सेवा बाधित रहेगी। उल्लेखनीय है कि बिजली विभाग समय-समय पर पावर ग्रिड और पावर सब स्टेशनों में जर्जर केबल और अन्य मशीनों की मरम्मत का काम करता है। इससे विभाग की ओर से संबंधित इलाकों में बिजली सेवा को रोकना पड़ता है।

# मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति की बैठक

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** शुक्रवार को रांची रेल मंडल कार्यालय के सभागार में मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा की अध्यक्षता में मंडल रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति (वर्ष 2024-2026) के सदस्यों के साथ द्वितीय बैठक संपन्न हुई। बैठक का शुभारंभ मंडल रेल प्रबंधक जसमीत सिंह बिंद्रा के स्वागत भाषण से हुआ, जिसमें उन्होंने उपस्थित सदस्यों का स्वागत करते हुए समिति की भूमिका और योगदान की सराहना की एवं सदस्यों को इस बैठक में उनकी सहभागिता एवं उनके बहुमूल्य समय देने के लिए मंडल की ओर से आभार प्रकट किया।

बैठक की कार्यवाही एवं सभा का संचालन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सह मुख्य जनसंपर्क अधिकारी एवं समिति की सचिव शुचि सिंह द्वारा की गयी। सदस्यों द्वारा यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए अनेक सुझाव व मांग रखी गयी। जैसे रांची से अयोध्या, लखनऊ, जयपुर, हरिद्वार, ऋषिकेश, देहरादून, कटरा, इंदौर, सिलीगुड़ी आदि गंतव्यों के लिए नियमित ट्रेन सेवा, रांची-कामख्या को पूर्व की भांति सप्ताह में दो दिन परिचालित कराया जाये, हटिया - दुर्ग स्पेशल ट्रेन का परिचालन सामान्य तौर पर किया जाये, सिल्ली -इलू (बाइपास) रेल लाइन के निर्माण कार्य में तेजी लाने का आग्रह, गुमला में बंद पड़े रेलवे टिकट काउंटर को पुन : खोलने की पहल की जाये, रांची से वंदे भारत स्लीपर ट्रेन का परिचालन, विभिन्न गंतव्यों विशेषकर दक्षिण भारत के लिए चलने वाली ट्रेनों के फेरों में वृद्धि, हटिया - बंडामुंडा दोहरिकरण कार्य को शीघ्र पूरा करने का प्रयास एवं अन्य मांगे रखी गयी जिनपर विस्तृत विचार विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान माननीय सदस्यों द्वारा दक्षिण पूर्व रेलवे, क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति सदस्य के पद के लिए, पीठासीन अधिकारी के रूप में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी राजा के देख रेख में मतदान कर कृष्णा कुमार गुप्ता का चुनाव दक्षिण पूर्व रेलवे, क्षेत्रीय रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में किया गया। अपर मंडल रेल प्रबंधक हेमराज मीना द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने समिति के सभी सदस्यों का योगदान एवं सक्रिय भागीदारी के लिए आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर समिति के सम्मानित सदस्यों में संजय अखौरी, विनोद कुमार अग्रवाल, राकेश कुमार प्रसाद, केनेथ ड्वाज, रेशू भारद्वाज, संदीप नागपाल, राजेंद्र कुमार सरावगी, डॉ तनुश्री दत्ता, कृष्णा कुमार, अजय कुमार रॉय, कृष्णा कुमार गुप्ता एवं राज कुमार सिंह उपस्थित थे। रेल प्रशासन की ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ राजू तिर्की, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक श्रीमती श्रेया सिंह, वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय) श्री साकेत कुमार, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता श्री राजीव रंजन, वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता श्री विवियन मरांडी, व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।


## महत्वपूर्ण खबरें

### डीएसपीएमयू के छात्रों ने कैंडल मार्च निकाला



रांची (आजाद सिपाही)। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के यूजी छात्रावास संख्या एक के लगभग 200 विद्यार्थियों के द्वारा गत 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के नेतृत्व में छात्रावास के मुख्य द्वार से विश्वविद्यालय परिसर तक कैंडल मार्च निकाला। इसके विद्यार्थियों ने दिवंगत के प्रति दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि भारत हमेशा से शांति का पक्षधर रहा है, लेकिन इसके साथ-साथ देश के प्रति अन्याय और आतंक का हमेशा माकूल जवाब भी दिया है। इस घटना की जितनी भी निंदा की जाये वह कम है लेकिन यह अवश्य है कि इस क्रूर घटना में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को उसके अंतिम अंजाम तक पहुंचाना भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि पूरे विश्वविद्यालय परिवार की संवेदना इस मौके पर पीड़ितों के साथ है। मौके पर कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य के साथ प्रॉक्टर सह छात्रावास अधीक्षक डॉ राजेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

### वाइबीएन कॉलेज में मनाया गया फूड फेस्टिवल




रांची (आजाद सिपाही)। वाइबीएन कालेज फार टीचर एजुकेशन कवाली में बड़े ही उत्साह के साथ फूड फेस्टिवल मनाया गया। जिसमें अलग-अलग राज्यों के व्यंजनों का स्वादिष्ट संग्रह देखा गया। इस कार्यक्रम में वाइबीएन कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन के सेकेंड सेमेस्टर के प्रशिक्षु शिक्षकों ने अपने-अपने विभिन्न प्रतिष्ठित व्यंजनों को प्रदर्शित किया। इस अवसर पर वाइबीएन यूनिवर्सिटी के अध्यक्ष राम जी यादव, अंजू देवी और यूनिवर्सिटी की मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ अंकिता यादव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सत्यदेव पोद्दार, एचआर डायरेक्टर डॉ अरविंद कुमार यादव, आइक्यूएसी के डायरेक्टर डॉ आशीष सरकार, डीन एकेडमिक डॉ अर्पणा शर्मा, मुख्य पुस्तकालय अध्यक्ष डॉ श्याम देव गोंड और वाइबीएन कॉलेज फॉर टीचर एजुकेशन के प्राचार्य डॉ सुभाष यादव, उप प्राचार्य डॉ. कैलाश नाथ सिंह, डॉ मांडवी राय, डॉ सलमा खातून, डॉ संदीप आनंद, डॉ सुभाषिश सिन्हा, प्रियंका यादव और पुस्तकालय अध्यक्ष अमर यादव उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में पंजाब प्रांत के छात्रों ने प्रथम स्थान, झारखंड के छात्रों ने द्वितीय स्थान व महाराष्ट्र के छात्रों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### कल झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के धनबाद जिला का पुन: मतदान

रांची (आजाद सिपाही)। वृहत मारवाड़ी समाज की एकमात्र प्रतिनिधि संस्था झारखंड प्रांतीय मारवाड़ी सम्मेलन के धनबाद जिला में पुन: मतदान आगामी 27 अप्रैल को समय प्रात: 9 बजे से सांय 4 बजे तक श्री अग्रसेन स्मृति भवन, दुर्गा मंदिर रोड, हीरापुर धनबाद में प्रांतीय अध्यक्ष के चयन हेतु दिववार्षिक चुनाव सत्र 2025-27 होना सुनिश्चित हुआ है। उपरोक्त जानकारी प्रांतीय महामंत्री रवि शंकर शर्मा ने दी। चुनाव के सफल संचालन मुख्य चुनाव पदाधिकारी विनय सरावगी एवं चुनाव पदाधिकारी राजकुमार मारू, प्रदीप बाकलीवाल, अशोक पुरोहित की देखरेख में चुनाव का कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। विदित हो कि चुनाव सत्र 2025-27 हेतु प्रांतीय अध्यक्ष के निर्वाचन हेतु दो प्रत्याशी क्रमश: बसंत कुमार मित्तल एवं सुरेश चंद्र अग्रवाल हैं। जिसमें कुल 5106 सदस्य, जो विशिष्ट संरक्षक सदस्य, संरक्षक सदस्य एवं आजीवन सदस्य हैं, जिसमें 23 जिलों एवं 5 अनुमंडलों में कुल 28 स्थानों पर मतदान केंद्र बनाये गये थे। जिसमें विगत 13 अप्रैल 2025 को मतदान संपन्न हुआ था। धनबाद जिला में आहूत मतदान केंद्र हेतु प्रत्याशी बसंत मित्तल ने मतदान में अनियमितता की आपति उचित माध्यम से दर्ज करायी, तदोउपरांत चुनाव समिति ने बैठक कर जांच करने का निर्णय लिया एवं अगले आदेश तक मतगणना जो 15 अप्रैल को होना तय था पर रोक लगा दिया था। चुनाव समिति के विनय सरावगी ने जानकारी दी है कि धनबाद ज़िला के मतदान के बाद 28 अप्रैल को रांची में समस्त 23 ज़िलों के 28 मतदान केंद्रों से प्राप्त सुरक्षित मतदान पेटी को खोलकर मतगणना कर साथ ही विजय उम्मीदवार की घोषणा की जायेगी एवं स्थगित आमसभा की कार्यवाही संपन्न होगी।

### झारखंड में मई में पड़ेगी रिकॉर्डतोड़ गर्मी



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के सभी जिलों में मई महीने के दूसरे हफ्ते में इस बार रिकॉर्ड तोड़ गर्मी पड़ेगी। इसका असर राज्य के आम जनजीवन पर भी पड़ेगा। यह जानकारी शुक्रवार को मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि मई माह के दूसरे हफ्ते में प्रचंड गर्मी पड़ने की आशंका है। उन्होंने कहा कि दो-तीन मई तक काल बैसाखी का प्रभाव रहेगा। इससे बारिश और वज्रपात होने की आशंका है। उन्होंने यह भी बताया कि जब-जब बंगाल की खाड़ी से नमी झारखंड में प्रवेश करेगी उसके प्रभाव से काल बैसाखी के चलते गर्जन वज्रपात और हल्की बारिश होगी। इससे राज्य के आम लोगों को प्रचंड गर्मी से थोड़ी राहत मिलेगी। वहीं पूरा झारखंड प्रचंड गर्मी की चपेट में है। जमशेदपुर और डाल्टेनगंज में तापमान 43 डिग्री को पार चुका है। हालांकि राजधानी रांची में अभी भी राहत है। यहां का तापमान शुक्रवार को 38.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि एक-दो दिन पूर्व तापमान 39 डिग्री था।






## महत्वपूर्ण खबरें

### एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



रांची (आजाद सिपाही)। भारत सरकार के अधीन सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (क्षेत्र संकार्य प्रभाग) द्वारा एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ का भव्य उत्सव मनाने की तैयारी की जा रही है। इस संदर्भ में क्षेत्रीय कार्यालय रांची ने संत जेवियर्स महाविद्यालय में अधिकृत सांख्यिकी के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम और भी सफल रहा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एनएसएस की उल्लेखनीय उपलब्धियों को मनाना और विद्यार्थियों के बीच सांख्यिकी के महत्व को जागरूक करना है। कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. विनीत कुमार, झारखंड राज्य प्रमुख, उप महानिदेशक आशीष कुमार, उप निदेशक एवं महाविद्यालय के गणित एवं सांख्यिकी विभाग, संत जेवियर्स महाविद्यालय, रांची द्वारा किया गया। इस मौके पर डॉ. विनीत कुमार ने उपस्थित शिक्षकों और विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा एनएसएस राष्ट्र की सेवा में सन 1950 से लगा हुआ है, एनएसएस के आंकड़े सरकारों को नीति निर्धारण में मदद करते हैं। हमारी डाटाबेस का मुख्य उद्देश्य जीडीपी, महंगाई दर, फसल उत्पादन, शिक्षा और स्वास्थ्य के स्तर को समझना है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों की संख्या 50 से अधिक रही, जिसमें से कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सभी प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। क्षेत्रीय कार्यालय रांची के वरीय सांख्यिकीय अधिकारियों ने इस कार्यक्रम के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अल्बर्ट केरकेट्टा, ऋषि रोशन, रोहित कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह और शशि जयकांत राज ने इस कार्यक्रम को संपन्न करने में अपने योगदान से इसे और भी सफल बनाया।

### डीएसपीएमयू में अखिल झारखंड छात्र संघ की बैठक




रांची (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) की बैठक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय प्रांगण में संपन्न हुई। इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी हरीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ओम वर्मा और कार्यकारी अध्यक्ष बबलू महतो उपस्थित थे। बैठक में संगठन को मजबूत करने, कमेटी के पुनर्गठन और आगामी कार्यक्रमों पर चर्चा की गयी। सर्वसम्मति से पुरानी कमेटी को भंग कर विश्वविद्यालय में पुनः कमेटी गठन के लिए संयोजक मंडली का गठन किया गया। संयोजक मंडली के सदस्य में राजेश सिंह, ज्योतिष महतो, रवि रोशन, संदीप यादव, प्रेम लिंडा, पंकज कुमार, रोशन नायक, मुकेश कुमार है। वहीं महिला संयोजक भी बनाया गया इसमें अनुष्का सिन्हा, ईशा गुप्ता, खुशबू कुमारी शामिल हैं। इस बैठक में ओम वर्मा और बबलू महतो ने अपने विचार रखे और संगठन के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए सभी सदस्यों को एकजुट होने का आह्वान किया।

### सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप के मामले पर राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने सीएस को नोटिस भेजा है : केंद्रीय सरना समिति



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय सरना स्थल एवं सिरमटोली फ्लाइओवर रैंप के मामले पर शुक्रवार को जानकारी दी। बताया कि केंद्रीय सरना समिति और चडरी सरना समिति के संयुक्त तत्वावधान में 4 अप्रैल 2025 को राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष के नाम मांग पत्र आयोग के सदस्य डॉ आशा लकड़ा को दिल्ली कार्यालय सौंपा गया था। हमारी मांग पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए आयोग ने झारखंड के मुख्य सचिव, सचिव नगर विकास विभाग, उपायुक्त रांची, प्रशासक रांची नगर निगम, को नोटिस भेजा है। इसमें कहा है कि आप सूचना को प्राप्त होने के 5 दिन के अंदर अधोहस्ताक्षरी को डाक से या व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर या किसी अन्य संचार साधन से संबंधित आप अन्य मामलों और सूचनाओं पर की गयी कार्यवाही से संबंधित सूचना प्रस्तुत करें। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि विगत चार माह से आदिवासी समाज सिरम टोली फ्लावर रैंप के मामला को लेकर सड़कों पर है, लेकिन झारखंड की अबुआ सरकार और जिला प्रशासन के द्वारा बंदूक की नोक पर सिरम टोली फ्लाइओवर रैंप का कार्य करा रही है। इस मौके पर मुख्य पहान जगलाल पहान, महासचिव महादेव टोप्पो, शोभा कच्छप, चडरी सरना समिति के प्रधान महासचिव सुरेंद्र लिंडा, झारखंड आंदोलनकारी कुमोद कुमार वर्मा, मुकेश मुंडा, राकेश मुंडा, आशीष मुंडा, मनीष संगा सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्लास्टिक इंजीनियरिंग में करियर के सुनहरे अवसर



रांची (आजाद सिपाही)। केंद्रीय पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एवं तकनीकी संस्थान (सिपेट) रांची में प्लास्टिक इंजीनियरिंग में करियर बनाने के लिए सुनहरे अवसर प्रदान कर रहा है। सिपेट, रांची अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद ( एआईसीटीइ ) द्वारा अनुमोदित दो डिप्लोमा कोर्सेस चलाये जा रहे हैं। इसमें डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स टेक्नोलॉजी (डीपीटी) और डिप्लोमा इन प्लास्टिक्स मोल्ड टेक्नोलॉजी ( डीपीएमटी ) है। कोर्सेस की विशेषताएं :इसे प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल इंडस्ट्री की जरूरतों के हिसाब से डिजाइन की गयी हैं। प्लास्टिक इंडस्ट्री में उपयोग होने वाली मशीनों की प्रैक्टिकल जानकारी दी जाती है। इन कोर्सेस को करने के बाद प्लास्टिक इंडस्ट्री में रोजगार के सुनहरे अवसर हैं। आवेदन की प्रक्रिया अभी चालू है।- 10वीं, 12वीं पास छात्र आवेदन कर सकते हैं।- आवेदन ऑन लाइन के माध्यम से कर सकते हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 29.05.2025 है।- पंजीकरण शुल्क रु. 100 है। सिपेट, रांची झारखंड और अन्य निकटवर्ती क्षेत्रों के प्लास्टिक और संबंध उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए स्थापित किया गया है। यह संस्थान प्लास्टिक और पेट्रोकेमिकल्स से संबंधित क्षेत्रों में कौशल विकास, प्रौद्योगिकी सहायता सेवाएं, अकादमिक और अनुसंधान के लिए समर्पित है।




# हैदराबाद ने चेन्नई को 5 विकेट से हराया

## ईशान 44 और मेंडिस ने नाबाद 32 रन बनाये, हर्षल को 4 विकेट

आजाद सिपाही संवददाता



चेन्नई। आइपीएल 2025 का 43वां लीग मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला गया, जिसे हैदराबाद की टीम 5 विकेट से अपने नाम करने में कामयाब रही। इस हार से चेन्नई की प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गयी है। इस मैच में सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने टॉस जीतने के बाद पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया था। चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से काफी खराब बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला, जिसमें वह 19.5 ओवर्स में 154 रन बनाकर सिमट गये। सीएसके की तरफ से बल्लेबाजी में डेवाल्ड ब्रेविस ने 42 और आयुष म्हात्रे ने 30 रनों की पारी खेली। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से गेंदबाजी में हर्षल पटेल ने सबसे ज्यादा 4 विकेट हासिल किये। सनराइजर्स हैदराबाद की टीम ने इस टारगेट को 18.4 ओवर्स में 5 विकेट के नुकसान पर हासिल करने के साथ इस सीजन में अपनी तीसरी जीत हासिल की है। हैदराबाद के लिए टारगेट का पीछा करते हुए ईशान किशन और कामेंदु मेंडिस ने अहम भूमिका अदा की।

### कामेंदु मेंडिस ने पकड़ा आश्चर्यजनक कैच

ओवर की आखिरी बॉल ऑफ स्टंप के कुछ बाहर थी। ब्रेविस ने उस पर एक बड़ा शॉट खेला। इससे पहले की बॉल सीमा रेखा के बाहर जा पाती बीच में कामेंदु मेंडिस आ गये। वे लॉन्ग-ऑफ पर फील्डिंग कर रहे थे। कामेंदु अपनी बाई ओर भागे और फुल स्ट्रेच कर छलांग लगाा दी, बॉल उनके हाथ में आ गयी और वहीं चिपक गयी। उस वक्त स्टेडियम में ऐसा कुछ नजारा था कि जिसने भी देखा वो हैरान रह गया। किसी को कुछ समझ ही नहीं आ रहा था। कामेंदु मेंडिस दोनों हाथ से गेंदबाजी करने के लिए जाने जाते हैं। वे बायें और दायें हाथ से बॉलिंग करते हैं। ये कैच कुछ ऐसा ही था, जैसे फुटबॉल का गोलकीपर गोल रोकने के लिए फुटबॉल पर टूट पड़ता है। खुद बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस भी इस कैच से अचंभित नजर आये।

## मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों के लिए 29 अप्रैल को लगेंगे आधार लिंक शिविर




**डीसी के निर्देश पर शिविर सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक रहेगा**

**जिनका आधार पहले ही लिंक हो चुका है, उन्हें शिविर में आने की जरूरत नहीं है**

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से जुड़े लाभुकों के लिए आधार लिंक कराने को लेकर 29 अप्रैल को रांची जिले में पंचायत स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किये जायेंगे। यह फैसला रांची के डीसी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर लिया गया है। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहेगा। शहरी क्षेत्रों के लाभुकों को अपने संबंधित बैंक शाखाओं में जाकर आधार लिंक करवाने की सुविधा दी गयी है।

यह सुविधा सिर्फ उन्हीं लाभुकों के लिए है जिन्हें 3 अप्रैल या उसके बाद मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत एकमुश्त 7500 रुपये मिले हैं। जिन लाभुकों का आधार पहले ही लिंक हो चुका है, उन्हें दोबारा शिविर में आने की जरूरत नहीं है। शिविर के सुचारू संचालन के लिए सभी बीडीओ और सीओ को जरूरी दिशा-निर्देश दिये गये हैं। साथ ही, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को निर्देश दिया गया है कि वे सभी बैंक शाखाओं को लाभुकों की सूची उपलब्ध करायें और बैंक प्रतिनिधियों की प्रतिनियुक्ति भी सुनिश्चित करें। सरकार के नये नियम के अनुसार, अब योजना की राशि सिर्फ आधार से लिंक एक ही बैंक खाते में भेजी जायेगी।

# बिलासपुर का रेलवे अफसर और उसका परिवार 32 लाख घूस लेते रांची में पकड़ाया

आजाद सिपाही संवाददाता




रांची। सीबीआइ ने साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे के चीफ इंजीनियर और उसके पारिवारिक सदस्यों सहित चार को 32 लाख रुपये घूस लेते गिरफ़्तार किया है। गिरफ़्तार लोगों में दो व्यक्ति निजी कंपनी से संबंधित हैं। घूसखोरी के इस मामले में सीबीआइ ने रांची, छत्तीसगढ़ में छापेमारी की। इस दौरान विभिन्न प्रकार की गड़बड़ी से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये हैं। छापेमारी जारी है।

सीबीआइ को साउथ इस्ट सेंट्रल रेलवे में रेलवे ओवरब्रिज और अंडरब्रिज के ठेके में निजी कंपनी से पैसा लेकर फायदा पहुंचाए जाने की शिकायत मिली थी। इस शिकायत की जांच के बाद सीबीआइ ने चार लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

मामले की जांच में पाया गया कि रेलवे में ठेकेदारी करने वाली इस कंपनी के एमडी ने 21 अप्रैल को अपने बेटे को यह सूचना भेजी कि वह चीफ इंजीनियर के निर्देश के आलोक में वह बिलासपुर स्थित उसके दफ्तर में उससे मिलने जा रहा है।

चीफ इंजीनियर के साथ मिटिंग के बाद कंपनी के एमडी ने अपने बेटे को यह सूचना भेजी कि बैठक में सारी बातें तय हो गयी हैं। कंपनी के लंबित मामले को निपटाने के लिए घूस के तौर 32 लाख रुपये देने पर सहमति बनी है।

निजी कंपनी के एमडी ने अपनी कंपनी के एक कर्मचारी को यह सूचना दी कि चीफ इंजीनियर द्वारा दिये गये निर्देश के आलोक में 32 लाख रुपये घूस की रकम रांची स्थित उसके परिवार को देना है। घूस के मुद्दे पर फैसला होने के बाद चीफ इंजीनियर ने भी रांची में अपने पारिवारिक सदस्य को यह सूचित किया कि एक व्यक्ति 32 लाख रुपये लेकर जायेगा। उससे रुपये ले लेना है। पूरी घटना पर नजर रख रही सीबीआइ की टीम मे रांची में रेलवे के चीफ इंजीनियर के पारिवारिक सदस्य को 32 लाख रुपये घूस देते हुए गिरफ़्तार कर लिया। सीबीआइ की ओर से जारी छापेमारी में घूस रकम सहित विभिन्न प्रकार की गड़बड़ी से संबंधित दस्तावेज जब्त किये गये हैं।

### ऑनलाइन एपीएआर 15 मई तक जमा कर सकेंगे

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के लिए वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक के ऑनलाइन परफॉर्मेंस स्वमूल्यांक प्रतिवेदन जमा करने की अवधि का विस्तारित कर दिया गया है। अब 15 मई तक ऑनलाइन एपीआर जमा करेंगे। समीक्षी पदाधिकारी स्तर से 31 मई तक इसका मूल्यांकन कर लिया जायेगा। स्वीकरण पदाधिकारी 15 जून तक इसका मूल्यांकन करके अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे।

**दक्षिण पूर्व रेलवे निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं. ईएल-सीओएन-केजीपी-आरजीटी-आरओपी-25-02, दिनांक 24.04.2025,** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता (निर्माण), दक्षिण पूर्व रेलवे, गार्डनरीच द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। नीचे उल्लिखित निविदा वेबासाइट **www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दी गई है। ई-निविदा नियत तारीख को दोपहर 12.00 बजे बंद कर दी जाएगी। **कार्य का संक्षिप्त विवरण**: खड़गपुर मंडल में नारायणगढ़ एवं भद्रक के बीच तृतीय लाइन के कार्य के संबंध में राजघाट (छोड़कर) से रुपसा जंक्शन (छोड़कर) तक 25केवी ओएचई के शेष तृतीय लाइन कार्य के लिए आपूर्ति, स्थापना, जांच एवं चालू करना। **लागत** : रु. 6,42,70,809.90; **बोली सुरक्षा**: रु. 4,71,400; **समापन अवधि** : 12 महीने। **खुलने की नियत तारीख** : 16.05.2025; इच्छुक निविदादातागण निविदाओं के विस्तृत विवरण/ब्यौरा/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं तथा अपनी बोलियां ऑन लाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएगी। **वि.द्र:** प्रत्याशित बोलीदातागण अन्य सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए नियमित रूप से **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं। (PR-80)

# मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की आतंकी हमले में मारे गये आइबी अधिकारी के घर पहुंचीं

## पीड़ित परिवार को दिया हरसंभव मदद का आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के दौरान मारे गये आइबी अधिकारी मनीष रंजन के पश्चिम बंगाल झालदा स्थित आवास पर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देश पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के नेतृत्व में जेएमएम विधायक विकास सिंह मुंडा और जेएमएम विधायक मंगल कालिंदी ने शोक संतप्त परिवार से घटना की जानकारी ली। इस दौरान आइबी अधिकारी मनीष रंजन की मां का रो-रो कर बुरा हाल था। पिता मंगलेश कुमार मिश्रा ने बातचीत के क्रम में बताया कि बचपन से ही मनीष रंजन मेधावी छात्र रहे। सिर्फ शिक्षा ही नहीं क्रिकेट में उनकी प्रतिभा और संगीत की कला ने उन्हें अपने प्रियजनों के बीच लोकप्रिय बनाये रखा। आज जब उनका बेटा नहीं रहा, तो ऐसा लगता है जैसे सब कुछ खत्म हो गया है। आइबी अधिकारी मनीष रंजन के परिजनों से मिलने के बाद कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि इस घटना से हम सभी आहत हैं। परिजनों ने कुछ समस्याओं रखा है जो जायज है, जैसे दूसरे राज्य में शिक्षा ग्रहण कर रहे बच्चों के टीसी की बात हो या केंद्र सरकार के द्वारा नौकरी के प्रावधान की बात हो, इन समस्याओं को सीएम हेमंत सोरेन के समक्ष रखने का काम किया जायेगा। राज्य सरकार पीड़ित परिवार को हर संभव मदद के लिए तैयार है।

### झारखंड में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की नयी प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा



रांची (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन ने झारखंड प्रदेश की नयी कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अग्रवाल ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया और उन्हें संगठन के प्रति अपने कर्तव्यों के निर्वहन के लिए शुभकामनाएं दीं। नयी प्रदेश कार्यकारिणी में अरुण कुमार/अरुण कश्यप को प्रदेश अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। अजय शाह को प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष और विकास गुप्ता को प्रदेश संगठन महामंत्री का दायित्व सौंपा गया है। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन एक वैश्विक सामाजिक संगठन है, जिसका उद्देश्य वैश्य समाज को संगठित करना, राजनीतिक और सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना तथा उनके हितों की रक्षा के लिए सतत प्रयास करना है। **नवनियुक्त पदाधिकारियों का संकल्प** : सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प लिया और समाजहित में कार्य करते रहने की प्रतिबद्धता दोहरायी।

## अपने बयान पर कायम हैं मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू

# किसी को तो जिम्मेदारी लेनी ही पड़ेगी: सुदिव्य

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। झारखंड के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से इस्तीफे की मांग वाले अपने बयान पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा है कि उनका बयान व्यंग्य के तौर पर था। मंत्री ने शुक्रवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि जब किसी की जिम्मेदारी तय नहीं हो रही है, तो किसी न किसी को तो जिम्मेदारी लेनी ही पड़ेगी। इसलिए मैंने हिमाचल प्रदेश के सीएम से इस्तीफा मांगा। उन्होंने कहा कि साल 1956 में हुई रेल दुर्घटना के बाद तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने इस्तीफा दे दिया था। उसी तरह 1999 के रेल हादसे में उस वक्त के रेल मंत्री नीतीश कुमार ने इस्तीफा दे दिया था। मुंबई हमले में भी उस वक्त के गृह मंत्री ने इस्तीफा दे दिया था। सुदिव्य सोनू ने बाबूलाल मरांडी के बयान को 'फूहड़' बताते हुए बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष के बयान का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उन्हें रवींद्र राय के बयान को भी देख लेना चाहिए। मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर केंद्र के अधीन आता है। केंद्र इस बात का जवाब नहीं दे पा रहा है कि आतंकवादी कैसे 300 किमी की यात्रा कर पहलगाम तक पहुंचे और घटना को अंजाम देकर चले गये। इसके बावजूद न रक्षा मंत्री इसकी जिम्मेदारी ले रहे हैं न ही गृह मंत्री। कोई जिम्मेदारी लेने के लिए तैयार नहीं है। इसलिए पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ-साथ हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को इस्तीफा देना चाहिए।

### झारखंड को बार-बार शर्मसार नहीं करें मंत्री सुदिव्य सोनू : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार के मंत्री सुदिव्य सोनू के बयान पर पलटवार किया। शुक्रवार को मरांडी ने कहा कि कल चारों ओर से जग हंसाई होने के बाद यह उम्मीद थी कि सुदिव्य सोनू को पहलगाम जैसे संवेदनशील आतंकी हमले पर व्यंग्य करने की अपनी गलती का एहसास हुआ होगा, लेकिन दुर्भाग्यवश उन्होंने बेशर्मी की सभी सीमाएं लांघ दीं और आज प्रेस कांफ्रेंस कर फिर से अपने बयान पर कायम हैं। उन्होंने कहा कि पूरा देश जानता है कि 27 पर्यटकों की निर्मम हत्या का कारण उनका हिंदू होना था। अगर सुदिव्य कुमार सच बोलने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे, तो कम से कम उन्हें ऐसे गैरज़िम्मेदाराना बयान देकर झारखंड वासियों को शर्मिंदा करने से बचना चाहिए।

**पूर्व तट रेलवे**

फाइल सं. DRM/Engg/KUR/25-26/ E-Tender/05/2025, दिनांक : 22.04.2025

(1) निविदा सं. eTender-NorthKUR-19-2025, दिनांक : 17.04.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के टमका-जरोली सेक्शन के DN लाइन पैचों में 10.70 कि.मी. लंबाई के लिए TSR (P) का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 240.04 लाख, EMD : ₹ 2,70,000/-

(2) निविदा सं. e-TenderNorthKUR-22-2025, दिनांक : 17.04.2025

**विवरण :** सीनियर सेक्शन इंजीनियर/P.WAY/ हरिचन्दनपुर के अधिकार क्षेत्र के अधीन मैनुअल डीप स्क्रीनिंग, थ्रू पैकिंग, बैलास्ट ड्रेसिंग, प्री-पोस्ट टैम्पिंग कार्य, ग्लूड जॉइंट नवीकरण, SEJ नवीकरण, AT वेल्डिंग, ERC ग्रीसिंग आदि जैसे विविध P.Way कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 145.59 लाख, EMD : ₹ 2,22,800/-

(3) निविदा सं. eTender-EastKUR-21-2025, दिनांक : 17.04.2025

**विवरण :** खोरधा रोड मण्डल के निर्गुण्डि-राजआठगड़ सेक्शन के बीच पैचों में 10.98 कि.मी. लंबाई के लिए थ्रू स्लीपर नवीकरण का निष्पादन।

**कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 363.17 लाख, EMD : ₹ 3,31,600/-

पूरा होने की अवधि: 12 (बारह) महीने (सभी क्रम सं. के लिए)।

**निविदा बंद होने की तिथि व समय :** दिनांक 09.05.2025 को 1500 बजे (सभी निविदा हेतु)।

ऐसी ई-निविदा के तहत डाक/कूरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (Firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा।

उपरोक्त ई-निविदा के ई-निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे।

दृष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन / शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की कम से कम 10 (दस) दिन पहले वेबसाइट का पुनःअवलोकन करें। निविदाकारों/बोलीदाताओं के पास अवश्य क्लास-III डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना चाहिए और वे IREPS पोर्टल में अवश्य पंजीकृत होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-टेंडरिंग में शामिल हो सकते हैं।

मण्डल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), खोरधा रोड

PR-67/Q/25-26

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in
06

# नहीं सुधरेगा पाकिस्तान

जैसी कि उम्मीद थी, पहलगाम आतंकी हमले पर गुरुवार को हुई सर्वदलीय बैठक में भारतीय राजनीति का वह रूप दिखा, जिसकी जरूरत थी। सभी दलों ने एक स्वर में सरकार से कहा कि आतंक को मुंहतोड़ और निर्णायक जवाब देने के लिए जो भी जरूरी हो, किया जाये। इससे पहले जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी में जिस तरह से आम लोगों ने सड़कों पर निकल कर इस आतंकवादी हमले की भर्त्सना की, वह पूरी दुनिया के लिए स्पष्ट संदेश है।

**पाक की खिसियाहट :** इस बीच पाकिस्तान ने शिमला समझौता समेत तमाम समझौते स्थगित करने और पानी रोकने जाने को युद्ध का ऐलान मानने जैसी घोषणाएं करके यह दिखाने की कोशिश की है कि वह भी भारत के कदमों का मुकाबला करने में सक्षम है। बेहतर होता कि हमले के पीछे जिस आतंकवादी संगठन का हाथ है, वह उसके खिलाफ कार्रवाई करता। आखिर, पाकिस्तान खुद आतंकवाद से पीड़ित रहा है और वह जब तब इसकी दुहाई देता आया है।

**सख्त संदेश :** आतंकवादी हमले की घटना के बाद केंद्र सरकार ने जिस तरह से रिएक्ट किया, उससे साफ हो गया कि देश अब ऐसे हमलों को बर्दाश्त करने के मूड में नहीं है। गुरुवार को भारत ने अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी, जापान, चीन जैसे तमाम प्रमुख देशों के राजदूतों को घटना का पूरा ब्योरा दिया और इससे जुड़े तमाम साक्ष्य उनके साथ साझा किये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को फिर से यह बात दोहराई कि पुलवामा के दोषियों को बख्शा नहीं जायेगा। भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच वायुसेना ने रफाल और सुखोई-30 ने 'आक्रमण अभ्यास' भी किया। पानी रोके जाने का डरसिंधु जल समझौते को स्थगित करने की घोषणा ने पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिंतित किया है। यह बहुत बड़ी घोषणा है और इसके निहितार्थ दूर तक जाते हैं। लेकिन भारत का मकसद भी यही है कि सब इस तथ्य को अच्छी तरह समझ लें कि ऐसे हमलों को रोकने के लिए वह किसी भी हद तक जा सकता है। आखिर, दशकों से सीमापार आतंकवाद को बंद करने की भारत की अपील को पाकिस्तान अनदेखा करता आया है।

**भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच वायुसेना ने रफाल और सुखोई-30 ने 'आक्रमण अभ्यास' भी किया। पानी रोके जाने का डरसिंधु जल समझौते को स्थगित करने की घोषणा ने पाकिस्तान को सबसे ज्यादा चिंतित किया है।**

**निरंतरता की जरूरत :** दरअसल में, पाकिस्तान में आतंक के ढांचे को नेस्तनाबूद करने के खातिर निरंतर प्रयासों की जरूरत है। पाकिस्तान को अहसास दिलाना होगा कि आतंक को संरक्षण देने की नीति कहीं की नहीं छोड़ेगी।


अभिमत
आजाद सिपाही

**वेव्स एक ऐसा गतिशील और प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो अंतरराष्ट्रीय सफलता के लिए लॉन्चपैड के रूप में कार्य करेगा। वेवएक्स सीधे पूंजी, सलाह और वैश्विक प्रदर्शन में आने वाली बाधाओं का समाधान उपलब्ध कराते हुए न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, बल्कि विकास के लिए एक सुव्यवस्थित इकोसिस्टम भी प्रदान करेगा। मात्र 10,000 रुपये और एक विजन के साथ शुरू किये गये बायोकॉन के बाद, मैं ऐसे प्रेरणादायी प्लेटफार्मों के महत्व को समझती हूं।**

# वेव्स: युवा रचनाकारों को प्रोत्साहन और भारत के मीडिया एवं मनोरंजन स्टार्टअप को गति देना



किरण मजूमदार




वैश्विक व्यापार शुल्क और शेयर बाजार की अस्थिरता के समक्ष भारत एक उदार अर्थव्यवस्था के रूप में मजबूती से आगे बढ़ रहा है। अपनी जनसांख्यिकीय और तकनीकी क्षमताओं का लाभ उठाते हुए, भारत चुनौतियों को अवसरों में परिवर्तित करते हुए स्वयं को वैश्विक 'रचनात्मक शक्ति' के रूप में स्थापित कर सकता है। एक समृद्ध कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत का मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र 'भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें' दृष्टिकोण के माध्यम से दुनिया भर के रचनाकारों को जोड़ने का लक्ष्य रखता है।

भारत फिल्म, संगीत, कला और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवा रचनाकारों की बढ़ती आबादी वाला राष्ट्र है। विशेष रूप से, नमित मल्होत्रा के डीएनइजी ने दृश्य प्रभाव और एनीमेशन स्टूडियो के माध्यम से ड्यून 2 की ऑस्कर अर्जित सफलता में अभूतपूर्व वीएफएक्स का प्रदर्शन किया। यह भारत की 7वीं ऑस्कर सफलता थी जिसने वैश्विक मनोरंजन उद्योग में भारत के बढ़ते प्रभाव को उजागर किया। पारंपरिक फिल्म निर्माण से डिजिटल निर्माण तक की विकास यात्रा विश्व स्तरीय कंटेन्ट बनाने में देश की क्षमता को दशार्ती है। भारत सरकार के विश्व श्रव्य-दृश्य मनोरंजन शिखर सम्मेलन (वेव्स) 2025 के अंग, वेव्स एक्सेलरेटर (वेवएक्स) का उद्देश्य युवा रचनाकारों को उद्योग जगत प्रमुखों से जोड़ना और स्टार्टअप विकास को बढ़ावा देना है। मई 2025 में मुंबई में होने वाला वेव्स, संरक्षण, वित्त पोषण और वैश्विक अवसर प्रदान करते हुए भारत के मीडिया और मनोरंजन स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ाने की दिशा में प्रयासरत है। इस क्षेत्र में वर्ष 2023 के 2,422 बिलियन रुपये से 2027 तक 3,067 बिलियन रुपये तक की वृद्धि होने का अनुमान है, जिसमें गेमिंग, एआइ और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्र शामिल हैं। पहचान स्थापित करने की चुनौतियों के बावजूद, वेव्स- ब्रह्मन गेम स्टूडियो, कीबाउंड और वायॉन क्लाउड जैसे स्टार्टअप के लिए वैश्विक निवेशकों के समक्ष अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। इस पहल में लैपविंग स्टूडियो और वाइगर मीडिया जैसे महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप भी शामिल हैं, जो मीडिया और मनोरंजन इकोसिस्टम के भीतर समावेशिता को बढ़ावा देते हैं।

**भारत फिल्म, संगीत, कला और प्रौद्योगिकी जैसे विभिन्न क्षेत्रों में युवा रचनाकारों की बढ़ती आबादी वाला राष्ट्र है।**

वेव्स एक ऐसा गतिशील और प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप वातावरण बनाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो अंतरराष्ट्रीय सफलता के लिए लॉन्चपैड के रूप में कार्य करेगा। वेवएक्स सीधे पूंजी, सलाह और वैश्विक प्रदर्शन में आने वाली बाधाओं का समाधान उपलब्ध कराते हुए न केवल वित्तीय सहायता प्रदान करेगा, बल्कि विकास के लिए एक सुव्यवस्थित इकोसिस्टम भी प्रदान करेगा। मात्र 10,000 रुपये और एक विजन के साथ शुरू किये गये बायोकॉन के बाद, मैं ऐसे प्रेरणादायी प्लेटफार्मों के महत्व को समझती हूं।

**रचनात्मक केंद्र :** म्यूज़ियम ऑफ आर्ट एंड फोटोग्राफी (एमएपी) और साइंस गैलरी बेंगलुरु जैसी पहलों के माध्यम से कला के समर्थक के तौर पर, मेरा मानना है कि किसी देश की संस्कृति उसकी कला और विज्ञान दोनों में निहित होती है। कला और विज्ञान दोनों ही रचनात्मकता में निहित हैं; वैज्ञानिक भी प्रयोगशालाओं में उसी तरह प्रयोग करते हैं जैसे कलाकार कैनवास पर करते हैं। अपने जनसांख्यिकीय लाभ, तकनीकी क्षमताओं और समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के शानदार सामंजस्य के साथ निरंतर आगे बढ़ रहा भारत रचनात्मकता का एक समृद्ध केंद्र है। भारत में यह समायोजन सिर्फ. दार्शनिक नहीं है अपितु व्यावहारिक भी है, उद्योगों को आकार दे रहा है और मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा दे रहा है। सदियों से चली आ रही कहानी कहने की परंपरा के साथ, भारत एक वैश्विक रचनात्मक शक्ति के रूप में उभरने के मामले में बेहद शानदार स्थिति में है। शास्त्रीय नृत्य से लेकर सिनेमा तक और कॉमिक्स से लेकर इमर्सिव तकनीक तक, हम एक रोमांचक युग में प्रवेश कर रहे हैं जहां रचनात्मकता अत्याधुनिक नवाचार के साथ जुड़ती है। भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें की अवधारणा इस महत्वाकांक्षा को पूरी तरह से दशार्ती है।

**रचनात्मक स्टार्टअप के लिए प्रेरणादायी :** वेव्स तकनीक और कहानी कहने की सुंदर समाभिरूपता का उदाहरण है। वेवएक्स एनिमेशन, एआई, एआर/वीआर, गेमिंग और मेटावर्स जैसे अभिनव क्षेत्रों में स्टार्टअप का समर्थन करके इसका लाभ उठाने के लिए तैयार है। वेव्स बाजार के लिए 4500 से ज्यादा विक्रेता और 5,900 से ज्यादा खरीदार पंजीकृत हैं, इस पहल से भारतीय स्टार्टअप को वैश्विक कंपनियों से जोड़ने का वादा किया गया है, जिससे वैश्विक मीडिया और मनोरंजन परिदृश्य में भारत के अग्रणी बनने की गति में तेजी आयेगी। वेव्स पारंपरिक मीडिया से आगे जाते हुए नवाचार को भी बढ़ावा देता है।

एरुकैनाविस टेक्नोलॉजीज जैसी कंपनियां एआइ-संचालित विज्ञापनों में अग्रणी हैं, जबकि अमेज स्टूडियो और ऑफलाइन ह्यूमन स्टूडियो एनिमेशन और वीआर के माध्यम से कहानी कहने को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। इनस्केप एक्सआर और विजन इम्पैक्ट जैसे एड-टेक उद्यम इमर्सिव मीडिया के साथ इस क्षेत्र के शिक्षण कौशल को नया रूप दे रहे हैं। साथ में, ये स्टार्टअप भारत के रचनात्मक इकोस्टम की विशाल क्षमता और वैश्विक प्रासंगिकता को उजागर करते हैं।

**भविष्य के लिए एक अवधारणा :** भारत को लंबे समय से अपनी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और रचनात्मकता की चिरस्थायी विरासत के तौर पर जाना जाता है। यह रचनात्मक ऊर्जा हमारे युवाओं में सबसे जीवंत अभिव्यक्ति रखती है और यही आज के निमार्ता और कल के दूरदर्शी भी हैं। फिल्म, संगीत, एनीमेशन, गेमिंग और डिजिटल मीडिया में, युवा भारतीय निमार्ता सीमाओं को नया आकार दे रहे हैं और शैलियों को फिर से परिभाषित कर रहे हैं।

इस क्षमता को पोषित करने के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता वेव्स जैसी पहलों के लिए इसके समर्थन में स्पष्ट है, जिसे मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक गतिशील, अभिनव और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी स्टार्टअप इकोसिस्टम को बढ़ावा देने के लिए तैयार किया गया है।

आज, वेव्स के माध्यम से, हम न केवल स्टार्टअप में निवेश कर रहे हैं, बल्कि हम कहानी कहने, आत्म-अभिव्यक्ति और रचनात्मक अर्थव्यवस्था में भी निवेश कर रहे हैं जो भविष्य को परिभाषित करेगी। चाहे बायोटेक लैब हो या डिजिटल स्टूडियो, रचनात्मकता वह भाव है जो भविष्य में उद्योगों और पहचानों को एक नया आकार देगी।

वेव्स 2025 भारत के मीडिया और मनोरंजन उद्योग का उत्सव मात्र नहीं है; यह अगली पीढ़ी के रचनाकारों और उद्यमियों के लिए एक लॉन्चपैड भी है, जो मनोरंजन, शिक्षा और संस्कृति के उपयोग के तरीके को परिवर्तित करने के लिए तैयार हैं। वेव्स के सलाहकार बोर्ड के सदस्य के रूप में, मुझे इस परिवर्तनकारी यात्रा का हिस्सा बनने पर गर्व है। इस पहल का प्रभाव स्टूडियो और बोर्डरूम से कहीं आगे तक जाएगा और यह हर कहानी, हर स्टार्टअप और हर उस नवाचार में गुंजन उत्पन्न करेगा जो परंपरा को चुनौती देता है।

वैश्विक रचनात्मक क्रांति का नेतृत्व करने के लिए भारत तैयार है। आइए हम भारत में निर्माण करें, दुनिया के लिए निर्माण करें और दुनिया को अपनी कल्पना की असीम शक्ति दिखाएं।

**(लेखिका : शॉ बायोकॉन समूह की अध्यक्ष हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### कोल्हान के शहीद परिवार 'मन की बात' के विशेष प्रसारण से सीधे जुड़े

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 121वें एपिसोड में इस बार झारखंड को विशेष प्रतिनिधित्व मिलने जा रहा है। देशभक्ति व सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था 'नमन' को इस राष्ट्रीय कार्यक्रम से सीधे जुड़ने का गौरव प्राप्त हुआ है। आगामी रविवार 27 अप्रैल को प्रातः 11 बजे काशीडीह स्थित नमन कार्यालय में होगा। जहां शहीद परिवारों, पूर्व सैनिकों, समाजसेवियों, युवाओं व नमन के सदस्यों की उपस्थिति में प्रधानमंत्री के विचारों को सामूहिक रूप से सुना जा;२गा। साथ ही शहीदों को सम्मानित करने व उनके परिजनों से आत्मीय संवाद का कार्यक्रम भी आयोजित होगा। इस की जानकारी भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा ने दी। उन्होंने बताया इस आयोजन के समन्वयक नमन के संस्थापक अध्यक्ष अमरप्रीत सिंह काले हैं। यह अवसर केवल जमशेदपुर ही नहीं, पूरे झारखंड के लिए गौरव का क्षण होगा।

### आतंकवाद का हर स्तर पर विरोध करना हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी : सुधीर कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने एकजुट होकर पहलगाम में हुई आतंकी हमले के विरोध में अपने कार्यस्थल पर काले फीते (रिबन) लगाकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया। शुक्रवार को प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने इस अमानवीय, कायरतापूर्ण और निंदनीय आतंकी कृत्य की घोर भर्त्सना की। मौके पर बार एसोसिएशन के सदस्यों ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कृत्य न केवल देश की एकता और अखंडता पर प्रहार हैं, बल्कि मानवता के मूल्यों के भी विरुद्ध हैं। उन्होंने सरकार से दोषियों को जल्द से जल्द कठोरतम सजा देने और आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए मांग की।

### यूएफबीयू जमशेदपुर ने आतंकवादी हमले में मारे गये पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के द्वारा बिस्टुपुर पोस्टल पार्क में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में यूएफबीयू के सभी घटक दल व सैकड़ों बैंककर्मी शामिल हुए। मौके पर उन्होंने पहलगाम बायसरन घाटी में हुए नृशंस आतंकवादी हमले का कड़ी शब्दो में निंदा की। साथ ही आतंकवादियों के खिलाफ एकजुट होकर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने हमले में मारे गये पर्यटकों की आत्मा के शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की। मौके पर यूएफबीयू जमशेदपुर की ओर से शहीदों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त की गयी। साथ ही हमले में घायल लोगो के लिए जल्द स्वस्थ होने का कामना की गयी।

### भुगलू सोरेन पर जबरन दुकान बेचने का स्थानीय लोगों ने लगाया आरोप, मामला दर्ज



आजाद सिपाही संवाददाता

**आदित्यपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता भुगलू सोरेन उर्फ डब्बा सोरेन पर श्री श्री हनुमान मंदिर ईमली चौक आदित्यपुर कॉम्प्लेक्स के पास अतिक्रमण कर जबरन दुकान बेचने का आरोप लगाते हुए स्थानीय लोगों ने आदित्यपुर थाने में मामला दर्ज कराया है। स्थानीय लोगों ने झामुमो नेता पर कई गंभीर आरोप लगाये हैं। बताया कि जबरन मंदिर कमेटी का अध्यक्ष बनकर मंदिर के आसपास अपने लोगों के माध्यम से दुकान लगवा रहे हैं और उसके एवज में मोटी रकम की उगाही कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत जिले के वरीय पदाधिकारियों को भी की गयी है। इधर खुद पर लगे आरोपों को झामुमो नेता ने सिरे से खारिज किया है। दूरभाष पर बात करते हुए भुगलु सोरेन ने बताया कि पिछले तीन वर्षों से मंदिर का संचालन उनके द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के विधि- व्यवस्था और रखरखाव कैसे हो रही है इसकी चिंता किसी को नहीं है। आज जब मंदिर के संचालन को लेकर व्यवस्था में कुछ परिवर्तन किया जा रहा है तो स्थानीय लोग इसका विरोध कर रहे हैं। उनके द्वारा किसी से भी अवैध उगाही नहीं की गयी है ना ही उनके लोगों द्वारा किसी को परेशान किया जा रहा है। कुछ झोपड़ी का निर्माण किया गया हैं। फिलहाल मामला चाहे जो हो यदि धुंआ उठी है तो चिंगारी कहीं ना कहीं जरूर लगी होगी। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### केरला समाजम मॉडल स्कूल में वार्षिक जूनियर पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** केरला समाजम मॉडल स्कूल में वार्षिक जूनियर पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केरल पब्लिक स्कूल्स जमशेदपुर के निदेशक शरत चंद्रन, विशिष्ट अतिथि अकादमिक निदेशक श्रीमती लक्ष्मी शरत शामिल हुए। मौके पर छात्रों ने रंगारंग नृत्य, प्रेरणादायक गीत और नाटकीय समूह कविता पाठ के माध्यम से अपनी प्रतिभा और कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। उनके प्रस्तुतिकरण को जीवंत बनाने के लिए रंग-बिरंगे और यथार्थपूर्ण सजावटी सामग्री का प्रयोग किया गया।विद्यालय की उप-प्राचार्या श्रीमती रीना बनर्जी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए विभिन्न गतिविधियों व परियोजनाओं में छात्रों की भागीदारी को दर्शाया। उन्होंने कहा कि केवल अकादमिक क्षेत्र ही नहीं, सह-पाठयक्रम गतिविधियों में भी कई छात्र-छात्राओं ने अंतर-विद्यालयी प्रतियोगिताओं में भाग लेकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। मौके पर विभिन्न वर्गों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले सर्वांगीण प्रतिभा पुरस्कार से सम्मानित छात्र-छात्राएं में कक्षा क्श की ख्याति प्रिया, कक्षा श के पल्लव सेनगुप्ता, कक्षा श्क के साई देवांशु ढाल, कक्षा VII के नैतिक सनवरिया शामिल है। सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करते हुए, विभिन्न वर्गों में विशिष्ट योगदान देने वाले छात्रों में कक्षा II के अक्षत जायसवाल को सर्वश्रेष्ठ कब, दिव्या गुप्ता को सर्वश्रेष्ठ बुलबुल, कक्षा I के अथर्व गुप्ता और आशी को सर्वश्रेष्ठ बनी अवार्ड भेट कर अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या नंदिनी शुक्ला और उप-प्राचार्य एएल अब्राहम, रीना बनर्जी और सुजाता सिंह के प्रेरणादायक मार्गदर्शन में शिक्षकगण छात्रों की प्रतिभा को उत्कृष्ट रूप में उभारने में सफल हो रहे। अभिभावकों का सहयोग विद्यालय को समाज में एक विशिष्ट स्थान दिलाने में सहायक है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक एवं छात्रगण ने आगामी सत्र के लिए एक नयी ऊंचाई तय की है और उसे प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### मानगो पेयजल परियोजना का 15 दिन में नगर विकास विभाग को होगा हस्तांतरण : सरयू राय



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** विधायक सरयू राय ने शुक्रवार को नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार से मुलाकात कर मानगो और जेएनएसी क्षेत्र की जनसुविधाओं पर चर्चा की। बैठक में तय हुआ मानगो पेयजल परियोजना का संचालन अब नगर विकास विभाग करेगा। साथ ही बालीगुमा क्षेत्र में जलापूर्ति के लिए अभियंताओं को निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान सतनाला डैम के पानी का इस्तेमाल करने की योजना और कन्वेंशन सेंटर व डीएम लाइब्रेरी को शीघ्र शुरू करने पर सहमति बनी। स्काडा सिस्टम, रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, नाला शुद्धिकरण जैसे प्रस्तावों को भी मंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया दी।विधायक सरयू राय ने होल्डिंग टैक्स, टाटा स्टील संपत्ति पर टैक्स, जानवरों का सर्वे, और लीज भूमि से जनसुविधा के लिए जमीन मुक्त कराने का भी सुझाव दिया। विधायक ने कहा कि शेष मुद्दों पर चर्चा के लिए अगली बैठक जल्द तय होगी।

### नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी को मिली एमटेक की एआइसीटीइ से मान्यता, एडमिशन शुरू




**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष यूनिवर्सिटी को एआईसीटीई से एमटेक कोर्स की मान्यता मिल गयी है। अब यूनिवर्सिटी में डिप्लोमा और बीटेक के साथ-साथ सत्र 2025-27 से एमटेक की पढ़ाई भी शुरू होगी। शुक्रवार को रजिस्ट्रार नागेंद्र सिंह ने बताया यह कोर्स इंडस्ट्री की जरूरतों के अनुसार तैयार किया गया है ताकि विद्यार्थियों को थ्योरी के साथ-साथ प्रैक्टिकल नॉलेज भी मिले। एमटेक कोर्स कंप्यूटर साइंस, इलेक्ट्रॉनिक्स, मैकेनिकल, सिविल, माइनिंग सहित कुल 21 विषयों में कराया जाएगा।एमटेक करने से विशेषज्ञता, बेहतर जॉब अवसर, सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता, रिसर्च व उच्च शिक्षा में मार्ग प्रशस्त और उच्च वेतन का लाभ मिलेगा।

## तारा लाल पर टूटा दुखों का पहाड़, आर्थिक मदद की मांग

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। अरसली उतरी पंचायत निवासी तारा लाल श्रीवास्तव के ऊपर एक बार फिर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। पहले ही पत्नी का निधन और अब मां की अचानक मौत ने उनके जीवन में गहरा संकट ला दिया है। तारा लाल श्रीवास्तव की धर्मपत्नी सुरुचि देवी का देहांत 10 अप्रैल 2025 को हुआ था। वह लंबे समय से बीमार चल रही थीं। उनके निधन से तारा लाल मानसिक और आर्थिक रूप से टूट चुके थे। लेकिन 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे उनकी मां किरण देवी की अचानक तबीयत खराब हो गयी। वह उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही किरण देवी कि मौत हो गयी। तारा लाल के पिता की पहले मौत हो चुकी हैं। अब उनकी पत्नी और मां दोनों का निधन कुछ ही दिनों के अंतराल में हो गया है। परिवार की आर्थिक स्थिति पहले से ही बेहद कमजोर है। इनका घर मिट्टी की है जिस पर त्रिपाल लगाकर रहते है। इस त्रासदी ने उनकी परेशानी और बढ़ा दी है। पंचायत के उप मुखिया मिना देवी ने बीडीओ से संपर्क कर तारा लाल श्रीवास्तव के परिवार को आपदा राहत फंड अथवा अन्य सरकारी योजना के तहत तत्काल आर्थिक सहायता देने की मांग की है। ग्रामीणों ने भी प्रशासन से अपील की है कि तारा लाल जैसे सामाजिक रूप से सक्रिय और जरूरतमंद व्यक्ति को हर संभव मदद दी जाये।

### सिविल सेवा में चयनित होकर पहली बार घर पहुंचीं छाया का हुआ भव्य स्वागत

# मैं जनता की अफसर बनना चाहती हूं : छाया कुमारी

**गढ़वा रेलवे स्टेशन पर परिजनों संग ढोल-तरसा के साथ स्वागत करने पहुंचे लोग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा-2024 में 530वां रैंक हासिल करने वाली गढ़वा जिला अंतर्गत मेराल प्रखंड के अकलवानी गांव की छाया कुमारी शुक्रवार को अपने घर पहुंची। छाया ने अपने गांव के पहले आईएएस बनकर क्षेत्र और परिवार का नाम रोशन किया है। ऐसे में छाया को गढ़वा पहुंचने की सूचना पर परिवारजनों के संग गांव समाज के लोगों ने अहले सुबह 4 बजे ढोल-तरसा लेकर रेलवे स्टेशन पहुंच अपनी पलक पावड़े बिछाये खड़े थे, जैसे ही छाया एक्सप्रेस से उतरी लोगों ने फूल माला और बुके देकर भव्य स्वागत किया। वहां से चार पांच गाड़ियों का काफिला चला जो चिनियां मोड़ और चिरौंजिया मोड पर भी पहले से पलक पावड़े बिछाए लोगों ने फूलमाला और बुके देकर स्वागत किया। छाया ने सबसे पहले अपने गांव के प्राचीन शिव मंदिर और सूर्य मंदिर में माथा टेक कर आशीर्वाद लिया। इसके बाद लोगों के साथ पैदल ही जुलूस की शक्ल में चल पड़ी। करीब एक किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद अपने घर पहुंची, रास्ते में सैकड़ों महिला-पुरुष और युवक, युवतियों ने छाया को गले लगा कर खूब प्यार और आशीर्वाद दिया। घर पहुंचने पर मां के साथ अन्य महिलाओं ने आरती उतारी और गले से लगाया। मौके पर बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों संग फोटो खिंचवाने के बाद पूछने पर कहा कि जो युवा अपने करियर की तैयारी को चुना है उसमें मन लगाकर तैयारी कीजिए, हार्ड वर्क कीजिए, असफलता से घबराए नहीं, आगे सफलता जरूर मिलेगी। बस कोशिश करते जाइए, कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती। छाया ने कहा कि सिविल सर्विस में जाना मेरा बचपन का ड्रीम था। बीएससी और एमएससी नामधारी कॉलेज से करने के बाद अपने बचपन के ड्रीम को पूरा करने के लिए दिल्ली कोचिंग करने गयी। करीब 1 साल के बाद कोरोना होने पर घर वापस आकर तैयारी करने लगी। चार बार असफल होने के बाद भी पांचवीं बार और हार्ड वर्क करके तैयारी की और सफलता मिली। छाया ने कहा कि जनता का लीडर तो बहुत सारे होते हैं, पर मैं जनता के लिए ऑफिसर बनना चाहती हूं। मौके पर लोगों ने पिता सुनील दुबे और मां सीमा देवी को भी फूल माला बनाकर बधाई दिया। मौके पर ज्ञान रंजन मिश्रा, संदीप दुबे, अंजनी दुबे, भाजपा नेता हरेंद्र कुमार द्विवेदी, मनीष गुप्ता, आशीष मिश्रा, अनिमेष चौबे, अरविंद पटवा, अनुज मिश्रा, बद्रीनाथ, अभिषेक, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ चौधरी, हासनदाग मुखिया पति हरेंद्र चौधरी सहित बड़ी संख्या में लोग थे। बाद में भाजपा नेताओं ने भी उनके घर जाकर उन्हें फूल माला पुष्पगुच्छ देकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी, जिसमें विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा, रुपू महतो, मनोज, रामाकांत, कृष्ण सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# अबुआ आवास योजना में गलत लाभुकों का चयन करने पर पंचायत सचिव निलंबित

**हलिवंताकला के मुखिया का वित्तीय शक्ति जब्त करने की हुई अनुशंसा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नगर उंटारी प्रखंड के हलिवंताकला पंचायत अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-2025 में अबुआ आवास योजना के सत्यापन में पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता द्वारा अयोग्य लाभुकों का चयन करने संबंधी मामले की जांचोपरांत 26 मार्च 2025 को श्री मेहता से स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। एक माह बीत जाने के बाद भी उनके द्वारा स्पष्टीकरण का जबाब नहीं दिया गया। इससे स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा उच्चाधिकारी के आदेश की अवहेलना की गयी है, साथ ही गलत प्रतिवेदन देकर अयोग्य लाभुकों को आवास का लाभ दिलाया गया है जो सरकारी राशि का दुरूपयोग के साथ-साथ घोर लापरवाही को दर्शाता है।

इसी के आलोक में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त शेखर जमुआर ने पंचायत सचिव नंद कुमार मेहता को अनियमितता के आरोप में सख्त कार्रवाई करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए इनका मुख्यालय प्रखंड-केतार निर्धारित किया है। निलंबन अवधि में श्री मेहता को जीवन निर्वहन भत्ता का भुगतान अनुमान्य होगा तथा उनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई भी संचालित होगा। वहीं ग्राम पंचायत हलिवंताकला के मुखिया सविता देवी के द्वारा ग्राम सभा से अयोग्य व्यक्तियों को अबुआ आवास का लाभ दिये जाने संबंधी मामले की जांच जिला स्तरीय जांच दल द्वारा कराया गया, जिसमें पाया गया कि ग्राम सभा से अयोग्य व्यक्तियों तथा पूर्व से आवास योजना प्राप्त परिवार को भी अबुआ आवास योजना अन्तर्गत चयनित कर स्वीकृति दिलायी गयी है। इस संबंध में सविता देवी से स्पष्टीकरण पृच्छा किया गया था। इनसे प्राप्त स्पष्टीकरण का जबाब संतोषजनक नहीं पाया गया।

उपायुक्त श्री जमुआर द्वारा उक्त परिप्रेक्ष्य में जांच प्रतिवेदन मुखिया द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण को साथ संलग्न करते हुए उनकी वित्तीय शक्ति जब्त करने की अनुशंसा हेतु पत्र पंचायती राज विभाग को भेजी गयी है। ग्राम पंचायत हलिवंताकला में जिला स्तरीय जांच दल से अबुआ आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत 12 घरों का याद्दच्छिक भौतिक सत्यापन कराया गया, जिसमें पाया गया कि अबुआ आवास योजना के लाभुकों के चयन में अनियमितता हुई है। जिसमें उनके द्वारा ही अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास की स्वीकृति तथा प्रथम किस्त की राशि विमुक्त करने की अनुशंसा किया गया था। ऐसा प्रतीत होता है कि उनके द्वारा गहनतापूर्वक पर्यवेक्षण नहीं किये जाने के कारण अयोग्य लाभुकों का पंचायत स्तर से चयन किया गया और राशि विमुक्त कराया गया, जो कदापि नियमानुकूल नहीं है। उक्त परिप्रेक्ष्य में निदेश है कि अयोग्य लाभुकों को किये गये भुगतान की गयी राशि एक सप्ताह के अंदर पुर्ण रूपेण वापसी कराते हुए अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें कि क्यों नहीं आपके द्वारा बरती गयी लपरवाही के कारण अनुशासनात्मक कार्रवाई किया जाये।

# शिक्षा के सशक्तिकरण में निजी विद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान : अलखनाथ पांडेय

**जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति की बैठक संपन्न**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय की अध्यक्षता में समिति के सदस्यों की बैठक आयोजित की गयी, जिसमें शिक्षा के सशक्तिकरण पर जोर दिया गया। समिति के अध्यक्ष अलख नाथ पांडेय ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में गढ़वा जिला और बेहतर करे इसके लिए मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि खासकर गढ़वा जैसे क्षेत्र में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने में निजी विद्यालयों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ती गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूली बच्चों के बचाव को लेकर हमेशा हर संभव सचेत रहने की आवश्यकता है।

वहीं संगठन के सचिव मदन प्रसाद केशरी ने कहा कि ये हमलोगों का सौभाग्य है कि शिक्षा को बढ़ावा देने में स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग प्राप्त है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में समन्वय समिति की ओर से निजी स्कूलों के शिक्षकों को एनईपी के लिए प्रशिक्षण कराया जायेगा। जिससे अपने जिले में पढ़ने और पढ़ाने वाले समस्त शिक्षा प्रणाली को एक धार मिले और हमारे बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो। अपने क्षेत्र में देश के प्रतिष्ठित परीक्षा यूपीएससी में उतीर्ण होने पर सभी ने खुशी जाहिर की साथ ही ये तमाम बच्चे कहीं न कहीं से इन्हीं निजी स्कूलों के उपज हैं। अतः अपने अपने स्कूल व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने पर जोर देने की बात कही गयी। मौके पर उपस्थित विभिन्न विद्यालयों के प्रबंधक और निदेशकों द्वारा भी शिक्षण कार्य हेतु सुझाव दिये गये। बैठक में मुख्य रूप से समिति के उपाध्यक्ष सुशील केशरी, सिस्टर रौशना, कोषाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, संयुक्त सचिव संजय सोनी, पी के दूबे, अशोक कुमार दूबे, मुजीब अंसारी, सुधीर पाठक, ऋषिराज कुमार, विबेक कुमार, अनिल विश्वकर्मा, महेंद्र विश्वकर्मा, चंद्रभूषण सिन्हा, तौहीद अंसारी आदि उपस्थित थे।

### पंचायत समिति की बैठक में पेयजल किल्लत का मुद्दा उठा

# प्रखंड कर्मी कार्यप्रणाली में लायें सुधार : प्रखंड प्रमुख

**प्रत्येक शुक्रवार को थाना दिवस का होगा आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** प्रखंड सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रमुख दीप माला कुमारी तथा संचालन बीडीओ सतीश भगत ने किया। बैठक में मुख्य रूप से सीओ यशवंत नायक, थाना प्रभारी विष्णु कांत, उप प्रमुख निजामुद्दीन खान, विधायक डॉ लालमोहन शामिल हुए। बैठक में प्रखंड द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस दौरान पंचायत समिति सदस्यों ने भीषण गर्मी के कारण गांवों में हो रही पेयजल की समस्या को प्रमुखता से रखा। सदस्यों ने कहा कि लाखों रुपये की लागत से बने कई जलमीनार तथा चापाकल खराब है। ग्रामीण भीषण गर्मी में पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं। जिस पर प्रमुख और बीडीओ द्वारा खराब चापाकल का सूची बनाकर मांग की गयी, ताकि सूची पीएचडी को मरम्मती के लिए दिया जा सके। वही बीडीओ द्वारा 15वें वित्त की योजनाओं को ऑनलाइन करने, योग्य लाभुक के आवास का पैसा रिलीज करने का निर्देश कर्मियों को दिया गया। वहीं अवैध रूप से बालू का खनन तथा भंडारण पर शक्ति से रोक लगाने तथा प्रत्येक शुक्रवार को थाना दिवस पर ग्रामीण के विवादों का निपटारा करने पर चर्चा हुई।

बैठक के दौरान प्रमुख द्वारा प्रखंड कर्मियों को कार्य प्रणाली में सुधार लाने की नसीहत दी गयी। उन्होंने कहा कि कई पंचायत समिति सदस्यों की शिकायत है कि ब्लॉक में आने पर उन्हें कई कर्मी पहचानने से भी इनकार करते हैं। बैठक में बीडीसी छाया कुमारी, नजीर सुनील कुमार, सहायक रिजवान अख्तर सहित बड़ी संख्या में सदस्य शामिल थे।

# चैता दुगोला कार्यक्रम का पूर्व विधायक ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** केतार प्रखंड के चौरा गांव में योगीवीर बाबा महोत्सव के अवसर पर आयोजित चैता दुगोला कार्यक्रम का उदघाटन पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने फीता काट कर किया। तत्पश्चात जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आंतकी हमले में मृत 28 लोगों की आत्मा कि शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इसके बाद गुड्डू हलचल और अमर अकेला के बीच दुगोला मुकाबला शुरू हुआ। पुर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में धर्म पूछ कर 28 हिंदू परिवारों को गोली मारने वाले न सिर्फ आतंकवादी को बल्कि आतंकवाद को पनाह देने वाले पाकिस्तान को भी सबक सिखाने की जरूरत है। पुर्व विधायक ने कहा कि चैता दुगोला कार्यक्रम का आयोजन कराने पर समाजसेवी पंकज सिंह को प्रसंशा किया। उन्होंने कहा कि इस तरह का आयोजन होने से हमारी सांस्कृतिक एवं संस्कार जीवित रहेगा। चैता दुगोला कार्यक्रम गांव और किस से जुड़ी परंपरा को जागृत करता है। चैत्र माह में वर्षों से चैता दुगोला आयोजित की जाती हैं, इसमें पारंपरिक संगीत की झलक मिलती है। इस अवसर पर भाजपा नेता दयानंद भगत, पंकज सिंह, निरज सिंह, धीरज, राजू सिंह, कन्हाई प्रसाद, मुखिया मूंगा साह, मनोरंजन, अनिल, रविंद्र, कांडी जिप सदस्य दिनेश कुमार, सौरभ सिंह, मनोज कुमार, राजू यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# झामुमो की नवगठित कमेटी ने प्रखंड कार्यालय का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता



**केतार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की नवगठित प्रखंड कमेटी ने शुक्रवार को शिष्टमंडल के साथ प्रखंड कार्यालय सह अंचल कार्यालय केतार का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र में व्याप्त मूलभूत समस्याओं को लेकर अंचल पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार से भेंट की और उन्हें स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया। शिष्टमंडल ने विशेष रूप से उन योजनाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिनमें सरकारी कर्मियों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने संबंधित कर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि योजनाओं के सही क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। निरीक्षण और बैठक के माध्यम से झामुमो की प्रखंड कमेटी ने यह संदेश दिया कि जनता से जुड़े मुद्दों पर पार्टी सतर्क है और सरकारी व्यवस्था को जवाबदेह बनाने के लिए लगातार सक्रिय भूमिका निभा रही है।

इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष लालेश्वर राम के नेतृत्व में इंतियाज अंसारी, संजय वर्मा, उपप्रमुख शंभू सिंह, बिंदु राम, श्याम बिहारी सिंह, सुरेश प्रसाद, रामविचार साहू, श्यामाराम, दिनेश वर्मा, शिव शंकर प्रसाद, नागेंद्र ठाकुर, सुरेंद्र सिंह, बुद्धदेव राम सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पहलगाम हमले के विरोध में हिंदू संगठनों ने पाकिस्तान का पुतला फूंका



**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित कर्पूरी चौक पर शुक्रवार शाम को पहलगाम (कश्मीर) में आतंकवादियों द्वारा की गयी 28 लोगों की निर्मम हत्या के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। यह कार्यक्रम विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका नेतृत्व बजरंग दल के प्रखंड अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे ने किया। पुतला दहन के दौरान उपस्थित लोगों ने 'पाकिस्तान मुर्दाबाद', 'आतंकवाद होश में आओ' जैसे गगनभेदी नारे लगाये और घटना की तीव्र निंदा की। वक्ताओं ने कहा कि देश में हो रही आतंकी घटनायें अब सहन नहीं की जायेगी। पाकिस्तान लगातार आतंकियों को पनाह देकर भारत की शांति भंग करने की साजिश रच रहा है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने केंद्र सरकार से आतंकवाद के खिलाफ सख्त कदम उठाने की मांग की और देशवासियों से एकजुट होकर इसका विरोध करने का आह्वान किया। इस अवसर पर किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राम लाला दुबे, राम लखन प्रसाद, हरिहरपुर विधायक प्रतिनिधि निर्मल विश्वकर्मा, मिथिलेश चौबे, संतोष सिंह, गौरी पाल, मुखिया पांडेय, श्यामकांत, गुड्डू चौबे, बलवंत, विजय, कैलाश सहित सैकड़ों सनातनी हिंदू मौजूद रहे।

## विरोध प्रदर्शन सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**भवनाथपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकवादी हमला के विरोध में रवि शंकर गुप्ता की अध्यक्षता में एक विरोध प्रदर्शन सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन गया। सूर्य मंदिर से कैंडल मार्च निकाला गया, जो शिव मंदिर होते हुए कर्पूरी चौक तक गया, जहां दो मिनट का मौन रख कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी गयी। इस दौरान प्रदर्शनकारी भारत माता की जय, वंदे मातरम, पाकिस्तान मुदार्बाद, आतंकवादियों को समर्थन करने वाले देशद्रोहियों मुर्दाबाद जैसे नारे लगा रहे थे।

मौके पर स्थित व्यावसायिक संघ अध्यक्ष नीतीश कुमार ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम घाटी में जिस तरह से पर्यटकों को उसका धर्म पूछकर गोली मारी गयी यह बहुत ही कायरतापूर्ण और निंदनीय कार्य है, इससे हमारा मनोबल कमजोर नहीं होगा और हमारे देश की अखंडता पर कोई आंच नहीं आयेगा। साथ ही जाति-जाति बात करने वालों को खरी खोटी सुनाते हुए कहा कि जब अपना धर्म ही नहीं बचेगा, तो यह जाति की लड़ाई लड़कर क्या करोगे। हम सभी को पाकिस्तान का आर्थिक बहिष्कार करना होगा जिससे इस्लामिक आतंकवाद जैसा शब्द ही पनप ना पाये। वहीं गुप्तेश्वर प्रसाद ने कहा कि यह आतंकवादियों द्वारा भारत के सीने पर हमला किया गया है या घटना आम अवाम के दिलों पर किया गया है, भारत की जनता सरकार से चाहती है कि वह इस घटना में संलिप्त जो भी व्यक्ति हैं उन सभी को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। मौके पर रवि शंकर गुप्ता, विहिप अध्यक्ष आशुतोष वैद्य, राजमोहन यादव, ब्रजेश गुप्ता, विनय मेहता, ओम प्रकाश आर्य, शंकर गुप्ता, विनय गुप्ता, उज्ज्वल जायसवाल, सत्येंद्र गुप्ता, जितेंद्र ठाकुर सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## एकल अभियान ने पहलगाम में मारे गये पर्यटकों को दी श्रद्धांजलि

**कायराना हरकत के विरुद्ध कठोर और निर्णायक कदम उठायें: डॉ पतंजलि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** एकल अभियान के तत्वावधान में शुक्रवार को मथुरा बांध के पास एक भावपूर्ण श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यह आयोजन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गये निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति हेतु किया गया। सभा की शुरूआत भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व माल्यार्पण कर किया गया। इसके पश्चात उपस्थित लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और उनके परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की।

इस अवसर पर संगठन के उपाध्यक्ष डॉ पतंजलि केसरी ने कहा कि पाकिस्तान समर्थित आतंकवाद के कारण देश की आंतरिक शांति पर निरंतर खतरा मंडरा रहा है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा इस नृशंस घटना के विरोध में जिले के 500 गांवों में श्रद्धांजलि सभाओं और विरोध जुलूसों का आयोजन किया गया है। पतंजलि केसरी ने प्रधानमंत्री से अपील की कि वे इस कायराना हरकत के विरुद्ध कठोर और निर्णायक कदम उठाएं। उन्होंने आतंकियों और उनके समर्थकों को चिह्नित कर उन्हें सख्त से सख्त सजा देने की मांग की ताकि भविष्य में कोई इस प्रकार का दुस्साहस करने का साहस न कर सके। संगठन सचिव एसएस वर्मा ने जानकारी दी कि एकल अभियान के अंतर्गत देशभर के एक लाख 25 हजार विद्यालय गांवों सहित दो लाख गांवों में श्रद्धांजलि सभाओं का आयोजन किया गया है। इस मौके पर संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी गौतम कुमार, अभियान प्रमुख जितेंद्र यादव, संस्कार शिक्षा प्रमुख अशर्फी चौधरी, राजीव यादव, रामनाथ राम, ज्योति प्रकाश, महेंद्र, विभिन्न विद्यालयों के आचार्यों सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में आतंकवाद के खिलाफ सशक्त कार्रवाई की मांग की और देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखने का संकल्प दोहराया।

## शहीद मनीष रंजन के आवास पर पहुंचे सांसद संजय सेठ, शोक जताया



आजाद सिपाही संवाददाता

**मुरी।** शुक्रवार को रक्षा राज्य मंत्री सांसद संजय सेठ जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए पश्चिम बंगाल के मनीष रंजन के आवास पर पहुंचे। उनके घर वालों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। झालदा स्थित शहीद मनीष रंजन के आवास पर भारतीय जनता पार्टी के रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष धीरज महतो और सिल्ली के मंडल अध्यक्ष अंबुज रजक भी उपस्थित हुए।

# अफीम की खेती पर रोक लगायें अधिकारी: उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने जिले के पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि वे खूंटी जिले में हर हाल में अफीम की खेती को रोकें। उपायुक्त शुक्रवार कों समाहरणालय स्थित सभागार में एककोर्ड (नार्को कॉ आर्डिनेशन सेंटर की हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण कें लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में पुलिस विभाग और एनकोर्ड से संबंधित अधिकारियों द्वारा अफीम की खेती के मामले में की गयी एफआइआर एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी दी गयी। प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी और सभी संबंधित अधिकारियों को अग्रेतर कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिये गये। उन्होंने जिले में शत प्रतिशत अफीम की खेती की रोकथाम को लेकर थाना प्रभारी एवं अंचल अधिकारी को समय-समय पर छापामारी करने के साथ ही स्थानीय जन प्रतिनिधियों और ग्रामीणों कें साथ बैठक करने का निर्देश दिया। बैठक के माध्यम से उन्हें जागरूक करने एवं वैकल्पिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर देने का निर्देश दिया। बैठक में थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती एवं अन्य मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आस पास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी और कार्रवाई को लेकर निर्देशित किया गया। साथ हीं विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाने को लेकर जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में अफीम, ब्राउन शुगर समेत अन्य मादक पदार्थों को लेकर आवश्यक रूप से सघन छापामारी अभियान चलाया जाए। साथ ही मादक पदार्थों के खरीद-बिक्री करने वाले दोषियों के विरुद्ध भी त्वरित और विधि-सम्मत कार्रवाई की जाय। मादक पदार्थों के परिवहन पर भी विशेष निगरानी रखी जाये। मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, एसडीपीओ, एनकोर्ड के सदस्य, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी आदि उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता सेनानी गंगा नारायण सिंह को दी गयी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**ईचागढ़।** भूमिज विद्रोह के महानायक स्वतंत्रता सेनानी शहीद गंगा नारायण सिंह की जयंती अवसर पर आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरे लाल महतो ने श्रद्धांजलि अर्पित की। नीमडीह प्रखंड के बांधडीह और सामानपुर मोड़ पर स्थित शहीद गंगा नारायण सिंह के प्रतिमा पर हरे लाल महतो ने अपने समर्थकों संग माल्यार्पण किया। इस अवसर पर हरे लाल महतो ने कहा कि गंगा नारायण सिंह जैसे हजारों स्वतंत्रता सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ लड़ाई लड़ते हुए शहिद दी है। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य असित सिंह पात्र, हरि सिंह सरदार, विपुल सिंह, भानू सिंह सरदार, दिगंबर सिंह सरदार, भोला सिंह सरदार, अजय सिंह सरदार, हरि नारायण सिंह, मिथुन पांडे, रवि महतो, कांचन सिंह समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## खूंटी नगर शाखा का वार्षिक चुनाव संपन्न, अंकित जैन बने अध्यक्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच, खूंटी नगर शाखा का वार्षिक चुनाव शुक्रवार को राजस्थान भवन में पूर्व अध्यक्ष दय लाल भाला की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में कराया गया। सत्र 2024-25 के अध्यक्ष अखिल सरावगी को पुष्पगुच्छ देकर विदाई दी गयी। सत्र 2025-2026 के लिए अंकित जैन को नया शाखा अध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में सचिव मुकुल पीपुरिया, कोषाध्यक्ष ओम प्रकाश शर्मा, उपाध्यक्ष शालिनी जैन, रोशन जगनानी, आशीष अग्रवाल और राजेश मिश्रा का चयन किया गया। संयोजक के रूप में गौरव जैन, संदीप पीपुरिया, हिमांशु अग्रवाल, आशीष जैन, विशाल जैन, नेहा सरावगी, शिवांगी पीपुरिया, सिमरन जैन, आशीष पीपुरिया, निक्की जैन, शिल्पी अग्रवाल, रुचि अग्रवाल, प्रियंका जैन, रिंकू जैन, काजल जगनानी, श्वेता भाला, शिखा पीपुरिया, पूजा जैन, प्रिंस अग्रवाल, अनुराग प्रतीक आदि का चयन किया गया है। मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंकित जैन ने कहा कि उनका प्रयास अधिक से अधिक सामाजिक कार्य करने का रहेगा। मंच के स्थाई कार्यक्रम नेकी की दीवार, रक्तदान शिविर, अमृतधारा, कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण, कन्या श्रभ्रूण संरक्षण आदि पर विशेष जोर रहेगा। साथ ही समाज के युवाओं को मंच से जोड़ने का प्रयास किया जायेगा।

## शत्रुघ्नडीह में तीन दिवसीय रामचरित्रमानस पाठ संपन्न





आजाद सिपाही संवाददाता

**सोनाहातू।** प्रखंड के तेलवाडीह पंचायत के शत्रुघ्नडीह गांव में तीन दिवसीय राम चरित्र मानस पाठ का समापन शुक्रवार को किया गया। गुरुवार की रात जागरण के अवसर पर कथा वाचकों के साथ स्थानीय कलाकारों ने राम लीला की झांकी प्रस्तुत किया। राम चरित्र मानस पाठ के समापन के जागरण बेला में पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि फणी भूषण सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान भूतनाथ सिंह मुंडा, दलेल चंद्र महतो, धीरेश प्रमाणिक, गोवर्धन सेठ, विष्णु चरण महतो, भजोहरि महतो, धनंजय महतो, नेहरू साहू, सुषेण मुंडा, राहुल मुंडा, लखीदास मुंडा, गीता देवी, जीरा वाला देवी, आदि मौजूद थे। कार्यक्रम को आयोजन कर्ता के साथ मानस मंडली सदस्यों का योगदान रहा।

## स्वस्थ रहने के लिए हमेशा पारंपरिक और पौष्टिक भोजन ही खायें: प्राचार्या

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल खलारी में गुरुवार को सीबीएसइ द्वारा जारी निर्देशानुसार पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतिम दिन विद्यालय में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कक्षा चार के विद्यार्थियों द्वारा एक हास्य नाटक प्रस्तुत किया गया। जिसमें अपोषणीय खाद्य पदार्थ और तली-भुनी चीजें खाने से शरीर को होने वाले नुकसान एवं पारंपरिक और पौष्टिक भोजन खाने से क्या फायदे बताये गये। कक्षा चार के नन्हे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत हास्य नाटक में सूत्रधार अनन्या सिंह, अंबुज कर्मकार और मुकेश कुमार सिंह के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया गया। इसके अलावा कक्षा सात और आठ के विद्यार्थियों के बीच क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका शीर्षक पोषण स्वास्थ्य और स्वच्छता था। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर सैंट उसुर्ला हाउस, द्वितीय स्थान पर फादर जॉन लैंबर्ट्स और तृतीय स्थान पर सैंट जेवियर हाउस रहे। इस क्विज प्रतियोगिता के संचालक शिक्षक शशि कुमार थे।

इस अवसर पर प्राचार्या डॉ सिस्टर निर्मला सैमुअल ने इस पोषण पखवाड़ा को सफल बनाने में शिक्षकों और विद्यार्थियों का आभार प्रकट किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि अपने लंच बॉक्स में हमेशा पारंपरिक और पौष्टिक भोजन ही लायें। उन्होंने माता-पिता और अभिभावकों से भी अपील किया कि वे अपने बच्चों की टिफिन में पौष्टिक भोजन ही दें, जंक फूड नहीं दें। जंक फूड का प्रयोग न्यूनतम करने को कहा ताकि बच्चे स्वस्थ रहें। इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं और विद्यार्थी उपस्थित थे।

## विधायक के प्रयास से डिगरी में लगा ट्रांसफार्मर, ग्रामीणों में हर्ष



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** तोरपा कें विधायक सुदीप गुड़िया के प्रयास ने तोरपा प्रखंड के डिगरी गांव में 100 केवी का नया विद्युत ट्रांसफार्मर लगाया गया। ज्ञात हो कि गांव का ट्रांसफार्मर खराब हो गया था।. इसकी जानकारी विधायक को दी गयी। विधायक ने तुरंत बिजली विभाग के अधिकारियों से बात कर नया ट्रांसफार्मर लगाने का निर्देश दिया।

इसके बाद शुक्रवार को यहां नया ट्रांसफर्मर लगा दिया गया। ग्रामीणों ने इसके लिए विधायक को धन्यवाद दिया। ग्रामीणों ने ट्रांसफार्मर के उद्घाटन के लिए विधायक को आमंत्रित किया था, पर विधायक सुदीप गुड़िया ने गांव के बुजुर्ग दशरथ साहू से ट्रांसफार्मर का उद्घाटन कराया। उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और समाधान का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि तोरपा विधानसभा मेरा परिवार है। परिवार के सुख-दुःख में शामिल रहेंगे और परिवार में जो समस्या आयेगी, उसको दूर करेंगे। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रुबेन तोपनो, दीपक फ्रांसिस भेंगरा, संतोष जायसवाल, अजित तोपनो, दीना साहू आदि उपस्थित थे।

## राय रेलवे स्टेशन पर जम्मूतवी एक्सप्रेस के ठहराव को मिली स्वीकृति, लोगों ने आभार प्रकट किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**खलारी।** रांची लोकसभा क्षेत्र के राय रेलवे स्टेशन में रेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जम्मूतवी एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति प्रदान की है। इसके साथ ही राय क्षेत्र के लोगों की मांग पुरी हो गयी। बहुत जल्द जम्मूतवी एक्सप्रेस का ठहराव राय रेलवे स्टेशन पर आरंभ हो जायेगा। जम्मूतवी एक्सप्रेस के ठहराव को स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ का भाजपा खलारी मंडल के साथ राय, बचरा, डकरा, खालारी की जनता की ओर से सहृदय से आभार प्रकट किया। मालुम हो कि पुर्व में रेलवे महाप्रबंधक हाजीपुर और डीआरएम धनबाद की बोर्ड मीटिंग में सांसद संजय सेठ की ओर से एजेंडा में राय स्टेशन पर जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन की ठहराव की मांग की गयी थी। वहीं पुनः रेलवे बोर्ड नई दिल्ली की बैठक से केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री ने रेल मंत्री से हुई वार्ता में ट्रेन ठहराव पर सहमति बनी थी। आभार व्यक्त करने वाले में शैलेंद्र शर्मा, अनिल गंझू, कार्तिक पांडेय, अरविंद सिंह, फुलेश्वर महतो, शशिभूषण सिंह, विकास सिंह, भरत रजक, आनंद झा, अश्वनी दराद, धीरेंद्र प्रसाद, शोखी महतो, शत्रुंजय सिंह, शशि प्रसाद साहू, किरण देवी, नेपाल सिंह, दीनानाथ सिंह, दिनेश्वर सोनी, नागदेव सिंह, प्रदीप कुमार ठाकुर, चतुर्गुण भुईयां, श्याम सुन्दर सिंह, राजीव चटर्जी, कृष्णा चैहान, आनंद कुमार सिंह, विकास दुबे, रमेश विश्वकर्मा, राजू गुप्ता, रामसूरत यादव, रितेश केशरी, गणेश महतो, कमलेश महतो, रामेश्वर महतो, रूपलाल महतो, दिलीप पासवान, भारत प्रजापति, मिथिलेश प्रजापति, रविभूषण, रतन लाल, प्रदीप कुमार सिंह, दिनेश गुप्ता, जितेंद्र भारतीय, सुबोध रजक, जितेंद्र पांडेय, शिव कुमार चैधरी, शशिकांत सिंह, विनोद विश्वकर्मा, अमरभूषण सिंह, ममता केशरी, अंशु सिंह, सरिता सिंह, नीरा देवी, दीप शिखा पांडे, जयंती शर्मा, लालेश्वर यादव, प्रदीप प्रामाणिक, कुलदीप लोहारा, दिलीप गंझू सहित अन्य शामिल हे।

## त्रिदेव मंदिर की वर्षगांठ कल से, निकाली जायेगी मंगल कलश यात्रा



**खूंटी (आजाद सिपाही)। मुरहू प्रखंड के राजा कुंजला गांव स्थित त्रिदेव मंदिर का दो दिवसीय वर्षगांठ समारोह 27 और 28 अप्रैल को मनाया जायेगा। इस संबंध में राजा कंजला कें ग्राम अध्रूक्ष काशीनाथ महतो ने बताया कि 27 अप्रैल कों सुबह 7.30 बजें त्रिदेव मंदिर प्रांगण से भव्य कलश यात्रा निकाली जायेगी, जिसे में सैकड़ों श्रद्धालुं शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि उसी दिन अपराह्न एक बजे सेमंदिर परिसर में 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन शुरू होगा, जिसका समापन 28 अप्रैल कों दोपहर 1.30 बजे हवन आ ौर पूणार्हुति के साथ होगा। उन्होंने बताया कि 28 अप्रैल कों रात आठ बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यकम का आयोजन किया जायेगा।**

## पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गये लोगों को दी गयी श्रद्धांजलि



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** रामशोभा कॉलेज आफ एजुकेशन में एनएसएस इकाई द्वारा पहलगाम (कश्मीर) में आतंकी हमले में मारे गये लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गयी। प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया, एनएसएस प्रभारी अभिषेक कुमार पांडेय सहित व्याख्यातागण और स्वयंसेवक प्रशिक्षुओं ने दो मिनट मौन रख कर श्रद्धांजलि दी। प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने कहा कि पहलगाम की यह घटना मानवता पर सीधा प्रहार है। अब समय आ गया है कि देश की रक्षा और सुरक्षा के लिए सभी देशवासियों को संगठित होकर आगे बढ़ना होगा और हिंसा में पीड़ित परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

## पहलगाम में हमले को लेकर बच्चों ने निकाली रैली



**राहे (आजाद सिपाही)।** राहे के मदर्स प्राइड स्कूल के द्वारा पहलगाम में हुए हमले को लेकर बच्चों के द्वारा रैली निकाली गयी, जो स्कूल से लेकर सुभाष चौक तक कैंडल मार्च निकाली गयी। सुभाष चौक पहुंचकर बच्चों ने हमले में मारे गये लोगों के आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर मदर्स प्राइड स्कूल के प्रिंसिपल राजकुमार महतो, वॉइस प्रिंसिपल अनुज कुमार, शिक्षक सोनू, सूरज, विवेक जन्मजेय, परमेश्वर, अंशु, संजय, नीलम, झीना, पूनम, आशाआदि उपस्थित हुए।

## एकल अभियान पांच दिवसीय वार्षिक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग का हुआ समापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** एकल अभियान दक्षिण झारखण्ड सम्भाग अंचल खूंटी का पांच दिवसीय वार्षिक आचार्य प्रशिक्षण वर्ग शुक्रवार को संपन्न हो गया। समापन सत्र की शुरूआत बालमुकुंद कश्यप, दक्षिण झारखण्ड सम्भाग उपाध्यक्ष ने भारत माता और माता सरस्वती के चित्र समकक्ष दीप प्रज्वलित कर की। कश्यप ने गीत के माध्यम से भारत माता की रक्षा के लिए संकल्प कराया। मौके पर मनोज कुमार अंचल समिति उपाध्यक्ष ने आचार्यों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि आप सभी आचार्य बंधु-भगिनी पांच दिवसीय प्रशिक्षण लिए और जो प्रशिक्षण में सीखा, उसे अपने अपने कार्य क्षेत्र में उपयोग करें। जम्मू कश्मीर में आतंकियों द्वारा हिंदुओं का नरसंहार हुआ, वह निंदनीय है। हम सभी कार्यकर्ताओं और आचार्यों को संगठित रहने की जरूररत है। मौके पर ज्योतिष भगत और राजकुमार जयसवाल दक्षिण झारखण्ड सम्भाग उपाध्यक्ष ने भी विचार व्यिक्त किये। मौके पर रंजीता देवी ,नौरी पूर्ति, कुमार सौरव, जय कुमार यादव, सुंदर पाहन और बिरेंद्र मुंडा आदि मौजूद थे।

## मस्जिद में जुमे की नमाज के बाद आतंकी हमले का किया गया विरोध

**पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा जामा मस्जिद में शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद जम्मू कश्मीर के पहलगाम मे हुए आतंकी हमले का पुरजोर तरीके से विरोध किया गया। इस दौरान सभी नमाजियों ने बचरा जामा मस्जिद के बाहर मुख्य द्वार पर आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की और आतंकी हमले का पुरजोर विरोध किया। इस संबंध में बचरा जामा मस्जिद के इमाम हाफिज मुमताज आलम ने घटना की कड़ी निन्दा की और कहा कि आतंकवाद किसी धर्म, जाती और मजहब का नहीं होता। आतंकवादी जो कोई भी हो उसे कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मौके पर मौजूद रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने कहा कि यह घटना काफी निंदनीय है। साथ ही साथ मृतक परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा देश उनके साथ है।वही घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की गयी।**

# पहलगाम हमले के खिलाफ काली पट्टी लगा कर अदा की जुम्मे की नमाज



आजाद सिपाही सुंवाददाता

**खूंटी।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों द्वारा किये गये बर्बर हमले की तोरपा के मुसलमान ने कड़ी निंदा की है। निर्दोष लोगों की हत्या के विरोध में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने काली पट्टी लगाकर जुम्मे की नमाज अदा की। मौके पर लोगों ने कहा कि यह बहुत ही अफसोसनाक है कि हमारे देश में कुछ दहशगर्दों ने बुजदीली हरकत की है, जिसकी मजहब ए इस्लाम कड़ी निंदा करता है।

ऐसी कार्रवाइयों का इस्लाम बिल्कुल इजाजत नहीं देता। उन्होंने कहा कि दहशगर्दों को कड़ी से कड़ी सजा दी जाये। हम अपने वतन हिंदुस्तान में अमन और शांति की दुआ करते हैं और सरकार से मांग करते हैं कि सरकार घटना में शामिल आतंकियों को सबक सिखाएं। मौके पर हाफिज एजाज अहमद, मो कलीम खान, महताब खान, दानिश राजा, अब्दुल कुद्दूस, गुलाम मुस्तफा, शाहिद अहमद, मेराज, रोजित अंसारी, गुलाम मुस्तफा अंसारी, शमशाद अंसारी, अरमान आदि मौजूद थे।

## रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने के लिए की जायेगी भूख हड़ताल : सुखी गंझू



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** विस्थापित प्रभावित ट्रक टिपर ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुखी गंझु ने स्थानीय सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन से रोड सेल में कोयला आवंटन बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से रोड सेल में कोयले की कमी के कारण ट्रकों का परिचालन काफी कम हो गया है, जिसके कारण ऑनरो की आर्थिक स्थिति बहुत ही खराब हो गयी है। कोयले के अभाव में ऑनर को काफी परेशानी हो रही है। जबकी सीसीएल प्रबधंन प्रतिदिन हजारों टन कोयला उत्पादन करती है,लेकिन रोजगार के लिए रोड सेल में कोयला बहुत कम देती है। उन्होंने कहा कि रोड सेल के माध्यम से क्षेत्र के सैकड़ो विस्थापित ग्रामीणो को रोजगार मुहैया हो रहा था। कई विस्थापित ग्रामीण रोड सेल में ट्रक चलाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से सीसीएल प्रबंधन के द्वारा रोड सेल में कोयले की कटौती करने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार सीसीएल प्रबंधन से कोयला आवंटन बढ़ाने के लिए बात की गयी, लेकिन कोई सकारात्मक पहल नहीं की गयी है। उन्होंने कहा कि प्रबंधन के इस रवैया के कारण ऑनरों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है। यदि जल्द सीसीएल प्रबंधन इस समस्या का समाधान नहीं करती है तो आने वाले दिनों में उग्र आंदोलन करते हुए सभी ऑनर भूख हड़ताल पर बैठेंगे।

# जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय : थाना प्रभारी



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** पुलिस-प्रशासन ग्रामीण स्तर पर लोगों को होने वाली हर समस्याओं के समाधान के प्रति हमेशा साथ खड़ी रहती है। उक्त बातें नरकोपी थाना प्रभारी नागेश्वर साव ने कही। वे शुक्रवार को रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नरकोपी थाना क्षेत्र अंतर्गत करकरी पंचायत में शुक्रवार को मुखिया, पड़हा राजा, पड़हा दिवान, ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि, विधायक प्रतिनिधि और ग्रामीण की उपस्थिति में आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने पुलिस पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित, डायल 112, सड़क दुर्घटना, महिला संबंधी अपराध, जमीन संबंधी विवाद एवं पंचायत में अन्य समस्याओं के साथ ही गांव को नशा एवं अपराध मुक्त बनाने, महिला उत्पीड़न को रोकने और साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए एक जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान नरकोपी थाना प्रभारी ने बताया कि 112 सेवा आने के बाद जरूरत पड़ने पर लोगों तक कम से कम समय में पुलिस की मदद पहुंच रही है। लोगों को अगर कहीं कोई समस्या हो तो जरूरी नहीं कि वे थानों पर जाएं। अधिकारियों के चक्कर लगाएं। बल्कि एक कॉल कर दें। उन्होंने इंटरनेट मीडिया के इस्तेमाल के साथ साइबर खतरों की जानकारी को भी जरूरी बताया। कहा कि अनजान नंबर या अनजान एप से वीडियो काल रिसीव ना करें। किसी भी व्यक्ति के कहने पर मोबाइल में रिमोट एक्सेस ऐप या अन्य कोई एप डाउनलोड ना करें। केवाईसी अपडेट के नाम पर किसी को भी लिंक अथवा ओटीपी शेयर ना करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता ही साइबर ठगी से बचने का सबसे बड़ा उपाय है। गांव में होने वाले छोटे-मोटे विवादों को आपसी सहमति से सुलझा लिया जाए, जिससे थाना-कचहरी जाने से बचा जा सके। लोगों से अफीम, पोस्ता, गांजा जैसे मादक पदार्थों की खेती ना करने की अपील की। कहा कि अफीम की जगह वे फल, सब्जी आदि की खेती करें। वहीं, डायन प्रथा जैसे अंधविश्वास बाल मजदूरी, बाल व्यापार, गांव के युवाओं व ग्रामीण को नशे से कैसे दूर किया जाए इसको लेकर ग्रामीणों को जागरूक किया। साथ ही लोगों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। इस दौरान पुलिस और जनता के बीच आपसी विश्वास को मजबूत करने के लिए आमजन से सुझाव भी लिये गये। वहीं, ग्रामीणों की ओर से गांव की सुरक्षा, समस्या के समाधान के लिए ग्राम रक्षा दल गठन करने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुखिया और उपमुखिया सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में लापुंग बंद सफल, निकाला गया कैंडल मार्च



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में विगत 22 अप्रैल को निहत्थे 26 पर्यटक को आतंकियों द्वारा हत्या किये जाने के विरोध में शुक्रवार को विहिप एवं बजरंग दल के आह्वान पर शुक्रवार को बाजार सहित लापुंग बंद रहा। जिसे आम लोगों ने भी व्यापक समर्थन दिया। साथ ही दुकानदारों ने खुद ही अपनी-अपनी दुकानें बंद रखीं। साप्ताहिक हाट सापुकेरा बाजार भी बंद रहा। लापुंग सहित ककरिया, महुगांव, लालगंज, दोलांइचा, फतेहपुर में भी बंद का व्यापक असर दिखा। हालांकि सरकारी कार्यालय खुले रहे, लेकिन लोगों का आवागमन बहुत कम रहा। इस दौरान विहिप एवं बजरंग दल के लोग सड़क पर उतर कर बंद को सफल बनाने की अपील करते दिखे। आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि आतंकियों और पाकिस्तान के खिलाफ भारत सरकार कठोर से कठोर कार्रवाई करे। वहीं ककरिया में देर शाम कैंडल मार्च निकाल कर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इस मौके पर विहिप संरक्षक नंदलाल साहू, कार्यकारी अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, जसपाल साहू और समीर गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में प्राथमिक शिक्षक संघ ने काली पट्टी बांध कर किया प्रदर्शन



**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में विगत 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के विरोध में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश कमेटी के आह्वान पर ओरमांझी प्रखंड के राजकीयकृत्य मध्य विद्यालय चकला, मध्य विद्यालय ओरमांझी (बालक), उत्क्रमित मध्य विद्यालय खीराबेड़ा, नवसृजित प्राथमिक विद्यालय सवैया सहित कई विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने कालीपट्टी लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षा संघ के प्रखंड अध्यक्ष सह जिला प्रवक्ता सतीश बड़ाईक, निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी नसीम अहमद, बिमलेश मिश्रा, सहदेव कुमार, कुमारी किरणमाला, आशा कुमारी, दिनेश कच्छप, मो मुस्तफा अंसारी, सुचित्रा कुमारी, अनुपा शैल बाला कुजूर, संगीता कुमारी, डीकेश शर्मा, उषा लकड़ा, सरित धारा, प्रीति कुमारी, रूपम रानी, सरोजिनी कुमारी, प्रभा देवी, सुषमा देवी आदि ने काली पट्टी लगाकर आतंकी हमले की निंदा की। कहा कि मानवता को कलंकित करने वाले कायरतापूर्ण हमला करने वाले आतंकियों के खिलाफ कड़ा कदम उठाया जाना चाहिए।

# पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में इटकी में निकाली गयी मशाल रैली

**इटकी (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय हिंदू जागरण समिति एवं इटकी नवयुवक संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में मशाल सह आक्रोश रैली निकाली गयी, जो देवी मंडप चौक से शुरू होकर बाजार टाड बस स्टैंड चौक होते पुनः महावीर चौक होते हुए उच्चा विद्यालय से वापस देवी मंडप चौक आकर सभा में तब्दील हो गयी। वक्ताओं ने पहलगाम में जाति-धर्म पूछ कर हिंदुओं की हत्या किये जाने की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से जल्द से जल्द आतंकियों के खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की। साथ ही मृतकों के आश्रितों को उचित मुआवजा और नौकरी देने की मांग की। इस मौके पर नवयुवक संघ के पवन गोप, प्रवीण केशरी, तेजप्रताप गोप, रेवन्ती देवी, अमित, तपेश्वर, अभिषेक, निरंजन, विकास, विशाल, मनीष, हिन्दू जागरण समिति के देवेंद्र महतो, नंद किशोर मेहता, श्याम कुमार रंजीत महतो और कृष्णा राम तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## उषा मार्टिन फाउंडेशन ने दिव्यांगों के बीच वितरित किया सहायक उपकरण

# समाज सेवा सर्वोच्च कार्य : प्रदीप वर्मा

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** उषा मार्टिन फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को टाटीपूर्वी के पंचायत कार्यालय में दिव्यांग सहायता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 25 दिव्यांगजनों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, स्मार्ट केन, एमआर किट और ईयर मशीन जैसे सहायक उपकरण दिये गये। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राज्यसभा सांसद डॉ प्रदीप वर्मा ने दिव्यांगों की सेवा को समाज की सबसे बड़ी सेवा बताया। कहा कि इन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में हरसंभव प्रयास किए जाने चाहिए। कहा कि उषा मार्टिन के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार और विकास के वैकल्पिक अवसर मिल रहे हैं,



कार्यक्रम में उपस्थित राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा और अन्य गणमान्य।

जिसका अधिक से अधिक लाभ उठाया जाना चाहिए। वहीं, उषा मार्टिन के सीएसआर प्रमुख डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि कंपनी द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, क्षमता निर्माण और कृषि को वैकल्पिक आय के रूप में प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। गांवों के दिव्यांगजनों को दीपशिखा के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर बनाया जा सके। वहीं, मुखिया कृष्णा पहान ने कहा कि उषा मार्टिन के सहयोग से गांवों के विकास में योगदान दिया जा रहा है। भाजपा नेता राजन साहू ने कहा कि ऐसे सामाजिक कार्यों से समाज को लाभ मिलता है। सीएसआर की ट्रेनिंग सुपरवाइजर संगीता कुमारी ने बताया कि 20 दिव्यांग बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिन्हें बाद में रोजगार से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा 15 दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र और यूडीआईडी कार्ड भी बनवाए गए है। इस मौके पर पंचायत मुखिया कृष्णा पाहन, भाजपा नेता राजन साहू, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र महतो, सीएसआर ट्रेनिंग सुपरवाइजर संगीता कुमारी, अमित मिश्रा, गिरिधर मिश्रा, विनोद अग्रवाल, नागेश्वर महतो, दया एक्का, पुरुषोत्तम मिश्रा, माधुरी देवी, शैलेश मिश्रा, राजेश यादव, उषा मार्टिन फाउंडेशन की मैनेजर प्रिया बागची, वरूण कुमार, मोनीत बृतकुमार, भुवनेश्वर महतो, संगीता कुमारी, मेवालाल महतो आदि मौजूद थे।

# वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कांफ्रेंस में मंत्रियों का जमावड़ा आज

**चान्हो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मदरसा चौक में शनिवार को ओलमा मिल्ली काउंसिल सहित अन्य सामाजिक संगठनों की ओर से आयोजित वक्फ बचाओ संविधान बचाओ कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है। जिसमें बिहार, झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के अमीर ए शरीयत मौलाना सैयद अहमद वली फैसल रहमानी,



इदारे शरिया से मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना तहजीबुल हसन, राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी, कल्याण मंत्री हफीजुल हसन, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, कांग्रेस नेता बंधु तिर्की, विधायक सुरेश कुमार बैठा, अजय नाथ शाहदेव, एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद शाकिर सहित झारखंड इमारत ए शरिया से मुफ्ती अनवर कासमी, झारखंड सादर मजलिस ए ओलमा झारखंड हज कमेटी के सदस्य साहिल अहमद आदि शामिल होंगे। मुत्तहिदा मिल्ली काउंसिल के केंद्रीय सचिव रहमतुल्लाह अंसारी ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि हाल ही में केंद्र सरकार की ओर से वक्फ कानून में बदलाव किए जाने के विरोध में पूरे देश में विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। ताकि केंद्र सरकार इसे वापस ले। कहा कि वक्फ संशोधन कानून धार्मिक संस्थाओं पर चोट ही नहीं, अल्पसंख्यकों के आत्मनिर्णय, स्वायत्तता की भावना को कुचलता है।

# वक्फ संशोधन कानून के खिलाफ हेसल में प्रदर्शन

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** वक्फ संशोधन कानून खिलाफ लगातार प्रदर्शन हो रहे हैं। मुस्लिम समाज के लोग सड़कों पर उतरकर हल्ला बोल रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद अनगड़ा के विभिन्न गांवों से सैकड़ों मुस्लिम समाज के लोग हेसल रिंग रोड के पास जमा हुए और वक्फ कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने कहा कि यह कानून देश को बांटने और संपत्तियों को कब्जाने की एक चाल है। लोगों ने वक्फ कानून को तत्काल वापस लेने की मांग की। प्रदर्शन में मुस्तफा अंसारी, मौलाना कलाम, इब्राहिम अंसारी, मिनहाज आलम, अमानत अंसारी, शौकत अंसारी, मंसूर अंसारी, बसारत अंसारी, अजीज अंसारी, अहमद अंसारी, रज्जाक अंसारी सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# विकसित भारत राष्ट्र निर्माण के संकल्प को पूरा करने के लिए बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना जरूरी है : डॉ अरुण मिश्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** रामगढ़ के चुट्टूपालु रामशोभा कॉलेज आफ एजुकेशन में 'मल्टीलिंगुअल स्ट्रेटजीज फार क्वालिटी एजुकेशन अंडर एनइपी 2020' विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अरुण मिश्रा के अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में नेहरु युवा केंद्र संगठन रामगढ़ के युवा प्रचारक नीतेश मोदी शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया एवं अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर अभिषेक कुमार पांडेय ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया। वहीं, व्याख्यान देते हुए डॉ अरुण मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत राष्ट्र निर्माण के



संकल्प को पूरा करने के लिए बहुभाषिकता को प्रोत्साहित करना जरूरी है। 80 प्रतिशत छात्र ग्रामीण क्षेत्रों से शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। उन्हें उनके मातृभाषा में विषय के प्रति अच्छी समझ विकसित होगी। आज की मांग है कि छात्रों में विषय के प्रति गुणवत्ता विकसित की जाये। इसके लिए स्कूली शिक्षा को उच्च शिक्षा के साथ मिलकर काम करना होगा। वहीं, महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ ज्योति वालिया ने कहा कि बहुभाषावाद को बढ़ावा देकर एनईपी 2020 एक अधिक समावेशी और विविध शिक्षा प्रणाली बनाने का लक्ष्य रखती है जो भारत की भाषाई विरासत को महत्व देती है। युवा प्रचारक नितेश मोदी ने कहा कि युवाओं को अपनी पेशेवर गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए अपनी मातृभाषा के साथ ही दूसरे भारतीय भाषाओं में पारंगत होना होगा। कार्यक्रम का संचालन बीएड के प्रशिक्षु शमा प्रवीण और टिकेश्वर महतो ने किया। जबकि धन्यवाद ज्ञापन व्याख्याता सुनीति बाला चंद्रा ने किया गया। इस मौके पर व्याख्याता शिवानी कुमारी, अनिल कुमार, मनोज कुमार और रविरंजन मिश्रा आदि उपस्थित थे।

# नौ साल बाद भी नहीं बना मॉडल स्कूल का भवन

## गरीब छात्रों का भविष्य अंधेरे में, जिम्मेदार उदासीन

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को अंग्रेजी माध्यम से बेहतर शिक्षा देने के लिए सरकार ने प्रखंड के टेरो राजकीय बुनियादी उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय परिसर में 2016 में करोड़ों रुपये की लागत से मॉडल स्कूल भवन निर्माण कार्य शुरू कराया था, लेकिन नौ वर्ष बीत जाने के बाद भी भवन निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। भवन निर्माण पूर्ण कराने को लेकर जिम्मेदार उदासीन हैं, वहीं, ग्रामीण निराश हैं। मॉडल स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के अभिभावक एवं ग्रामीण का कहना है कि अधूरा भवन रहने से आम जनता की राशि का दुरुपयोग हो रहा है। भवन बनने से इस स्कूल में पढ़नेवाले बच्चे-बच्चियों को मूलभूत सुविधाएं मिलती। बच्चों को अभी कोई सुविधा नहीं मिल रही है। बच्चे प्रतिदिन अपने घर से ही विद्यालय आना-जाना करते हैं, जबकि उन्हें आवासीय व्यवस्था के साथ स्कूल में ही रहकर पढ़ाई करनी है।



### कक्षा पांच और शिक्षक महज चार

**मॉडल स्कूल में फिलहाल कक्षा छह से लेकर 10 तक की पढ़ाई होती है। यानी कुल पांच कक्षाओं के लिए मात्र चार शिक्षक ही यहां कार्यरत हैं। विज्ञान एवं संस्कृत के शिक्षक ही नहीं है। बेहतर तरीके से पढ़ाई के लिए कम से कम विषय वार पढ़ाई के लिए यहां नौ शिक्षकों की आवश्यकता है। ऐसे में सवाल उठ रहा कि स्कूलों में बच्चों का सर्वांगीण विकास कैसे होगा। जब ये स्कूल ही दम तोड़ने लगे तो बच्चों का भविष्य कहां तक टिक पाएगें। प्रखंड के इस मॉडल स्कूल में ना शिक्षक है ना ही पुस्तक, ना ही भवन है और ना ही शैक्षणिक संसाधन। झारखंड सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में मेधावी छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा देने के लिए मॉडल विद्यालय बनाया है। कक्षा 6 से 10 तक के बच्चों के लिए बना यह मॉडल स्कूल अब बदहाली के आंसू रो रहा है।**

### सरकार उदासीन

केंद्रीय विद्यालय की तर्ज पर ग्रामीण क्षेत्र के मेधावी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में बेहतर शिक्षा देने के उद्देश्य से स्थापित मॉडल स्कूल सरकार की उदासीन रवैया के कारण आज बेकार साबित हो रहा है। स्थापना के दो दशक बाद भी प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रोजेक्ट बालिक विद्यालय परिसर में चल रहे मॉडल स्कूल के पास ना तो अपना भवन है ना ही पर्याप्त संख्या में शिक्षक ही है। मॉडल स्कूल जैसा कि नाम से किसी अच्छे भवन, बेहतर शिक्षण व्यवस्था, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की छवि मन में उभरती है। पर प्रखंड में चल रहे मॉडल स्कूल की स्थिति इससे बिल्कुल अलग है। यह बात और है कि संसाधनों के अभाव के बावजूद मॉडल स्कूल के बच्चे साल दर साल बेहतर रिजल्ट कर रहे हैं। फिर भी सरकार मॉडल स्कूलों की तरफ ध्यान नहीं दे रही है। वहीं, चालू सत्र में विद्यार्थियों की संख्या घटकर 108 रह गए हैं। शिक्षकों की कमी के कारण अभिभावक भी अब इस विद्यालय में अपने बच्चों को नामांकन करने से कतरा रहे हैं।

# महिला कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च



**नामकुम (आजाद सिपाही)।** टुपुदाना चौक पर रांची महानगर महिला कांग्रेस और रांची ग्रामीण महिला कांग्रेस के बैनर तले शुक्रवार शाम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में जन आक्रोश कैंडल मार्च निकाला गया। जिसकी अध्यक्षता महिला कांग्रेस प्रदेश महासचिव मीनू सिंह और प्रदेश उपाध्यक्ष सुंदरी तिर्की ने की। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय और आस-पास के ग्रामणों ने भाग लिया और आतंकियों के खिलाफ नारेबाजी करते हुए घटना पर गहरा दुख और रोष जताते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। मिनू सिंह ने बताया कि कश्मीर में आतंकी संगठन द्वारा किए गये। इस हमले में करीब 28 निर्दोष सैलानियों की बेरहमी से हत्या उनका मजहब देखकर एवं पूछकर की गयी। जबकि दर्जनों लोग गंभीर रुप से घायल हो गए है। इस निर्मम घटना ने पूरे देश के लोगों को झकझोर कर रख दिया है। कैंडल मार्च में मीनू सिंह, सुंदरी तिर्की, मेरी तिर्की, श्यामू बैक, अनु बैक, मुरलीधर कुमार, ज्योति देवी, नीतू पासवान के साथ सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# जल, जंगल और जमीन की रक्षा करना हम सभी का कर्तव्य है : भूषण तिर्की



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झामुमो के तत्वावधान में शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड स्थित पुरनापानी बाजार टांड़ में मांडर विधानसभा का कार्यकर्ता मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि गुमला के विधायक भूषण तिर्की शामिल हुए। उन्होंने कहा कि जल, जंगल एवं जमीन हमारी पूंजी है। यह पूर्वजों की विरासत है। इसे अक्षुण्ण बनाए रखना हमारा कर्तव्य है। कहा कि मांडर विधानसभा आंदोलनकारियों की भूमि है। झामुमो का बीजारोपण इस विधानसभा के पूर्व विधायक स्व विश्वनाथ भगत ने किया था। जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर मांडर विधानसभा में झामुमो को मजबूत बनाने एवं दल के कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान नगड़ी टोली एवं पुरियो पतराटोली महिला मण्डल को ओर से स्वागत गान और रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। मौके पर सहींद्र लकड़ा, पीटर तिर्की, मंगू लकड़ा, विमल उरांव, अमर टोप्पो, प्रदीप लकड़ा, बंधना उरांव, साधो उरांव, एल्विश बाड़ा, सुरेश बाड़ा, चुमानी उरांव, बादे लकड़ा, सरदार रंजीत सिंह, मालती उरांव, सुरेश उरांव और छोटे राम उरांव आदि मौजूद थे। वहीं समारोह की अध्यक्षता सहींद्र लकड़ा, संचालन मंजू उरांव और धन्यवाद ज्ञापन संतोष लकड़ा ने किया।

# पेड़ से झूलता युवक का अर्धनग्न शव बरामद

**नामकुम (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। लदनापीढ़ी स्कूल के पास नदी किनारे शुक्रवार की सुबह उसका शव रस्सी के सहारे पेड़ से लटकता पाया गया। उसकी पहचान खूंटी जिला के मारंगहादा जोजोहातू निवासी उचाब सिंह मुंडा (38) के रूप में हुई। इसकी सूचना मिलते ही नामकुम पुलिस मौके पर पहुंच गयी और शव को पेड़ से उतरवा कर पोस्टमार्टम के लिए रांची के रिम्स अस्पताल भेज दिया। उसका शव शव अर्धनग्न अवस्था में बरामद हुआ है। इसे लेकर कई तरह की आशंका व्यक्त की जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा कि उसकी हत्या की गयी है या उसने आत्महत्या की है। वहीं, थाना पहुंची मृतक की बेटी ने बताया कि उनके पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उनका इलाज चल रहा था। वह 24 अप्रैल की शाम घर से भाग गये थे। परिजनों ने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन उनकी कोई जानकारी नहीं मिली।

# वक्फ कानून और पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में मुस्लिम समाज ने किया प्रदर्शन



**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उरुगुट्टू बाजार टांड़ में शुक्रवार को वक्फ संशोधन कानून और जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के प्रतिवाद में शुक्रवार को सभा का आक्रोश व्यक्त किया। इसमें उरुगुट्टू पंचायत के साथ ही मालश्रृंग, काटमकुली, पतरातू और हेसलपीढ़ी पंचायत के मुस्लिम समुदाय के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत कुरान मजीद की तिलावत के साथ हुई, जिसके बाद प्रदर्शनकारियों ने कश्मीर के पहलगाम में मारे गए भारतीयों के लिए मौन रखकर दुआएं की। इसके बाद लोगों ने काले पट्टी बांधकर नमाज अदा की और वक्फ कानून के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। अपने संबोधन में जामा मस्जिद के इमाम मौलाना उजैर ने कहा कि किसी भी स्थिति में आतंकवादियों द्वारा किया गया कत्लेआम इस्लाम और मुस्लिमों को स्वीकार नहीं है। इस्लाम इसकी इजाजत नहीं देता है। वहीं, मौलाना सबीर अंसारी ने सभी लोगों से एकजुट होकर इस वक्फ संशोधन कानून के विरोध में आंदोलन तेज करने का आह्वान किया। वहीं, पूर्व जिप सदस्य हकीम अंसारी ने कहा कि हमारे हक और वजूद की लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक यह कानून वापस नहीं हो जाता। इस मौके पर ऐनुल हक अंसारी, उरुगुट्टू अंजुमन कमेटी के सदर अख्तर अंसारी, काटमकुली अंजुमन कमेटी के सदर समसुल हक, असीम अख्तर, मौलाना सरफुल हक नदवी, समीउल्लाह अंसारी आदि उपस्थित थे।

# आतंकी हमले को लेकर मुस्लिम समुदाय ने जताया आक्रोश

**रातू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के हाजी चौक में शुक्रवार को रातू प्रखंड अंजुमन इस्लामिया के नेतृत्व में विभिन्न मस्जिद कमेटियों के मुस्लिम समुदाय के लोगों ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये लोगों को श्रद्धांजलि दी। साथ ही पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाये। इस मौके पर झामुमो नेता कमरूल हक, प्रखंड अंजुमन रातू के सदर अताउल्लाह अंसारी, सचिव अनिसुल रहमान, उप सचिव मुख्तार अंसारी, कोषाध्यक्ष अजमुल हक, सैय्यद फिरोज आलम, एहसानुल हक, आजाद अंसारी, अलीहसन अंसारी, नजरूल हक, हाशिम मंसूरी, अब्दुल रहमान आदि मौजूद थे।

# पिठोरिया में निकाला गया आक्रोश मार्च

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले और सैलानियों की जाति-धर्म पूछकर चुन-चुन कर हत्या किये के विरोध में शुक्रवार को आक्रोश मार्च निकाला। जो महाराणा प्रताप चौक से शुरू होकर अंबेडकर चौक तक गया। इसमें शामिल सनातनियों ने आतंकियों और पाकिस्तान की कड़ी निंदा करते हुए उनके खिलाफ कठोर कदम उठाने की मांग की। साथ ही शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। आक्रोश मार्च में पिठोरिया महावीर मंडल, भाजपा और अन्य सनातन धर्मावलंबी संगठन शामिल थे।

# चान्हो में जिप सदस्य ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**चान्हो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बालसोकरा अंसारी मोहल्ला में जिला परिषद सदस्य आदिल अजीम ने 100 केवी ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। बताते चलें कि उक्त ट्रांसफार्मर काफी समय से खराब था, जिससे ग्रामीणों को काफी समय से परेशानी हो रही थी। ग्रामीणों ने जब आदिल अजीम को इसकी सूचना दी, तो उन्होंने तुरंत पहल करते हुए 24 घंटे के अंदर नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली आपूर्ति बहाल करा दी। इस मौके पर जमील अंसारी, मंजूर अंसारी, एमडी मतीन, नजीर आलम आदि मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शनिवार, 26 अप्रैल, 2025
www.azadsipahi.in



# पहलगाम घटना के विरोध में गुमला रहा बंद

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के विरोध में शुक्रवार को गुमला स्वस्फ्रूत बंद रहा। यह बंद विश्व हिंदू परिषद की गुमला जिला इकाई के द्वारा बुलाया गया था। जिसका समर्थन भारतीय जनता पार्टी और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी किया था। इस बंद में सभी राजनीतिक दलों ने भी बंद के समर्थन का आह्वान करते हुए बंद में सहयोग भी किया।

**शहर की दुकानों में लटके रहे तले :** शहर की सभी दुकानो में आहूत बंद के करण ताले लटके रहे। मेन रोड, सिसई रोड, थाना रोड, पालकोट रोड, लोहरदगा रोड और जशपुर रोड में बंदी के कारण दिन भर सन्नाटा पसरा रहा। आवश्यक सेवाओं में दवा की दुकानों को खुल रखा गया था।

**बसों का नहीं हुआ परिचालन :** गुमला शहर से आने जाने वाली कोई भी यात्री बस नहीं चली। सुबह 8:00 बजे से ही बसों के पहिए थमे रहे। स्थानीय ललित उरांव बस पड़ाव पर सन्नाटा पसरा रहा।

**मोटरसाइकिल पर घूम-घूम कर दुकानों को बंद कराते रहे विहिप कार्यकर्ता :** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मोटरसाइकिलों पर घूम-घूम कर दुकानों को बंद कराते रहे। मोटरसाइकिल में कार्यकर्ताओं का कई जत्था शहर और शहर के आसपास के गांव में दिनभर घूमता रहा। चिलचिलाती धूप में भी उनका उत्साह कम नहीं हुआ।

**जगह जगह पर टायर जला कर रास्ता किया गया अवरुद्ध :** विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह पर टायर जला कर आवागमन को विरुद्ध किया, और सुबह से ही बंद का माहौल बना दिया। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, हिंदुस्तान जिंदा, आतंकवाद मुर्दाबाद जैसे नारे भी लगाये।

**जुमा नमाज के पूर्व मस्जिदों से आतंकवाद के विरोध में हुए बयान :** बंद के दौरान गुमला शहर के सभी मस्जिदों में तय समय पर नमाज अदा की गयी। किसी भी प्रकार के धार्मिक कार्यक्रमों में कोई व्यवधान उत्पन्न करने का प्रयास नहीं किया गया। जुमा नमाज के पूर्व मस्जिदों से आतंकवावाद के विरोध में बयान किया गया। जुम्मा नमाज के बाद मुस्लिम समुदाय का मौन जुलूस आतंकवाद के विरोध में निकाला।

**शाम में खोली गयी सब्जी और किराना की दुकानें :** सुबह से लेकर शाम तक पूरे शहर सन्नाटा रहा। इक्का दुक्का मोटरसाइकिल और छोटी गाड़ियों के अलावा कुछ लोग शहर में पैदल चलते दिखायी दिये।

संध्या 5 से 6 बजे के आसपास में किराना और सब्जी की कुछ दुकान खोली गयी। कहीं से भी किसी अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं मिली।




## आतंकी हमला पर्यटकों पर नहीं, बल्कि पूरे भारत की आस्था पर है : बजरंग दल



घाघरा (आजाद सिपाही)। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हमले में निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया। जिससे पूरे देश में रोष फैल गया है। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के आहवाहन पर प्रखंड मुख्यालय पूर्ण रूप से बंद किया गया। सुबह से ही घाघरा के मुख्य बाजारों दुकानों प्रतिष्ठानों और व्यापारिक गतिविधियों पर विराम लग गया। बंद को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क दिखा। बंद को स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों का भी पूर्ण समर्थन मिला। मौके पर बजरंग दल के संयोजक ने कहा कि पहलगाम जैसे पवित्र स्थल पर आतंकी हमला केवल पर्यटकों और तीर्थयात्रियों पर नहीं बल्कि पूरे भारतवर्ष की आस्था पर हमला है। हम सरकार से मांग करते हैं कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों पर कठोर कार्रवाई की जाये।

## बिशुनपुर के व्यापारियों ने किया बंद का समर्थन




बिशुनपुर (आजाद सिपाही)। कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को पाकिस्तानी आतंकवादी यो के द्वारा पर्यटकों को धर्म पूछ पूछ कर गोली मारने की विरोध में शुक्रवार को बिशुनपुर बंद रहा। इस मौके पर बजरंग दल के द्वारा गुमला बंद के घोषणा होने पर बिशुनपुर के व्यापारियों ने बंद का समर्थन करते हुए स्वत अपने प्रतिष्ठान बंद रखा। मौके पर भाजपा नेता भिखारी भगत ने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा जिस प्रकार धर्म पूछ पूछ कर 28 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गयी जो काफी मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। उन्होंने कहा कि यह जघन्य अपराध है। हम सभी बिशुनपुर के लोग सरकार से यह मांग करते हैं कि जिस प्रकार हमारे देश के निर्दोष निहत्थे मासूम पर्यटकों को धर्म पूछ पूछ कर पाकिस्तानी आतंकवादियों के द्वारा गोली मारकर हत्या की गयी है उसी प्रकार सरकार पाकिस्तान के अंदर घुसकर नक्सलियों का निस्तानबूत मिटा दे।

## जुलूस निकाल कर पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया



सिसई (आजाद सिपाही)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में निर्दोष हिन्दू पर्यटकों की हत्या किए जाने के विरोध में शुक्रवार को सिसई में व्याप्त बंदी का असर और आतंकवादी घटना का भारी विरोध व रोष देखा गया। सबेरे से ही मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों के सभी समुदाय के लोगों ने अपनी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों को बंद रखा। हिन्दू संगठनों के द्वारा आहुत बंद का समर्थन अंजुमन कमिटि सिसई द्वारा भी किया गया था। आतंकवादी घटना के विरोध में शुक्रवार शाम पांच बजे प्रखंड मुख्यालय से बैनर -तख्ती, मशाल के साथ हजारों की संख्या में जुलूस निकाला और पाकिस्तान मुदाबार्द, निर्दोष हिन्दूओं की हत्या बंद करो सहित कई नारे लगाते हुए मेन रोड स्थित सिसई चौराहा पहुंची जहां पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया। वहीं जुलूस के दौरान बीडीओ रमेश कुमार यादव, सीओ नितेश रौशन खलखो, थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह सहित पुलिस प्रशासन भी गश्ती करते नजर आये।

## देश हित में साथ खड़ा है पक्ष-विपक्ष : रमेश

गुमला (आजाद सिपाही)। कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार चीनी ने पहलगाम हादसे पर दु:ख प्रकट किया है। कहा कि घटना की जितनी भी निंदा की जाए, वह कम है। उन्होंने इस हालात में विपक्ष की भूमिका की सराहना की है। कहा है कि देश हित के इस मामले में विपक्ष सरकार के साथ खड़ा है। यह दर्शाता है कि देश हित सर्वोपरि है और किसी भी शर्त पर आतंकवाद को बढ़ावा नहीं दिया जा सकता है। निश्चित इस बार मजबूत निर्णय के बूते 26 पर्यटकों के मौत का बदला लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि बंद का सभी ने समर्थन किया।


**कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा**
Email id- nagarparishadlohardaga@gmail.com
अति अल्पकालिन कोटेशन आमंत्रण सूचना
संख्या– 01/2025–26

इच्छुक अधिकृत फर्म/आपूर्तिकर्त्ता/निर्माता/विक्रेता निम्नांकित सामग्रियों से संबंधित अपनी कोटेशन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में समर्पित कर सकते है:–
विज्ञापनदाता का नाम :– प्रशासक, नगर परिषद, लोहरदगा।
कोटेशन प्राप्ति की तिथि एवं समय:– दिनांक– 06.05.2025 को 5:00 बजे अप0 तक।
कोटेशन खोलने की तिथि, समय एवं स्थान:– दिनांक– 07.05.2025 को 3:30 बजे अप0, नगर परिषद, लोहरदगा के सभा कक्ष में।

| Si No. | Particulars | Unit | Amount (Rs.) |
|---|---|---|---|
| 1. | 32mm G.I. pipe in 3 mtrs. Length(medium) with seamless socket as per relevent B.I.S specification | Per Piece | |
| 2. | Connecting Rod 3mtr. Long with coupling and nut (Electrogaivanized) | Per Piece | |
| 3. | 32 mm Dia PVC Column | Per Piece | |
| 4. | चैन (Heavy Duty) | Per Piece | |
| 5. | Cylinder Assembly complete set Mark-II) C.I | Per Piece | |
| 6. | Cylindr Assembly complete set Mark-II) Brass | Per Piece | |
| 7. | Plunger Brass (S.S) for Mark-II | Per Piece | |
| 8. | Cylinder check Valve Brass Mark -II | Per Piece | |
| 9. | Connecting Rod (S.S) Mark-II 2 फीट (स्टील) | Per Piece | |
| 10. | वासर Mark II लेदर रिलेक्सो | Per Piece | |
| 11. | वासर Mark II रबर | Per Piece | |
| 12. | लिमर वासर रबर | Per Piece | |
| 13. | Cylinder check Valve रबर | Per Piece | |
| 14. | सिलेन्डर कैप वासर रबर | Per Piece | |
| 15. | एकसल स्टील (Heavy Duty) | Per Piece | |
| 16. | पाईप सॉकेट 32 mm G.I | Per Piece | |
| 17. | रड़ सॉकेट 12mm G.I. | Per Piece | |
| 18. | वाटर टैंक Mark II G.I. | Per Piece | |
| 19. | उपर बॉडी H.B | Per Piece | |
| 20. | लिमर Brass | Per Piece | |
| 21. | चैन नटवोल्ट | Per Piece | |
| 22. | नटवोल्ट 12mm | Per Piece | |
| 23. | पैंडेस्टल (बैरल) G.I. | Per Piece | |
| 24. | I.S.I. mark Deep Well Hand pump for India mark-2 I..S.I 15500 (part2) /2004 with latest revision including 12mm X 3meter long 8 no. Connecting Rods made of bright bar electro-galvanized fitted with coupler & normal stand assembly ecommended for use with cylinder assembly suitable for bore well dia 100 to 125mm casing pipe. | Per Piece | |
| 25. | पाईप रिंच नं0–24 | Per Piece | |
| 26. | पाईप रिंच नं0–18 | Per Piece | |
| 27. | पाईप रिंच नं0–14 | Per Piece | |
| 28. | पाईप रिंच नं0–12 | Per Piece | |
| 29. | पाईप रिंच नं0–10 | Per Piece | |
| 30. | पाईप माईस 32 mm Rinch | Per Piece | |
| 31. | डाई 15mm,20mm,25mm | Per Piece | |
| 32. | डाई 32 mm | Per Piece | |
| 33. | रड़ डाई 12mm | Per Piece | |
| 34. | चैन रिंच 24 | Per Piece | |
| 35. | साईज रिंच 19, 17 | Per Piece | |
| 36. | रिंग रिंच 19–17 | Per Piece | |
| 37. | रिंग रिंच 19–18 | Per Piece | |
| 38. | HDPE रोल पाईप 20mm | Per Piece | |
| 39. | Pipe Lifter 32 MM | Per Piece | |
| 40. | PVC Column Pipe 32 MM | Per Piece | |
| 41. | ट्रांसपती ब्लेड | Per Piece | |
| 42. | Sintex 4 Layer 1000 Ltr | Per Piece | |

नोट:– नियम एवं शर्ते कार्यालय नगर परिषद, लोहरदगा के सूचना पट्ट एवं https://udhd.jharkhand.gov.in/ पर देखा जा सकता है।
प्रशासक
नगर परिषद, लोहरदगा
PR 351052 Lohardaga(25-26)D


## पहलगाम आतंकी हमले को मुस्लिमों ने कायराना और शर्मनाक बताया



सिसई (आजाद सिपाही)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले को लेकर प्रखंड के मुस्लिम समुदाय में आतंकियों के विरुद्ध भारी रोष व्याप्त है। समाज के लोगो ने घटना की भर्त्सना व मजमत करते हुए हमले को बेहद कायराना और शर्मनाक बताया। मुस्लिम समाज के लोगो ने शुक्रवार को स्वत: अपनी अपनी व्यवसायिक प्रतिष्ठान को बंद रखकर हिन्दू समाज के द्वारा आहूत सिसई बंद का समर्थन किया। साथ ही मेन रोड स्थित जामा मस्जिद में जुम्मे की नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोगो ने कम्युनिटी हॉल में प्रेस–वार्ता कर आतंकियों के विरुद्ध अपना रोष प्रकट और मृतकों के प्रति मुस्लिम समाज के तरह से गहरी संवेदना ब्यक्त किया। अंजुमन फलाहुल मुस्लिमीन के सदर सलमान अली, प्रवक्ता महमूद आलम, मुफ़्ती राशिद कलाम, पूर्व सदर अब्दुल रब, मदरसा सचिव हाजी मोबिन, हाजी माशूक, मो तैयब, मो अमजद, मो इरशाद, मो सौकत आदि दर्जनों लोगों ने कहा कि आतंक वादियों ने जिस तरह से निहत्थे लोगों को उनका धर्म पूछकर मारा यह कायर आतंकवादियों का इस्लाम को बदनाम करने और हिंदुस्तान के सौहार्द, शांति और मोहब्बत को खत्म करने की एक गहरी साजिश है। सभी ने घटना को कायराना और बेहद शर्मनाक करार देते हुए इसकी निंदा की और हमला को इंसानियत के खिलाफ एक संगीन गुनाह बताते देते हुए उन्होंने भारत सरकार से आतंकियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग किया है ताकि आतंकी दुबारा भारत पर नजर उठाकर देखने की हिम्मत न करें।

# पहलगाम हादसे के विरोध में मुस्लिमों ने निकाला मौन जुलूस

हाथों में पट्टी बांधकर जताया विरोध

हजारों मुस्लिम हाथों में तख्ती लेकर जुलुस में हुए शामिल




आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** कश्मीर के पहलगाम में आतंकी बर्बरता में मारे गये भारतीय नागरिकों की मौत पर अंजुमन इस्लामिया गुमला ने संवेदना व्यक्त की। शुक्रवार को जुमा नमाज में जहां देशप्रेम, अमन, शांति और भाइचारे के लिए दुआ की गयी वहीं नमाज के फौरन बाद पहलगाम हमले के विरोध में मौन जुलूस निकाला गया। इस घटना में मारे गये लोगों की आत्मा की शांति के लिए स्थानीय टावर चौक में दो मिनट का मौन धारण किया गया। हाथो में हिंदुस्तान जिंदाबाद, पाकिस्तान मुर्दाबाद, दहशतगर्दी मुर्दाबाद, बेकसूर लोगों को मारना बंद करो आदि तख्तियां लेकर चल रहे थे। जुलूस का नेतृत्व अंजुमन इस्लामिया ने किया। जुलूस थाना रोड स्थित जामा मस्जिद से निकल कर टावर चौक पहुंचा। पहलगाम में मारे गये लोगों के प्रति अपनी संवेदना शोक प्रकट करते हुए लोगों ने हाथों में काली पट्टी बांधकर विरोध मार्च में शामिल हुए। मौके पर अंजुमन इस्लामिया के सदर मुशाहिद आजमी ने कहा कि पहलगाम में जो आतंकियों द्वारा हमला कर 26 लोगों की हत्या कर दी गयी यह बहुत ही दर्दनाक और निंदनीय घटना है जिला भर के तमाम अंजुमन इस्लामिया के इस घटना को लेकर अपना शोक प्रकट किया है। इस तरह की हरकत करने वाले को मुस्लिम समाज किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं करेगा। सदर पम्मू ने कहा कि अंजुमन इस्लामिया उन सैंकड़ों मुस्लिमों का आभार व्यक्त करती है कि जिन्होंने अपनी जान की बाजी लगा कर हजारों पर्यटकों की जान को सुरक्षित रखा। आतंकियों के आतंक की अंजुमन इस्लामिया ने कड़े शब्दों में निंदा की। दुख के इस बेला में हम सभी मुस्लिम समुदाय शोकाकुल परिवार के साथ है और ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि परिवार को शांति दे। इस मौके पर पूर्व अंजुमन इस्लामिया के सेक्रेटरी शहजाद अनवर, न्यू वर्तमान नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर, समाजसेवी हसन उर्फ लड्डन, अफसर आलम, सरवर आलम, खुर्शीद आलम, उर्फ पप्पू आदि ने घटना को लेकर कहा है कि भारत सरकार आतंकवादियों पर लगाम लगाये और जो हमारे देश के भाइचारा और अखंडता को बिगड़ने की कोशिश कर रहा है उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जा सके।

## ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति की बैठक



घाघरा (आजाद सिपाही)। ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति की बैठक हिंडालको कर्मियों के साथ सीओ कार्यालय में आयोजित की गयी। बैठक में समिति के सदस्यों ने 18 सूत्री मांग को लेकर अपने प्रस्ताव रखें। जिस पर हिंडालको प्रबंधन द्वारा कोई ठोस पहल उक्त प्रस्ताव को लेकर नहीं किया गया। जिस पर बैठक असफल रहा। ऑल बॉक्साइट माइंस जनाधिकार संघर्ष समिति के संरक्षक शिवकुमार भगत टुनटुन ने कहा कि हिंडाल्को के पास मूलभूत सुविधा के साथ–साथ कई मांग रखी गयी। लेकिन सभी मांगों पर हिंडालको प्रबंधन द्वारा कोई भी ठोस पहल नहीं की गयी। जिसके कारण प्रस्तावित आगामी 27 अप्रैल से बिमरला बॉक्साइट माइंस अनिश्चितकालीन बंदी होगी। वहीं शिवकुमार भगत ने कहा कि हिंडालको कंपनी द्वारा मूलभूत सुविधा शिक्षा स्वास्थ्य साथ ही ट्रकों में उपचालक सहित कई प्रस्तावित मांगों को हिंडालको प्रबंधन के पास रखा गया। लेकिन प्रबंधन द्वारा नहीं माना गया। जिसे लेकर पूर्व प्रस्तावित अनिश्चितकालीन बंदी होगी। मौके पर अंचलाधिकारी आशीष कुमार मंडल, समिति के अध्यक्ष राजीव उरांव, विनोद राम, रूबेन किंडो, सचिन साहु, सुमंत ठाकुर हिंडालको प्रबंधन के सदस्य उपस्थित थे।

## सीसीकरमटोली में धूमधाम से मना सरहुल

गुमला (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड अंतर्गत सीसीकरमटोली गांव मे सरहुल का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सीसीकरमटोली गाव के बैगा पहान उत्तम कुमार के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर गांव के सुख, समृद्धि, शांति, स्वस्थ जीवन और अच्छी बारिश की कामना की गयी ताकि पृथ्वी पर रहने वाले सभी मानव के साथ–साथ जीव जंतु भी आनंद पूर्वक जीवन यापन कर सके। आगे पहान ने कहा कि सरहुल दो शब्दों से मिल कर बना है सर का अर्थ सरई अर्थात सखुआ (साल पेड़) के फूल, फल से होता है जबकि हूल का अर्थ क्रांति से है। इस प्रकार सखुआ के फूलों की क्रांति को सरहुल के नाम से जाना जाता है। सरहुल पर्व में प्रकृति को महत्व दिया जाता है और इसे धरती माता की पूजा के रूप में भी मनाया जाता है। वही मौके पर अध्यक्ष प्रवेश नंद, उपाध्यक्ष परसुराम बड़ाईक, सदस्य संजय बड़ाईक, पप्पु नगेसिया, रविंद्र बैगा, पुरुषोतम नगेसिया, सुदर्शन बैगा, प्रकाश बड़ा, उमेश गिरि, सनीष नायक सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

# गुमला बंद पर लायंस क्लब ने यात्रियों के लिए शरबत और पानी की व्यवस्था की



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला बंदी के दौरान, लायंस क्लब ऑफ गुमला ने महाबीर चौक में बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए सत्तू का शरबत एवं ठंडे पानी की व्यवस्था की। इस पहल का उद्देश्य यात्रियों को गर्मी और प्यास से राहत प्रदान करना था, जो बंदी के कारण दुकानें और होटल बंद होने के कारण परेशान थे। क्लब की इस पहल से यात्रियों को गर्मी और प्यास से राहत मिली और उन्हें अपनी यात्रा जारी रखने में मदद मिली। इस अवसर पर लायंस क्लब ऑफ गुमला के अध्यक्ष राजकुमार लाल अग्रवाल, सचिव अशोक कुमार जायसवाल, कोषाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, प्रथम उपाध्यक्ष मुरली मनोहर प्रसाद, एमजेएफ डॉक्टर शंकर लाल जाजोदिया समेत कई सदस्य उपस्थित थे।

# कांग्रेसियों ने पहलगाम हमले में मारे गये लोगों को दी श्रद्धांजलि



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 25 अप्रैल 2025 को जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा पहलगाम दिवंगत आत्माओं की शांति शोक सभा एवं कैंडल मार्च शहीद चौक मे दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर जिलाध्यक्ष चैतु उरांव ने कहा कि जिला कांग्रेस कमिटी गुमला जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में हुए भयावह आतंकी हमले पर गहरा शोक और कड़ी निंदा व्यक्त करती है। इस जघन्य हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गयी और 20 से अधिक गंभीर रूप से घायल हो गये। कांग्रेस कमिटी सभी शोकसंतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट करती है और इस गहन पीड़ा की घड़ी में उनके साथ पूरी तरह से एकजुटता के साथ खड़ी है। यह कायराना और सुनियोजित आतंकी हमला की साजिश पाक रची गयी, हमारे गणराज्य के मूल्यों पर सीधा हमला है। हिंदू नागरिकों को जानबूझकर निशाना बनाना पूरे देश में भावनाएं भड़काने की एक सोची-समझी साजिश थी। हम इस गंभीर उकसावे के बावजूद शांति बनाये रखने की अपील करते हैं और संकट की इस घड़ी में हमारी सामूहिक शक्ति को दोहराते हैं। कांग्रेस पार्टी शांति की अपील करती है और सीमा-पार आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ता और एकता के साथ लड़ने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध है।


**कार्यालय : जिला परिषद, चतरा।**
(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

जिला परिषद चतरा द्वारा प्रखण्ड टण्डवा मे निर्मित न्यू डाकबंगला को एक वर्ष के लिए बंदोबस्ती /लीज पर उपलब्ध कराया जाना है। परिसम्पति विवरणी निम्नवत् हैः–

| क्र.स. | जिला परिषद द्वारा निर्मित भवन | क्षेत्रफल | बन्दोबस्ती की सुरक्षित राशि एक वर्ष का | जमानत की राशि तीन माह का |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2 | न्यू डाकबंगला टण्डवा | 3876 sqft | 120000 | 36000 |

अतएव सूचित करना है कि दिनांक 09/05/2025 को 3:00 बजे अपराह्न में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, चतरा के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा उपरोक्त परिसम्पतियों के बन्दोबस्ती प्रक्रिया की जायेगी।
जो व्यक्ति बन्दोबस्ती में भाग लेना चाहते हैं आवेदन के साथ 5000.00 (पॉच हजार) रू0 का बैंक डॉफ्ट जो उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी जिला परिषद, चतरा के पदनाम से देय हो जमा कर निम्नलिखित शर्तो का अनुपालन करते हुए निर्धारित समय पर डाक में भाग ले सकते हैं,जो लौटाया नहीं जायेगा।

शर्त :–
1. बन्दोबस्ती एक वर्ष के लिए की जायेगी।
2. डाक बोलने वाले को डाक में भाग लेने हेतु कॉलम–5 में वर्णित राशि जमानत के रूप में बैंक ड्राफ्ट द्वारा उप विकासआयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालकपदाधिकारी,जिलापरिषद,चतरा के पदनाम से जिला परिषद, कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा। असफल जमाकर्ताओं की जमानत की राशि वापस कर दी जायेगी।
3. उच्चतम बोली द्वारा निर्धारित राशि पर बंदोबस्तीधारी को सरकार द्वारा निर्धारित GST भुगतान करना होगा।
4. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को अपना पहचान पत्र /पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
5. बन्दोवस्तधारी द्वारा सभी शर्तो को पुरा करने की स्थिति में निबंधित एकरारनामा किया जाना अविवार्य होगा। एकरारनामा के पश्चात् डाकबंगला आवंटित होगा।
6. बन्दोबस्तीधारी को बन्दोबस्ती राशि का 25% जमानत राशि एवं 25% भवन का संचालन हेतु एकरारनामा के समय जमा करना अनिवार्य होगा।
7. निर्धारित निबंधन एवं एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
8. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।
9. किसी भी प्रकार का विवाद होने पर चतरा जिला अन्तर्गत न्यायालय के jurisdictionमें सुनवाई होगी।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।
PR 351101 (District) 25-26 (D)



**झारखण्ड सरकार**
**उपायुक्त– सह –दण्डाधिकारी का कार्यालय,लातेहार**
e-mail- dmo-latehar@jharkhandmail.gov.in
(खनन शाखा)

**माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची द्वारा वाद संख्या–5927/2024 में दिनांक 24.02.2025 को पारित आदेश के अनुपालन में सूचन NIC लातेहार के बेबसाईट पर अपलोड करने से संबंधित।**

**आम सूचना।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि लातेहार जिलान्तर्गत वैसे निबंधित सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (जिनका कोयला खनिज का वार्षिक खपत 10,000 MTतक हो) जो कोयला मंत्रालय, भारत सरकार के नई कोयला वितरण नीति, 2007 के तहत झारखण्ड राज्य खनिज विकास निगम लि0, डोरण्डा राँची से कोयला प्राप्त करने के लिए आवेदन आमंत्रित से संबंधित सूचना प्रकाशन करने का निदेश प्राप्त हुआ है।
इच्छुक आवेदक अपने आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करते हुए अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।
1. Copy of PAN
2. GSTIN Certificate
3 Income Tax return of preceding Assessment Year
4. Bankers Certificate with attested photo and signature of the applicant
5. CTO from State Pollution Board (JSPCB)
6. Capacity Assessment Certificate issued by MSME, Kokar/Dhanbad.
7. Electricity Bill of last three months/Diesel Bill, if operated by Generator set.
8. Entrepreneurs Memorandum (Udyog/Udyam Aadhar)
9. Audited Financial Statement of last 3 (three) Financial Years (in case of old entities)
10. Any of the Government Identity Proof of Proprietor/Partner (as applicable) (Aadhar/Passport/Voter ID etc.)
11. Food & Drug Administration Permit (FSSAI License) for food product/edible Oil and similar industries.
12. Copy of Board Resolution/Letter of authorization for Authorised Signatory, in case of company/ partnership firm including LLP.
13. Notarized copy of Partnership Deed/Article of Association (as applicable)
14. EPFO registration details (as applicable)
15. Self Declaration of not having coal linkage from any coal companies.
16. Stock Statement issued by a Chartered Accountant

उपायुक्त,
लातेहार।
PR 351095 (Mines and Geology) 25-26 (D)

# फरियादी ने पत्नी पर लगाया जालसाजी कर एलआइसी के रुपये गबन करने का आरोप

## एडीएम ने जनता दरबार लगा कर सुनी लोगों की शिकायतें, दिये जांच के निर्देश

**कहा- सात साल पहले उसे छोड़ कर जा चुकी है पत्नी, एजेंट, डेवलपमेंट ऑफिसर और शाखा प्रबंधक की मिली भगत से की जालसाजी**

आजाद सिपाही संवाददाता



जनता दरबार लगा कर लोगों की शिकायतें सुनते एडीएम पीयूष सिन्हा।

**धनबाद।** एडीएम (कानून व्यवस्था) पीयूष सिन्हा ने शुक्रवार को जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं-शिकायतें सुनी। इस बीच जनता दरबार में कतरास से आए व्यक्ति ने बताया कि उसकी पत्नी ने धोखाधड़ी एवं जालसाजी कर एलआईसी पॉलिसी से 40,409 रुपए का गबन कर लिया है। पीड़ित ने बताया कि पत्नी सात साल पहले उसे छोड़कर घर से चली गई है। एक दिन उनके मोबाइल पर एलआईसी का भुगतान कर देने का मैसेज आया। जब एलआईसी के कतरास ब्रांच में जाकर पूछताछ की तो पता चला कि एलआईसी एजेंट, डेवलपमेंट ऑफिसर और शाखा प्रबंधक की मिली भगत से उनकी पत्नी ने जाली कागजात बनवाकर रुपए का गबन किया है। आवेदन में उसके फर्जी हस्ताक्षर और उसका पुराना फोटो लगाकर एक एफिडेविट भी दिया था। पीड़ित ने एडीएम से न्याय दिलाने की गुहार लगाई है। वहीं, बैंक मोड़ से आई एक महिला ने बताया कि उसकी बहू उसे आएदिन प्रताड़ित करती है। घर में भी जाने से रोकती है। जबकि जमीन और मकान उसके पति ने खरीदा है। बहू की प्रताड़ना से परेशान होकर पति-पत्नी बस्ताकोला रहने चले गए हैं। जब वे अपने घर में जाने का प्रयास करते हैं तो बहू लड़ाई-झगड़ा कर उन्हें घर में घुसने नहीं देती है। इसके अलावा जनता दरबार में बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के सामने सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने, सेवानिवृत्ति का लाभ दिलाने, जमीन पर जबरन कब्जा करने, वार्ड 23 में नाली का निर्माण कराने, रजिस्ट्री और म्यूटेशन हो जाने के बाद भी बिल्डर द्वारा जमीन का कब्जा नहीं देने और सरकारी तालाब का जीर्णोद्धार कराने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा नियाज अहमद और जनशिकायत कोषांग के प्रधान लिपिक नंदकिशोर कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# फिल्मी अंदाज में कार से बियर की तस्करी की कोशिश, पुलिस ने जब्त की 30 पेटी बियर

## पुलिस को चकमा देकर बाइक से फरार हुए आरोपी

आजाद सिपाही संवाददाता



**राजगंज।** थाना क्षेत्र में फिल्मी अंदाज में बियर की तस्करी की कोशिश किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि पुलिस ने तस्करों के मंसूबों पर पानी फेरते हुए कार सहित 30 पेटी बियर भी जब्त कर ली है। हालांकि तस्कर पुलिस को चकमा देते हुए अपने अन्य साथी की मदद से बाइक पर सवार होकर वहां से भागने में सफल रहे।

जानकारी के मुताबिक बियर की तस्करी किये जाने की मिली गुप्त सूचना के बाद राजगंज थाना प्रभारी अलीशा अग्रवाल ने गुरुवार की रात चाली बंगला के समीप छापामारी कर एक कार से भारी मात्रा में बियर की पेटी जब्त की है। बताया जा रहा कि कार के आगे जा रही बाइक को पुलिस रोकने की कोशिश कर रही थी। पर वह भाग निकला। इस बीच बाइक के पीछे आ रही कार के चालक ने पुलिस को देखते ही कार रोक दी। इसके बाद उस पर सवार दो लोग सड़क की दूसरी ओर भाग निकले। इस बीच पहले भागी बाइक भी सड़क की दूसरी ओर खड़ी थी। जिसपर कार से भागे दोनों लोग भी सवार होकर भाग निकले। इसके बाद पुलिस ने जब कार की जांच की, तो उसमें से 24 पेटी बोतल बियर और छह पेटी कैन बियर बरामद हुई, जिसे जब्त कर लिया गया। साथ ही कार से तीन मोबाइल फोन, सिम कार्ड और पर्स सहित कई कागजात भी जब्त किये गये। इस संबंध में राजगंज थाना प्रभारी ने बताया कि इस संबंध में तीन नामजद संजय कुमार, सोनू कुमार और सुमित गुप्ता के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी गयी है।

# कथारा महाप्रबंधक ने किया प्रवेश द्वार निर्माण कार्य का शिलान्यास



**कथारा/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कथारा महाप्रबंधक कार्यालय के समीप मुख्य सड़क पर बनने वाले प्रवेश द्वार के क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय कुमार ने शुक्रवार को शिलान्यास किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि इस प्रवेश द्वार के बनने से दूर से यहां आने वाले अधिकारियों, व्यवसायियों और आम जनों को एहसास होगा कि क्षेत्र अपने आप में अलग पहचान बनाए हुए हैं। साथ ही प्रवेश द्वार के बनने से इसकी भव्यता में चार चांद लग जाएगा। बतातें चलें कि 17 लाख 38 हजार रुपये की लागत से उक्त प्रवेश द्वार का निर्माण होना है। इस मौके पर महाप्रबंधक (विद्युत एवं यांत्रिक विभागाध्यक्ष) विपिन कुमार, विभागाध्यक्ष कार्मिक एवं प्रशासन रामानुज प्रसाद, विभागाध्यक्ष असैनिक संजय सिंह, विभागाध्यक्ष योजना एवं परियोजना, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक राजीव रंजन, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी सुनील कुमार गुप्ता, सेफ्टी अधिकारी राजकुमार वर्णवाल, क्षेत्रीय सर्वेक्षण अधिकारी बीके मजूमदार, असैनिक अभियंता मोहम्मद फिरदौस, कृष्ण मोहन, सुजीत कुमार, महाप्रबंधक के तकनीकी सहायक राहुल कुमार सिंह, महाप्रबंधक के वरीय निजी सहायक निरंजन विश्वकर्मा आदि उपस्थित थे।

# श्रीराम सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में निकाला कैंडल मार्च, मृतकों को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**धनबाद।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में श्री राम सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह एवं समाजसेवी दिलीप सिंह की अगुवाई में सदस्यों-लोगों ने शुक्रवार को कैंडल मार्च निकाल कर विरोध जताया। साथ ही मारे गये पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ ही पाकिस्तान सेना के प्रमुख असीम मुनीर का पुतला दहन किया। इस बाबत उदय प्रताप सिंह ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले में सैलानियों की मौत से देश के लोगों में आक्रोश है। कहा कि निर्दोष पर्यटकों की हत्या आतंकवाद की घृणित मानसिकता और उसके मानवता विरोधी स्वरूप को उजागर करता है। निर्दोष लोगों पर कायराना हमला निंदनीय है। आतंकियों को फांसी की सजा दी जाए। वहीं, दिलीप सिंह ने भी आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। कहा कि यह इंसानियत की हत्या है। मानवता को शर्मसार करने वाली घटना है। केंद्र सरकार से हमले के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करते है। वहीं, पप्पू सिंह ने कहा कि पहलगाम में आतंकी हमले की घटना बेहद शर्मनाक हैं। इस मौके पर संतोषी आनंद, भारती दुबे, इंदु सिंह, रीना श्रीवास्तव, पप्पू सिंह, हरीश सिंह, बिशु सिंह, संजय सिंह, सरोज सिंह, जीरखान सिंह, अभिषेक सिंह, शुभम सिंह, गौरव सिंह, अविनाश सिंह, हर्षू, पिंटू मोदी, अमित सिंह, मनोज राय, केशव, शशि सिंह और अनिल अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

# सेंट मैथ्यू स्कूल में विश्व मलेरिया दिवस पर चलाया गया जागरूकता कार्यक्रम

**महुआटांड़/बेरमो (आजाद सिपाही)।** ललपनिया स्थित सेंट मैथ्यू स्कूल में शुक्रवार को विश्व मलेरिया दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान शिक्षिका अनिता कुमारी एवं शिक्षक मुकेश कुमार ने बच्चों को मलेरिया से बचाव को लेकर आवश्यक जानकारी दी। बताया कि प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। भारत के विभिन्न सरकारी अस्पताल एवं विभागों में इस संबंध में कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इसका उद्देश्य मलेरिया के नियंत्रण और उन्मूलन के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना है। यह दिन मलेरिया के बारे में जागरूकता बढ़ाने और लोगों को इस रोग के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

**कार्यालय : जिला परिषद,चतरा**
**(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)**

–:रद्द संबंधी सूचना:–

इस कार्यालय पत्रांक 1605/जि0प0, दिनांक 09.12.2024 द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई0निविदा आमंत्रण सूचना सं0–19/24–25 (PR No. 341571 District (24-25) # D) को अपरिहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद,चतरा

PR 351075 District(25-26).D

# धनबाद रेल मंडल में चलाये गये टिकट जांच अभियान में 262 बेटिकट रेलयात्री पकड़े गये

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** रेल मंडल में टिकट जांच को लेकर रेलवे सख्त रवैया अपनाये हुए है। इसी कड़ी में शुक्रवार को धनबाद रेलवे स्टेशन पर मजिस्ट्रेट एवं सहायक वाणिज्य प्रबंधक की निगरानी में सुबह सात बजे से शाम सात बजे तक व्यापक टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान धनबाद स्लीपर की एलआर, चेकिंग स्टाफ और महिला जांच दस्ते ने स्टेशन के सभी प्रवेश द्वार एवं निकासी मार्गों पर मोर्चा संभालते हुए प्रत्येक आने-जाने वाले यात्रियों के टिकट की जांच की। इस दौरान कुल 262 यात्री पकड़े गये। इनमें से अधिकांश के पास टिकट ही नहीं था, जबकि कुछ बिना उचित प्राधिकार और बिना बुक किये सामानों को साथ यात्रा कर रहे थे। उन सभी से एक लाख 40 हजार 60 रुपये की जुर्माना राशि वसूली गयी। साथ ही यात्रियों को हिदात दी गयी कि भविष्य में उचित टिकट के साथ ही यात्रा करें।

# पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वालों को मुस्लिम समाज ने दी श्रद्धांजलि




**झरिया (आजाद सिपाही)।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में गत 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के विरोध में शुक्रवार को झरिया के शिमला बहाल बस्ती में मुस्लिम समाज ने जुम्मे की नमाज के बाद श्रद्धांजलि अर्पित की। कौमी पंचायत कमेटी और रहबर पंचायत कमेटी के लोग नमाज के बाद एक जगह जमा हुए और मृत पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आतंकियों को कड़ी सजा देने की मांग की।

**समाहरणालय, लातेहार**
**(सामाजिक सुरक्षा कोषांग)**

**आम सूचना**

"झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना" के लाभार्थियों का जिनका बैंक खाता आधार लिंक्ड है उनका भुगतान माह अप्रैल 2025 से किया जाना है। जिन लाभुकों का आधार लिंक नहीं है वैसे लाभुकों को सूचित किया जाता है कि एक सप्ताह के अन्दर अपने बैंक खाता से आधार लिंक कराने की कार्रवाई करेंगे अन्यथा माह अप्रैल 2025 से उनका मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की राशि भुगतान लंबित हो जायेगा।

सहायक निदेशक,
सामाजिक सुरक्षा कोषांग,
लातेहार।

PR.NO.351085 District(25-26):D

# अवैध खनन और ओबी डंपिंग पर रोक लगाने को लेकर टास्क फोर्स की बैठक

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बलियापुर अंचल कार्यालय में शुक्रवार को अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण की रोकथाम को लेकर अंचल स्तरीय माइनिंग टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ प्रवीण कुमार सिंह ने की। बैठक में क्षेत्र में हो रहे अवैध खनन और वन भूमि पर ओबी डंपिंग के गंभीर मुद्दों पर चर्चा करने के साथ ही कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। बैठक में बताया गया कि गोल्डी पहाड़ी, गोकुल पथ, बिल थोड़ा और सुरंगा क्षेत्र में हो रही ओबी डंपिंग से स्थानीय लोगों की सुरक्षा खतरे में हैं। बीसीसीएल प्रबंधन को निर्देशित किया गया कि वे तत्काल प्रभाव से सर्वे कर यह बताये कि कितने परिवार प्रभावित हो रहे हैं। उनकी रिपोर्ट सीओ कार्यालय को सौंपे। वहीं, बीसीसीएल प्रबंधन ने जानकारी दी कि पहाड़ीगोड़ा क्षेत्र में अवैध उत्खनन की सूचना है। जिस पर सीआइएसएफ, बीसीसीएल थाना एवं अंचल प्रशासन की संयुक्त टीम कार्रवाई कर रही है। इसके अलावा झरिया एवं बलियापुर अंचक के संयुक्त बैठक की योजना बनायी गयी।

# मरीज से मिलने आये लोगों ने फुसरो अनुमंडलीय अस्पताल के कर्मियों के साथ की मारपीट, हंगामा

## पुलिस ने अस्पताल पहुंच कर मामला शांत कराया, तीन युवकों को पकड़ा

आजाद सिपाही संवाददाता



**फुसरो/बेरमो।** फुसरो स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में मरीज से मिलने आये लोगों ने शुक्रवार की दोपहर हंगामा करते हुए अस्पताल कर्मियों के साथ मारपीट की। इसकी सूचना मिलते ही बेरमो पुलिस मौके पर पहुंच गयी। इस दौरान अस्पताल के सामने अफरा-तफरी का माहौल दिखा। इसके बाद बेरमो पुलिस ने अस्पताल के सामने से भीड़ को हटाया। वहीं, अस्पताल के कर्मी ड्रेसर आशुतोष शर्मा एवं गार्ड मजहर इमाम ने बताया कि 12 से 15 की संख्या में लोग एक साथ अस्पताल में प्रवेश किये। इस पर गॉर्ड मजहर इमाम ने इतनी संख्या में लोगों के इस तरह अस्पताल में आने का कारण पूछा तो कथित रूप से उसके साथ लोग उलझ गये और पारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव को आये ड्रेसर आशुतोष शर्मा के अलावा कई अन्य कर्मियों के साथ भी पारपीट की गयी। बताया कि मरीज सुभाष नगर निवासी सोहन ठाकुर का बेटा अंशु कुमार उर्फ सुमित ठाकुर के दोस्तों ने कर्मियों के साथ मारपीट और हंगामा किया है। पता चला है कि मरीज सोहन ठाकुर को मधुमक्खियां ने काट लिया था। जिस कारण उसे शुक्रवार की दोपहर अनुमंडल अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। इसके कुछ देर बाद ही उसका पुत्र अंशु के 12-15 दोस्त आकर अस्पताल के अंदर हंगामा करने लगे। एक साथ जाने का विरोध करने पर कर्मियों के साथ मारपीट भी की। जिसकी सूचना तत्काल अस्पताल कर्मियों ने तुरंत बेरमो पुलिस को दे दी। इसके बाद बेरमो पुलिस पहुंचकर उन युवकों में से रोशन सिंह, ओम सिंह सहित एक अन्य युवक को पकड़ कर थाने ले गयी। जबकि अन्य भागने में सफल रहे। उनमें से एक युवक का फोन अस्पताल में भर्ती मरीज के पुत्र के पास रह गया है। इस दौरान अस्पताल कर्मियों ने पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगायी है।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय,**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, कोडरमा**

पत्रांक ................................/ दिनांक ............................ /

निविदा आमंत्रण सूचना सं0 **04/2025–26**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता :– कार्यपालक अभियन्ता, भवन प्रमंडल, कोडरमा ।
2. परिमाण विपत्र की ब्रिकी की तिथि एवं समय :– 13.05.2025 को 1.00 बजे अपराहन् तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 14.05.2025 को 3.00 बजे अपराहन तक ।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 14.05.2025 को 3.30 बजे अपराहन ।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय। ख. अधीक्षण अभियन्ता, भवन अंचल,हजारीबाग का कार्यालय ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– क. कार्यपालक अभियंता भवन प्रमण्डल, कोडरमा का कार्यालय।
7. **कार्य की विवरणी** :–

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य सामाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of 200MT Godown in Satgawan Block at Dist-Koderma | 6,39,252.00 | 1250.00 | 13000.00 | 2 Month |
| 2 | Renovation of 200 MT Godown at Jainagar Block at Dist-Koderma | 8,63,765.00 | 1250.00 | 18000.00 | 2 Month |
| 3 | Renovation of 500MT Godown in Jainagar Block at Dist-Koderma | 24,69,125.00 | 5000.00 | 50000.00 | 4 Month |
| 4 | Renovation of 500MT Godown in Satgawan Block at Dist-Koderma | 19,31,691.00 | 5000.00 | 39000.00 | 3 Month |
| 5 | Renovation of 1000MT Godown in Chandwara Block at Dist-Koderma | 16,24,717.00 | 5000.00 | 33000.00 | 3 Month |
| 6 | Renovation of 1000 MT Godown-1 in Domchanch Block at Dist-Koderma | 15,79,586.00 | 5000.00 | 32000.00 | 3 Month |
| 7 | Renovation of 1000MT Godown in Jainagar Block at Dist-Koderma | 15,45,494.00 | 5000.00 | 31000.00 | 3 Month |
| 8 | Renovation of 1000MT Godown in Markacho Block at Dist-Koderma | 17,52,520.00 | 5000.00 | 36000.00 | 3 Month |
| 9 | Renovation of 1000MT Godown in Satgawan Block at Dist-Koderma | 16,71,116.00 | 5000.00 | 34000.00 | 3 Month |
| 10 | Renovation of 1000MT Godown-2 in Domchanch Block at Dist-Koderma | 16,61,711.00 | 5000.00 | 34000.00 | 3 Month |
| 11 | Renovation of 200MT Godown in Koderma Block at Dist-Koderma | 19,29,418.00 | 5000.00 | 39000.00 | 4 Month |
| 12 | Construction of Boundary wall with Concertina Coil Fencing over boundary for Krishi Vigyan Kendra Koderma at Jainagar Block Koderma Dist | 45,00,000.00 | 5000.00 | 90000.00 | 6 Month |
| 13 | Renovation of Labour Welfare Centre Jhumri Telaiya at Koderma | 24,43,987.00 | 5000.00 | 49000.00 | 4 Month |
| 14 | Construction of PCC Approach Road from Main Gate to Labour Welfare Centre & Labour Superintendent Office Building in Campus of Labour Office Koderma | 15,85,359.00 | 5000.00 | 32000.00 | 3 Month |
| 15 | Laying of Cement Concrete Interlocking paver block near in front of Labour Welfare Centre & Labour Superintendent Office Building in Campus of Labour Office Koderma | 24,70,200.00 | 5000.00 | 50000.00 | 3 Month |
| 16 | Construction of 200 feet Boundary wall Raising of Existing Boundary wall and Repair and Painting of Old Existing Boundary wall of Labour Office Koderma | 22,14,900.00 | 5000.00 | 45000.00 | 4 Month |
| 17 | Renovation of Labour Superintendent Office Building & Construction of Flag Hosting Platform at Koderma Dist | 24,34,188.00 | 5000.00 | 49000.00 | 4 Month |

निविदा की शर्तें को www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियन्ता,
भवन प्रमण्डल, कोडरमा

PR.NO.351021 Building(25-26):D

### मुख्यमंत्री ने दी मंजूरी, कहा, ओड़िशा को एक आदर्श राज्य बनाना है उद्देश्य

# ओड़िशा के पुलिसकर्मियों का वर्दी भत्ता दोगुना, प्रोत्साहन राशि भी बढ़ी





**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** राज्य पुलिस बल को और अधिक दक्ष बनाने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने पुलिस कर्मियों के भत्ते और प्रोत्साहन राशि में वृद्धि की है। निर्णय के अनुसार, कांस्टेबल से लेकर इंस्पेक्टर तक पुलिस कर्मियों का पोशाक भत्ता दोगुना कर दिया गया है। इंस्पेक्टर का वस्त्र भत्ता 4,300 रुपये से बढ़ाकर 8,600 रुपये प्रति वर्ष, सब इनस्पेक्टर और एएसआई का 4,200 रुपये से बढ़ाकर 8,400 रुपये प्रति वर्ष, हवलदारों, कांस्टेबलों और सिपाहियों का 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये प्रति वर्ष तथा विशेष बल के एक्स-आर्मी कर्मियों का भत्ता 5,900 रुपये से बढ़ाकर 11,800 रुपये प्रति वर्ष कर दिया गया है। इस पद पर समान रैंक के कर्मचारियों और अधिकारियों को भी यह भत्ता मिलेगा। इसी प्रकार कांस्टेबलों, सिपाहियों और समान रैंक के कार्मिकों के लिए अतिरिक्त ड्यूटी वार्षिक प्रोत्साहन राशि बढ़ाकर अधिकतम 25 हजार रुपये कर दी गयी है। इसके अतिरिक्त, हवलदार और समकक्ष रैंक के कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त ड्यूटी वार्षिक प्रोत्साहन राशि को बढ़ाकर अधिकतम 30 हजार रुपये कर दिया गया है।

भत्ते और प्रोत्साहन में इस राशि वृद्धि से उत्साहित कांस्टेबल, हवलदार और सिपाही संघ के कार्यकर्ताओं ने लोक सेवा भवन में मुख्यमंत्री मोहन माझी से मुलाकात की और आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने संघ कार्यकर्ताओं को आगामी दिनों में कुशलतापूर्वक कार्य करने तथा राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को बेहतर बनाने की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने बैठक में उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों को राज्य के लोगों की अपेक्षाओं और आशाओं पर खरा उतरने तथा शांति श्रृंखला के क्षेत्र में ओड़िशा को एक आदर्श राज्य बनाने में योगदान देने की सलाह दी। विशेष रूप से मुख्यमंत्री ने इस बात पर ध्यान देने की सलाह दी कि कैसे असहाय लोगों को जल्द से जल्द मदद मिले, कैसे कमजोरों को तत्काल सुरक्षा कैसे मिले, सभी थानों में एफआइआर शीघ्र प्राप्त हो और उन एफआइआर पर समय पर जांच कैसे हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ओड़िशा पुलिस बल को कुशल और अनुशासित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वर्तमान में राज्य पुलिस बल में लगभग 16,000 पद रिक्त हैं तथा 16,059 नये पद सृजित करने का निर्णय लिया गया है। एक बार ये पद भर दिये जाये तो राज्य की जनसंख्या के अनुपात में पुलिस की तैनाती काफी बढ़ जायेगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस बल को और अधिक कुशल बनाने के लिए अधिकारियों को अन्य राज्यों में जाकर वहां के प्रबंधन तरीकों को अपनाने की आवश्यकता पर भी बल दिया। बैठक का शुरूआत में पुलिस महानिदेशक वाइबी खुरानिया ने किया और स्वागत भाषण देते हुए पुलिस बल के विभिन्न वर्गों को सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार द्वारा हाल ही में उठाये गये कदमों के लिए मुख्यमंत्री का धन्यवाद किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव मनोज आहूजा, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव निकुंज बिहारी धल, गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव सत्यव्रत साहू और वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। कांस्टेबल, हवलदार और सिपाही महासंघ के सभापति अनिल कुमार संढ ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। एसोसिएशन के संपादक किशोर कुमार महांति और अन्य सदस्य भी उपस्थित थे।

# सुभद्रा योजना ओड़िशा में एक करोड़ से अधिक महिलाओं तक पहुंच चुकी है : उप मुख्यमंत्री

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** महिला और बाल विकास के आनुकूल्य में शुक्रवार को भुवनेश्वर में आयोजित मीडिया से साक्षात्कार कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री प्रभाती परिडा ने सुभद्रा योजना के सफल कार्यान्वयन के लिए मीडिया प्रतिनिधियों को धन्यवाद दिया। इस योजना को और बेहतर बनाने के लिए उनसे विचारपूर्ण फीडबैक प्राप्त किया। श्रीमती परिडा ने कहा कि सुभद्रा योजना के एसओपी और दिशा-निर्देशों को घर तक फैलाने और जन जागरूकता पैदा करने में मीडिया की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। मीडिया प्रतिनिधियों के विभिन्न प्रश्नों का उत्तर देते हुए श्रीमती परिडा ने आश्वासन दिया कि उनके सुविचारित सुझावों पर आगे कार्य किया जायेगा। उपमुख्यमंत्री ने बहुत ही कम समय में एक करोड़ से अधिक लाभार्थियों को सुभद्रा योजना से जोड़ने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों, जमीनी स्तर पर काम करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और मो सेवा केंद्रों और जन सेवा केंद्रों के कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने कार्यक्रम में भाग लिया और मीडिया प्रतिनिधियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रमुख मीडिया संगठनों के 200 वरिष्ठ पत्रकार, संपादक और रिपोर्टर शामिल हुए। इसके साथ ही अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं विकास आयुक्त अनु गर्ग ने कार्यक्रम में भी भाग लिया और सुभद्रा से संबंधित विभिन्न प्रश्नों के उत्तर दिये। इस कार्यक्रम में महिला और बाल विकास विभाग की निदेशक मोनिषा बनर्जी और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने ट्रांसफार्मर का किया उद्घाटन



**राजधनवार (आजाद सिपाही)।** भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने शुक्रवार को धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में लोगों की समस्याओं का मौके पर निदान किया। इससे पूर्व उन्होंने पहलगाम में हुई आतंकी हमले की कड़ी निंदा की। इससे पूर्व धनवार प्रखंड क्षेत्र के उपरैली प्रधान डीह में भाजपा के युवा नेता उपेंद्र सिंह के नेतृत्व में ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। लगभग एक माह पूर्व गांव का ट्रांसफार्मर जल गया था। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी श्री सिंह को दी तो उन्होंने विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर नया ट्रांसफार्मर दिलाया। बिजली बहाल होने से ग्रमीणों ने श्री सिंह का आभार व्यक्त किया। इसके बाद श्री सिंह धनवार के भूधरणी में डॉ भाभा के डायरेक्टर रविंद्र नाथ सिंह के बेटे का तिलकोत्सव में भाग लिया। कहा कि देश में आतंकियों को चिन्हित कर कड़ी सजा दी जानी चाहिए। मौके पर आनंद सिंह, परमेश्वर साव, सुखदेव साव, अजय साव, मंडल अध्यक्ष अशोक राय, श्याम सिंह, संजय ठाकुर, अजय सिंह, सुरेंद्र साव, मनोज सिंह, जागेश्वर तुरी, प्रकाश दास, मुरारी राय सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**